# जागृति टाइम्स

पटना 11 नवंबर, शुक्रवार 2022

• वर्ष: 38 • अंक : 286 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 2.00 • आर.एन.आई.नं. : 44293/85

पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक | एक अखबार संपूर्ण बिहार | हिन्दी दैनिक


# साइबर हमला व सूचना युद्ध उभरते खतरे

## सूचना युद्ध किसी देश की राजनीतिक स्थिरता को खतरे में डाल सकता है

**नयी दिल्ली एजेन्सी** । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से साइबर हमलों और सूचना युद्ध जैसे गंभीर उभरते खतरों से निपटने के लिए मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया है। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) कोर्स के दीक्षांत समारोह में सशस्त्र सेनाओं, सिविल सेवाओं के साथ-साथ मित्र देशों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि सूचना युद्ध किसी देश की राजनीतिक स्थिरता को खतरे में डाल सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार का पूरा ध्यान राष्ट्रीय सुरक्षा पर है और देश की पूर्ण क्षमता का उपयोग तभी किया जा सकता है जब उसके हितों की रक्षा की जाए। सभ्यता के फलने-फूलने और समृद्ध होने के लिए सुरक्षा अपरिहार्य है।

श्री सिंह ने आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के बीच घटते अंतर का उल्लेख करते हुए कहा कि बदलते समय के साथ खतरों के नए आयाम जुड़ रहे हैं, जिन्हें श्रेणीबद्ध करना मुश्किल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद, जो आमतौर पर आंतरिक सुरक्षा का विषय है, अब बाहरी सुरक्षा की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है, क्योंकि इसे फैलाने वाले संगठनों का प्रशिक्षण, वित्तपोषण और उन्हें हथियारों की आपूर्ति देश के बाहर से की जा रही है है।

### बोले राजनाथ

- सरकार का पूरा ध्यान राष्ट्रीय सुरक्षा पर
- राष्ट्रीय सुरक्षा को जीरो-सम-गेम नहीं माना जाना चाहिए

साइबर हमलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऊर्जा, परिवहन, सार्वजनिक क्षेत्र की सेवाएं, दूरसंचार, महत्वपूर्ण विनिर्माण उद्योग और परस्पर जुड़ी हुई वित्तीय प्रणालियां ऐसे खतरों से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि सूचना युद्ध किसी देश की राजनीतिक स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और



अन्य ऑनलाइन कंटेंट जेनरेशन प्लेटफार्मों का संगठित उपयोग जनता की राय और दृष्टिकोण को व्यावहारिक बना रहा है।

रक्षा मंत्री ने कहा, सूचना युद्ध का प्रसार रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष में सबसे स्पष्ट था।

पूरे संघर्ष के दौरान, सोशल मीडिया ने दोनों पक्षों के लिए युद्ध के बारे में प्रतिस्पर्धी वृतांत का प्रसार करने और अपनी शर्तों पर संघर्ष को चित्रित करने के लिए युद्ध के मैदान के रूप में कार्य किया है।

वृतांतों को आकार देने की रणनीति के साधन के रूप में प्रचार अभियान युद्ध के दौरान किसी भी तरह से नए नहीं हैं, लेकिन प्राथमिक वितरण चैनल के रूप में सोशल मीडिया की ओर बढ़ने के कारण इसकी पहुंच का तेजी से विस्तार हुआ है। श्री सिंह ने सुरक्षा को सही मायने में सामूहिक जरूरत बताते हुए इसके लिए वैश्विक व्यवस्था की वकालत की। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा को जीरो-सम-गेम नहीं माना जाना चाहिए।

हमें सभी के लिए फायदेमंद स्थिति पैदा करने का प्रयास करना चाहिए। हमें संकीर्ण स्वार्थ से निर्देशित नहीं होना चाहिए जो लंबे समय के लिए फायदेमंद नहीं है। हमें प्रबुद्ध स्वार्थ द्वारा निर्देशित होना चाहिए जो संकट के लिए टिकाऊ और लचीला हो।

रक्षा मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे कई बहुपक्षीय संगठन सुरक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, लेकिन इसे सभी के लिए साझा हितों और सुरक्षा के स्तर तक बढ़ाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, 'मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण दूसरों की कीमत पर नहीं होगा, बल्कि हम अन्य देशों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने में मदद करने में विश्वास करते हैं। भारत ऐसी विश्व व्यवस्था में विश्वास नहीं करता है जहां कुछ देश अपने को दूसरों से श्रेष्ठ मानते हैं।

## इंग्लैंड से हारा भारत, रोते दिखे कप्तान



**नई दिल्ली, एजेन्सी** । टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हारने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को डगआउट में रोता देखा गया है। इस शर्मनाक हार के बाद कप्तान की आंखें नम थी। भारत ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में बोर्ड पर 6 विकेट के नुकसान पर 168 रन लगाए थे।

इस स्कोर को इंग्लिश टीम ने जोस बटलर और ऐलेक्स हेल्स की तूफानी पारियों के दम पर मात्र 16 ही ओवर में हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। इंग्लैंड अब 13 नवंबर को मेलबर्न में खिताबी जंग के लिए बाबर आजम की पाकिस्तान से भिड़ेगी।

इंग्लैंड के खिलाफ इस करारी हार के बाद सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें सामने आई जिसमें कप्तान रोहित शर्मा डग आउट में नम आंखों के साथ बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने यह पहला टी20 वर्ल्ड कप खेला था और इस तरह टीम का बाहर होना सच में दिल तोड़ देने वाला है। भारत ने टूनामेंट का आगाज शानदार अंदाज में पाकिस्तान पर जीत के साथ किया था। सुपर-12 में मात्र एक मैच हारकर भारत सेमीफाइनल में पहुंचा था। मगर यहां इंग्लैंड के शानदार खेल ने टीम इंडिया को टूनामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया।

## एक नजर

### कुएं में गिरने से दो युवकों की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**मीरजापुर (आरएनएस)**। बीती देर रात को विंध्याचल स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित कुएं में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार थाना विंध्याचल क्षेत्रांतर्गत जितेन्द्र उर्फ मैनेजर पुत्र गुलाब निवासी घमहापुर 19 वर्ष व मिथुन वर्मा पुत्र दुर्गा प्रसाद वर्मा निवासी बंगाली चौराहा 22 वर्ष जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विंध्याचल परिसर में स्थित कुएं में बीती रात गिर गये। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल मय पुलिस बल मौके पर पहुंचकर जितेन्द्र व मिथुन वर्मा को कुआं से बाहर निकालकर इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र विंध्याचल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां पर इलाज के दौरान दोनों युवकों को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। थाना विंध्याचल पुलिस द्वारा दोनों मृतक युवकों के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर मौजूद है।

### तालिबान का फरमान, महिलाओं के पार्क और जिम जाने पर रोक लगाई

**काबुल** । अफगानिस्तान में तालिबान ने फरमान जारी करते हुए महिलाओं के पार्क औऱ जिम जाने पर रोक लगा दी है। कहा जा रहा है कि उन पर इस दिशा में भी कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए जाएंगे। अभी तक वहां की सरकार की तरफ से इस आदेश को लेकर ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई है। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता ने सिर्फ इतना बताया है कि अब से महिलाओं के पार्क जाने पर कुछ प्रतिबंध लगाए जाएंगे। काबुल में तो अभी से महिलाओं को पार्क जाने से रोका जा रहा है। वहां पर महिलाओं के साथ-साथ बच्चों को भी पार्क में खेलने नहीं दिया जा रहा। एक महिला के मुताबिक वे अपनी पोती के साथ पार्क आई थीं, लेकिन तालिबान के अधिकारियों ने पार्क में एंट्री ही नहीं लेने दी। इस वजह से उन्हें वापस घर लौटना पड़ा।

### जी20 समिट में नहीं जाएंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन, बाइडेन ने भी रखी थी शर्त

**मास्को**। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन जी20 में शामिल नहीं होंगे। जी20 समिट इंडोनेशिया के बाली में 15-16 नवंबर को होना है। पुतिन की जगह रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव वर्चुअली शामिल होंगे। हालांकि इंडोनेशिया में रूसी एंबेसी के चीफ ऑफ प्रोटोकॉल यूलिया टॉम्स्काया ने कहा- हम कोशिश कर रहें है कि पुतिन भी वर्चुअली शामिल हो सकें। बता दें कि बाइडन ने पहले ही साफ कर दिया था कि अगर पुतिन अगर बाली आए, तब भी वे उनसे अलग से मुलाकात नहीं करेंगे। जबकि अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बावजूद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने संकेत दिया है कि बाली में उनकी बाइडन के साथ द्विपक्षीय वार्ता हो सकती है। पुतिन के बाली जाकर जी20 में शामिल नहीं होने का फैसला ऐसे समय लिया गया है जब रूसी सेना यूक्रेन के साथ हो रही जंग में पिछड़ रही है। जी-20 देशों के समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

### जदयू के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का बड़ा बयान; कहा- बिहार में शराबबंदी सफल नहीं

**बिहार**। जदयू के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में शराबबंदी सफल नहीं है। जनता जब तक नहीं चाहेगी तब तक शराबबंदी सफल नहीं होगी। सिर्फ सरकार के कहने से शराबबंदी सफल नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि पीने और बेचने वालों के बीच एक कड़ी होती है। यह कड़ी तोड़ दिया जाए, तो ऐसे ही रास्ता रुक जाएगा। बिहार में शराब बिक्री बंद हो जाए तो लोग शराब पीना छोड़ देंगे।

### पटना में भाई ने भाई को मारी गोली, मौत

**पटना**। पटना के फतुहा स्थित विक्रमपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर भाई ने भाई को गोली मार दी। घटनास्थल पर ही जख्मी की मौत हो गई। दरअसल, दोनों के बीच 12 कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने 2 लोगों को हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल है।

## राजस्थान में पहली बार ई-मेल से रुक गया चुनावः काउंटिंग के दौरान HC ने रद्द किया इलेक्शनं

**जयपुर, एजेंसी**। हाईकोर्ट का आदेश आने के बाद सौम्या गुर्जर, उनके पति राजाराम गुर्जर और बेटे ने ताली-थाली बजाकर खुशी मनाई। गुरुवार को दोपहर के 12 बजे का समय था। जयपुर ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय में मेयर चुनने के लिए भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों वोटिंग कर चुके थे। काउंटिंग शुरू हो गई थी। करीब आधे घंटे बाद फैसला आने वाला था। तभी एक ई-मेल आया और काउंटिंग रोक दी गईं।राजस्थान के इतिहास में यह पहला मौका था, जब एक ई-मेल के कारण काउंटिंग रोककर मतपेटियां फिर से सील कर दी गईं। ये ईमेल किसने भेजा था, किसके पास भेजा था और मेयर का चुनाव क्यों हो रहा था। यह सब हम सिलसिलवार बताएंगे, लेकिन सबसे पहले जानते हैं कि चुनाव क्यों हो रहे थे।

**सरकार ने सितंबर में मेयर बर्खास्त किया था** - 27 सितंबर को जयपुर ग्रेटर नगर निगम की



तत्कालीन मेयर सौम्या गुर्जर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर सरकार ने बर्खास्त कर दिया था। सौम्या भाजपा से हैं और राज्य सरकार कांग्रेस की है। इसके बाद राज्य चुनाव आयोग ने नए मेयर के चुनाव की घोषणा की।

**भाजपा ने रश्मि और कांग्रेस ने हेमा को प्रत्याशी बनाया** - सौम्या गुर्जर ने बर्खास्तगी के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई। उनकी जगह भाजपा ने रश्मि सैनी को प्रत्याशी बनाया। वहीं, कांग्रेस ने हेमा सिंघानिया को उम्मीदवार बताया। हेमा का दावा था कि उनके साथ कांग्रेस के 49 और 5 निर्दलीय पार्षद हैं। BJP से असंतुष्ट पार्षद भी उनके साथ हैं। जबकि, रश्मि अपनी पार्टी के 85 पार्षद एकजुट होने के दावे के साथ जीत तय मान रही थीं।

**चुनाव की जगह सौम्या ने हाईकोर्ट में लड़ी लड़ाई** - सौम्या गुर्जर को सरकार ने बर्खास्त किया था। वे इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट चली गईं। सौम्या गुर्जर की याचिका पर हाईकोर्ट के जस्टिस महेंद्र गोयल ने मेयर को बर्खास्त करने का सरकार का आदेश रद्द कर दिया। उन्होंने सरकार को नया आदेश लाने का निर्देश दिया।

**काउंटिंग चल रही थी, तभी आया फैसला** - सौम्या गुर्जर की बर्खास्तगी के आदेश पर हाईकोर्ट ने दोपहर 12 बजे के आसपास ही रोक लगा दी थी, लेकिन इसका लिखित आदेश नहीं आया था। उधर ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय में वोटिंग चल रही थी, हाईकोर्ट का लिखित आदेश आने से पहले ही रिजल्ट आने की संभावना थी। इसी दौरान काउंटिंग शुरू हो गई। सौम्या गुर्जर के वकील एमएस सहारण ने दोपहर 1 बजे राज्य निर्वाचन आयुक्त और रिटर्निंग ऑफिसर को ई-मेल किया और हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए चुनाव प्रक्रिया रोकने का आग्रह किया। राज्य निर्वाचन आयोग ने ई-मेल मिलने के कुछ ही देर बाद काउंटिंग रोककर मतपेटियां सील करा दीं।

**पहला मौका जब वोटों की गिनती शुरू होने के बाद रोक लगी** - ग्रेटर मेयर के लिए दोपहर तक सभी 146 पार्षद वोटिंग कर चुके थे। काउंटिंग चल रही थी। लेकिन, रिजल्ट से ठीक पहले चुनाव प्रक्रिया रोकी गई। हालांकि हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई, लेकिन उसके आदेश से हालात ऐसे पैदा हो गए कि राज्य निर्वाचन आयोग के पास चुनाव प्रक्रिया रोकने के अलावा कोई चारा नहीं था।

### मालदीव आग में 9 भारतीयों समेत 11 की मौत

## बिल्डिंग के गैरेज में आग लगी; 9 लोग अभी भी लापता, 28 को बचाया गया



**माले, एजेंसी**। मालदीव के माले शहर में गुरुवार को एक बिल्डिंग के गैरेज में आग लग गई। इस हादसे में 9 भारतीयों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। गुरुवार सुबह यानी आज आग पर काबू पाया गया, जिसके बाद ये जानकारी सामने आई है।

**पुलिस ने कहा-** देर रात करीब 12:30 बजे हमें एक बिल्डिंग में आग लगने की खबर मिली। हम तुरंत मौके पर पहुंचे। दमकल की गाड़ियां भी बुलाई गईं। आग ग्राउंड फ्लोर पर बने गैरेज में लगी, जो काफी भीषण थी। इसकी लपटें पहली मंजिल तक पहुंच गईं। देखते ही देखते पूरी इमारत जल गई।

**बिल्डिंग में माइग्रेंट वर्कर्स रहते थे-** एक पुलिस ऑफिसर ने कहा- बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर माइग्रेंट वर्कर्स रहते थे। सभी प्रवासी भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका के रहने वाले थे। हादसे में एक बांग्लादेशी प्रवासी की भी मौत हुई है। इस इमारत में तीसरी बार आग लगी है। 2 महीने पहले ही यहां आग लगी थी। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (MNDF) की फायर एंड रेस्क्यू सर्विस के मुताबिक, 28 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 9 लोग अब भी लापता हैं। वहां कुल कितने लोग थे, इसकी जानकारी नहीं है।

**गैरेज में कई तरह की गैस रखी थीं** - पुलिस ऑफिसर ने कहा- फिलहाल आग लगने की वजह का पता नहीं चल सका है। हालांकि गैरेज में कई तरह की गैस रखी हुई थी। जिससे शायद आग लगी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही आग लगने की असली वजह का पता चल पाएगा।

**मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है** - एक दमकल कर्मी ने कहा- आग बहुत तेजी से फैली। लोगों को बचने का मौका ही नहीं मिला। ब्लिडिंग के अंदर जाने वाले दरवाजे पर आग लगी थी। हमारे लिए अंदर जाना मुश्किल हो रहा था। इसलिए एक छोटी सी खिड़की से लोगों को बाहर निकाला गया। हम बिल्डिंग में मौजूद सभी लोगों को बचा नहीं पाए। उन्होंने कहा- हमें फर्स्ट फ्लोर से 7 लोगों के शव मिले।

2 लोग घायल थे उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। एक की रास्ते में मौत हो गई और दूसरे की इलाज के दौरान मौत हुई। इसके बाद दमकलकर्मियों को 2 और लाशें मिली। अब तक कुल 11 लोगों की मौत हुई है। लेकिन मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

## यूक्रेन ने यूरोपीय संघ के सहायता पैकेज का स्वागत किया

**कीव एजेन्सी**। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेंलेस्की ने यूरोपीय आयोग के यूक्रेन के लिए अगले साल के लिए अठारह अरब यूरो तक के समर्थन पैकेज के प्रस्ताव के निर्णय का स्वागत किया है। श्री जेलेंस्की ने ट्वीट किया '2023 के लिए अठारह अरब यूरो की वित्तीय सहायता पैकेज की घोषणा करने के लिए यूरोपीय आयोग और उसकी अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन का आभारी हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह यूक्रेन के साथ यूरोपीय संघ की सच्ची एकजुटता को दर्शाता है। इससे पहले दिन में यूरोपीय आयोग ने यूक्रेन को सहायता पैकेज देने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि प्रति माह औसतन 1.5 अरब यूरो की सहायता से यूक्रेन को 2023 के लिए अपनी अल्पकालिक वित्त पोषण जरूरतों के एक महत्वपूर्ण हिस्से को पूरा करने में मदद मिलेगी।

## 5 लाख के लिए मगध हॉस्पिटल के गार्ड का अपहरण

**पटना**। पटना में मगध हॉस्पिटल के सिक्युरिटी गार्डसुमन कुमार का अपहरण कर लिया गया था। उसे एक बन्द कमरे में रखा गया था। वहां उसके साथ मारपीट की गई थी। फिर उसकी मां को कॉल कर रुपए मांगे जा रहे थे। मामला पत्रकार नगर थाना का है। पूरा मामला 5 लाख रुपए के कर्ज से जुड़ा है। इस प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो सगे भाइयों समेत कुल 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। सुमन का अपहरण तब हुआ जब 8 नवंबर की रात अपनी ड्यूटी खत्म कर वो वापस घर लौट रहा था। इसे 5 लोगों ने मिलकर राजेंद्र नगर टर्मिनल के पास से अपने कब्जे में लिया था। टर्मिनल के पास में ही सुमन अपने परिवार के साथ किराए पर रहता है।

## लालू को किडनी दे सकती हैं बेटी रोहिणी सब ठीक रहा तो इसी महीने होगा ट्रांसप्लांट

**पटना, जागृति संवाददाता**। लालू प्रसाद को उनकी बेटी रोहिणी आचार्या किडनी दे सकती हैं। जानकारी मिल रही है कि सिंगापुर के डॉक्टरों ने जांच के बाद लालू को किडनी ट्रांसप्लांट की अनुमति दे दी है। रोहिणी आचार्या सिंगापुर में ही रहती हैं और इसके लिए लालू प्रसाद की तो जांच हुई ही साथ ही रोहिणी आचार्या की भी जांच की गई थी। पिछले महीने लालू प्रसाद सिंगापुर गए थे। जानकारी है कि इस महीने लालू फिर से सिंगापुर जा सकते हैं और किडनी ट्रांसप्लांट करवा सकते हैं।

**कोर्ट से अनुमति के बाद फिर से सिंगापुर जाएंगे** - लालू प्रसाद किडनी, शुगर, हार्ट के साथ ही कई बीमारियां हैं। इसलिए किडनी ट्रांसप्लांट के लिए उन्हें ज्यादा



ऐहतियात की जरूरत पड़ेगी। दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की निगरानी में लालू प्रसाद का इलाज चल रहा है। एम्स के डॉक्टरों से सलाह लेने के बाद ही लालू प्रसाद को इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया था। अक्टूबर माह में लालू प्रसाद ने सिंगापुर जाकर इलाज करवाया। वहां उन्हें कई जांच से गुजरना पड़ा। अभी वे दिल्ली में अपनी बड़े बेटी मीसा भारती के आवास पर रह रहे हैं। लालू प्रसाद के साथ मीसा भारती भी सिंगापुर गयी थीं। फिर से सिंगापुर जाने के लिए उन्हें कोर्ट से अनुमति लेनी होगी।

**24-25 नवंबर से पहले फिर से सिंगापुर जाएंगे लालू प्रसाद** - जानकारी है कि 24-25 नवंबर से पहले लालू प्रसाद फिर से सिंगापुर जा सकते हैं। रोहिणी आचार्या सिंगापुर में ही अपने पति के साथ हैं। लालू प्रसाद पिछली बार गए थे तो रोहिणी आचार्या के यहां ही ठहरे थे। सूत्र बताते हैं कि लालू प्रसाद को बेटी रोहिणी आचार्या से किडनी लेने के लिए मनाया जा रहा है। बता दें कि किडनी ट्रांसप्लांट के मामले में डॉक्टर इस पर ज्यादा जोर देते हैं कि परिवार का कोई सदस्य किडनी डोनेट करे तो ज्यादा बेहतर होता है।

## इमरान की धमकी : हत्या की साजिश में शामिल एक और वरिष्ठ सैन्य अधिकारी का नाम लूंगा

**लाहौर एजेन्सी**। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान ने दावा किया कि उन्होंने वजीराबाद हमले से करीब छह हफ्ते पहले अपनी हत्या की साजिश का पदार्फाश किया था और इसमें शामिल एक दूसरे सैन्य अधिकारी के नाम का पदार्फाश भी करेंगे। ट्विटर पर अपने सत्यापित खाते से पोस्ट किए गए संदेशों की एक श्रृंखला में खान ने कहा कि उन्होंने लगभग दो महीने पहले उनके खिलाफ रची गई हत्या की साजिश का पता लगाया था। इमरान ने ट्वीट किया, मैंने लगभग दो महीने पहले मेरे खिलाफ रची गई हत्या की साजिश का पता लगाया था और आरवाईके 24 सितंबर और मियांवाली 7 अक्टूबर की सार्वजनिक रैलियों में इसका पदार्फाश किया था। वजीराबाद में मेरी हत्या की कोशिश स्क्रिप्ट के मुताबिक की गई। उनके ट्वीट में संबंधित सार्वजनिक रैलियों के दो वीडियो शामिल थे, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे सरकार ने उन पर कथित तौर पर ईशनिंदा का आरोप लगाया और यहां तक कि यह साबित करने के लिए कि उन्होंने ईशनिंदा की, एक टेलीविजन कार्यक्रम भी चलाया। समा टीवी के मुताबिक, इमरान ने कहा, अब अगर कोई मेरी हत्या करता है, तो वे कहेंगे कि एक धार्मिक कट्टरपंथी ने ऐसा किया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृहमंत्री राना सनाउल्लाह और एक वरिष्ठ सैन्य खुफिया अधिकारी सहित उनकी हत्या की साजिश रचने के लिए पहले से ही जिम्मेदार तीन लोगों को नामित करने के बाद इमरान ने शामिल एक अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी का नाम लेने की धमकी दी।

# एक नजर

## भाई ने भाई को मार डालाः जमीन विवाद चल रहा था, गोली मारकर उतारा मौत के घाट; 2 हिरासत में



**पटना।** पटना के फतुहा स्थित विक्रमपुर गांव में गुरुवार के दिन जमीनी विवाद को लेकर चचेरे भाई ने अपने भाई को गोलियों से भून डाला। युवक की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा भाई वहां से भाग निकला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में 2 लोगों को हिरासत में लिया है। स्थिति को देखते हुए पुलिस विक्रमपुर गांव में कैंप कर रही है। बताया जा रहा है कि फतुहा के विक्रमपुर गांव में 12 कट्ठा जमीन को लेकर संतोष कुमार एवं उनके चचेरे भाई मनोज कुमार के बीच पिछले 4 वर्षों से विवाद चल रहा था। गुरुवार को इसी बात को लेकर दोनों चचेरे भाई आपस में भिड़ गए। दादा अनूप लाल सिंह ने बताया कि मनोज और सनोज अपने पांच दोस्तों के साथ मिलकर संतोष पर गोलियां चला दी। गोली संतोष के सीने में लगी। आननफानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए ,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों चचेरे भाई वहां से भाग निकले। घटना की सूचना पाकर फतुहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक संतोष के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## चिराग पासवान पहले भी भाजपा के साथ थे, हमलोगों के लिए यह कोई नयी बात नहींः विजेन्द्र प्रसाद यादव



**पटना** । सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने एवं जनसमस्याओं के समाधान हेतु माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के निर्देश पर जदयू के प्रदेश कार्यालय में होने वाले ''कार्यकर्ताओं के दरबार में माननीय मंत्री'' कार्यक्रम में गुरुवार को माननीय उर्जा तथा योजना एवं विकास मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव सम्मिलित हुए। इन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया। इस अवसर पर महासचिव श्री लोक प्रकाश सिंह एवं श्री अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यकत्ताओं के दरबार में माननीय मंत्री कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उर्जा तथा योजना एवं विकास मंत्री माननीय श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव जी ने एक सवाल के जवाब में बताया की एनडीए से अलग होने के बावजूद प्रदेश में केन्द्रीय योजनाएं यथावत चल रही हैं। भाजपा द्वारा नियुक्ति पत्र को आई वाश कहने संबंधी एक अन्य सवाल के जवाब में प्रति प्रश्न करते हुए कहा कि भाजपा की उत्पत्ति घोटाले से हुयी है क्या? उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा की गठबंधन बनते रहते हैं और गठबंधन धर्म का पालन नहीं होने पर टूटते भी रहते हैं। भाजपा का गठन भी जनता पार्टी से टूट कर ही हुआ था। कुढनी सीट से सम्बन्धित एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा की यह सीट राजद की है वैसे हमलोग आपस में बात कर इसपर अंतिम निर्णय लेंगे जिसकी जानकारी आप लोगों को ससमय दी जायेगी। चिराग पासवान से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा कि वो पहले भी भाजपा के साथ थे, इसमें हमलोगों के लिए कोई नयी बात नहीं है।

## दीपांकर भट्टाचार्या बोले- महागठबंधन सरकार के प्रति बढ़ रही है जनता की नाराजगी



**पटना।** बिहार की नीतीश -तेजस्वी सरकार को समर्थन दे रही पार्टी भाकपा माले ने सरकार पर सवाल उठाया है। माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्या ने पटना में बुधवार को कहा है कि बिहार में महागठबंधन सरकार से एक नई उम्मीद जगी, लेकिन सरकार आम लोगों को लगातार निराश ही कर रही है। शिक्षकों की बहाली पर अब तक किसी भी प्रकार की पहलकदमी नहीं उठाया जाना बेहद चिंताजनक है। इसके खिलाफ युवाओं में आक्रोश पनप रहा है। भाजपा-जदयू सरकार की तर्ज पर पुलिस दमन बदस्तूर जारी है। बिना वैकल्पिक आवास की व्यवस्था किए गरीबों को नहीं उजाड़े जाने जैसे वक्तव्यों के बावजूद जगह-जगह गरीबों की झोपड़ियां पर बुलडोजर चल रहे हैं।

**दो सीटों पर हुए उपचुनाव में भी जनता की नाराजगी दिखी** – उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक उन्माद की राजनीति जारी है। बिहार विधानसभा की दो सीटों पर हुए उपचुनाव में भी जनता की नाराजगी दिखी है। महागठबंधन सरकार को इसके प्रति गंभीरता दिखलानी चाहिए और जनता से किए वादों की दिशा में ठोस पहलकदमी लेनी चाहिए। संवाददाता सम्मेलन में राज्य सचिव कुणाल व पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेन्द्र झा व अमर भी उपस्थित थे।

## मोदी सरकार में हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कामः राजीव रंजन

**पटना।** महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा किये गये कामों को गिनाते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व मीडिया विभाग के प्रभारी राजीव रंजन ने आज कहा कि सत्ता संभालने के पहले दिन से ही महिलाओं का विकास और सशक्तिकरण प्रधानमन्त्री मोदी जी की प्राथमिकताओं में शुमार रहा है. उन्होंने कई योजनाएं शुरू की हैं जिसका लाभ बड़े पैमाने पर देश की महिलाओं को मिल रहा है. श्री रंजन ने कहा कि महिलाओं को सशक्त और सामर्थ्यवान करने के लिए मोदी सरकार ने कई योजनायें भी चलायी हैं जिससे उन्हें सुरक्षा और सशक्तिकरण दोनों का लाभ मिल रहा है. इसी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को मेहरम और तीन तलाक जैसी कुप्रथाओं से मुक्ति दिलाने की हिम्मत दिखाई है. सरकार द्वारा 9 करोड़ से अधिक महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलिंडर दिए गये. 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया. जनधन योजना के तहत 23 करोड़ से अधिक महिलाओं के बैंक खाते खोले गये, जिनमें कोरोना काल के दौरान 500 रु प्रति महीने की दर से 1500 रु भेजे गये।

### गुजरात में बीजेपी ने 84 एमएलए के टिकट काटे

# मोरबी ब्रिज हादसे में पानी में कूदकर लोगों को बचाने वाले को भी टिकट

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को पहली लिस्ट जारी की। 180 विधानसभा सीटों में से अभी 160 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल घाटलोढ़िया से चुनाव मैदान में उतरेंगे। यहां उनके खिलाफ कांग्रेस की एमी यागनिक हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की जगह डॉ. दर्शिता शाह राजकोट पश्चिम से चुनाव लड़ेंगी। वहीं पार्टी ने वर्तमान सरकार में शामिल 5 मंत्रियों का भी टिकट काट दिया है। इनमें राजेंद्र त्रिवेदी और प्रदीप परमार जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं।

**रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा को टिकट** – मोरबी में भाजपा ने मौजूदा विधायक बृजेश का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पूर्व विधायक कांतिलाल अमृतिया को टिकट दिया है। मोरबी पुल हादसे के वक्त कांतिलाल लोगों की जान बचाने के लिए मच्छू नदी में कूदे थे। उन्होंने जल्द रेस्क्यू के लिए वीडियो भी पोस्ट किया था। रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा को जामनगर उत्तर से टिकट दिया गया है।




**कांग्रेस से आने वाले इन नेताओं को दिया टिकट** – प्रद्युमन सिंह जडेजा (अबडासा), कुवरजी बावड़ियां (जसदन), जवाहर चावडा (मानावदर), हर्षद रिबडीया (विसावदर), भगा बारड ( तालाला), अश्विन कोटवाल (खेडब्रह्मा), जीतू चौधरी (कपराडा) को बीजेपी से टिकट दिया गया है। ये सभी नेता 2017 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे। अब बीजेपी की ओर से मैदान में हैं।

**लिस्ट पर मोदी-शाह-नड्डा की 3 घंटे मीटिंग... 84 का टिकट कटा** – टिकटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली में BJP सेंट्रल इलेक्शन कमेटी (CEC) की बुधवार को मीटिंग हुई थी। करीब 3 घंटे चली मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह शामिल हुए थे। मीटिंग में गुजरात की 182 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की गई। सूत्रों के मुताबिक भाजपा ने 84 विधायकों का टिकट काट दिया है, जबकि 75 विधायक को फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। स्पीकर डॉ. निमाबेन आचार्य का भी टिकट कट गया है। राजकोट की चारों सीट पर पार्टी ने नए चेहरे को उम्मीदवार बनाया है।

**मीटिंग से पहले ही दिग्गजों का चुनाव लड़ने से इनकार** – दिल्ली में होने वाली मीटिंग से पहले ही गुजरात के पूर्व CM, डिप्टी CM समेत पांच वरिष्ठ मंत्रियों ने विधानसभा चुनाव न लड़ने का ऐलान कर दिया। इन नेताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल को पत्र लिखकर चुनाव न लड़ने की घोषणा की। शुरुआत डिप्टी CM नितिन पटेल ने की। फिर पूर्व सीएम विजय रूपाणी, पूर्व गृहराज्यमंत्री प्रदीप सिंह जड़ेजा, पूर्व विधि एवं शिक्षा मंत्री भूपेन्द्र सिंह चूडास्मा एवं पूर्व मंत्री, बोटाद से सौरभ पटेल, प्रदेश अध्यक्ष रहे आरसी फलदू ने भी चुनाव न लड़ने के लिए लेटर लिखा।

**जाति फैक्टर के कारण लिस्ट जारी करने में देरी हुई** – भाजपा और कांग्रेस को प्रत्याशी चयन में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है। इन दोनों दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती जातीय समीकरणों को साधकर उम्मीदवार उतारना है। इस चुनाव में बड़े और छोटे 18 समुदायों ने दलों से टिकट मांगा है। भाजपा से पाटीदार समुदाय ने 50 लोगों को टिकट देने को कहा। वहीं प्रजापति 10, कोली 72, ठाकोर 8, जैन 10-15, क्षत्रिय 25, अहीर 12, ब्राह्मण 10, इसके अलावा बंजारा, माली, भोई, राणा, खारवा, मेर, वाघेर जैसी अन्य छोटी जातियों ने भी अलग सीटों की मांग की है।

### एंटी सिपेट्री बेल के लिए फरार IPS ने की अपील

## गया के तत्कालीन SSP आदित्य कुमार को पिछले 26 दिनों में गिरफ्तार नहीं कर सकी EOU

**पटना।** पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय करोल के नाम पर DGP संजीव कुमार सिंघल को कॉल करने और गया के फतेहपुर थाना में दर्ज शराब कांड केस को खत्म कराने के मामले में निलंबित IPS आदित्य कुमार अब तक फरार हैं। पिछले 26 दिनों में आर्थिक अपराध इकाई (EOU) की टीम अपने बीच ही काम करने वाले फरार आदित्य कुमार को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। वहीं, दूसरी तरफ गिरफ्तारी से बचने के लिए आदित्य कुमार ने अपने वकील के माध्यम से एंटी सिपेट्री बेल के लिए पिटीशन अप्लाई भी कर दिया है।

**शुक्रवार को होगी पहली सुनवाई** – बड़ी बात यह है कि आदित्य कुमार के तरफ से दाखिल किए गए एंटी सिपेट्री बेल पेटिशीन पर शुक्रवार को सुनवाई भी होगी। दरअसल, खुद को गिरफ्तारी से बचाने के लिए निलंबित व फरार IPS ने पटना हाईकोर्ट के एसडी संजय को अपना वकील रखा है। जो बिहार के बड़े वकीलों में से एक हैं। इनके द्वारा ही बुधवार को पटना सिविल कोर्ट में डिस्ट्रीक्ट जज के पास पिटीशन फाइल किया गया है। अब सबकी नजर शुक्रवार को होने वाली सुनवाई पर टिकी रहेगी। चीफ जस्टिस के नाम पर कॉल करने के इस मामले में 15 अक्टूबर को EOU ने FIR नंबर 2022 दर्ज किया था। इस केस के दर्ज होते ही गया के तत्कालीन SSP व निलंबित IPS आदित्य कुमार फरार हो गए। कोर्ट से EOU इनकी गिरफ्तारी का वारंट भी हासिल कर चुकी है। पिछले सप्ताह में ही पुलिस मुख्यालय ने दावा किया था कि EOU की टीम आदित्य कुमार की तलाश में छापेमारी कर रही है। पर रिजल्ट जीरो है।

**DGP को घेरने की कोशिश** – एंटी सिपेट्री बेल पिटीशन के जरिए आदित्य कुमार के वकील ने कुछ मुख्य बातों को आधार बनाया है। पिटीशन में सबसे बड़ी बात यह कही गई है कि गया के फतेहपुर थाना में दर्ज जिस शराब कांड को खत्म कराने के लिए चीफ जस्टिस के नाम पर DGP को कॉल किए जाने की बात कही जा रही है, उस केस में 8 अगस्त को ही आदित्य कुमार को एंटी सिपेट्री बेल मिल चुका है। इस कारण आदित्य कुमार पर कोई केस नहीं बनता है।पिटीशन के जरिए सीनियर वकील ने दावा किया है कि DGP को कॉल करने वाले अभिषेक भोपालिका उर्फ अभिषेक अग्रवाल ने आदित्य कुमार का नाम नहीं लिया है। सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने पिटीशन के जरिए DGP को ही घेरने की कोशिश की गई है। इसमें कहा गया है कि जब चीफ जस्टिस के नाम पर पहली बार अभिषेक अग्रवाल ने कॉल किया था तो उसी वक्त इसकी जांच DGP ने क्यों नहीं कराई? यह पूरा प्रकरण मध्य सितंबर महीने का है।

# कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड का आईपीओ 14 नवंबर, 2022 को खुलेगा

**पटना।** कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड (कंपनी), जो श्रुस्तमजीश् ब्रांड के बैनर तले काम करती है और जिन सूक्ष्म बाजारों में यह मौजूद है वहाँ के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स (इकाइयों की संख्या में अवशोषण की दृष्टि से) में से एक है, 14 नवंबर, 2022 को अपना आईपीओ खोलेगी। ऑफर का प्राइस बैंड 10 अंकित मूल्य पर 514 से 541 प्रति इक्विटी शेयर तक तय किया गया है। न्यूनतम 27 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 27 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में 5,600.00 मिलियन तक का फ्रेश इश्यू और विक्रेता शेयरधारकों द्वारा 750.00 मिलियन तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है, जिसमें बोमन रुस्तम ईरानी के 375.00 मिलियन तक के, पर्सी सोराबजी चौधरी के 187.50 मिलियन तक के और चंद्रेश दिनेश मेहता के 187.50 मिलियन तक का ऑफर शामिल है। कंपनी, नए इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी और/या कुछ सहायक कंपनियों द्वारा लिए गए कुछ उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; और भविष्य की अचल संपत्ति परियोजनाओं के फंडिंग अधिग्रहण, एवं सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने की इच्छा रखती है। यह सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 31 के साथ पढ़े गए एससीआरआर के नियम 19(2) (इ) के अनुसार एक प्रस्ताव है। प्रस्ताव सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 6(1) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक प्रस्ताव योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी और ऐसा भाग, क्यूआईबी भाग), बशर्ते कि हमारी कंपनी और बिक्री करने वाले शेयरधारक, बीआरएलएम के परामर्श से, विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी भाग का 60 प्रतिशत तक आवंटित कर सकते हैं (एंकर निवेशक भाग), जिसमें से एक तिहाई घरेलू म्युचुअल फंडों के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि घरेलू म्युचुअल फंड से उस कीमत पर या उससे अधिक की वैध बोलियां प्राप्त हों, जिस पर एंकर निवेशकों (एंकर निवेशक आवंटन मूल्य) को सेबी आईसीडीआर विनियम के अनुसार आवंटन किया गया है। एंकर इन्वेस्टर पार्टिशन में अंडर-सब्सक्रिप्शन या गैर-आवंटन की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी भाग (एंकर निवेशक भाग को छोड़कर) (नेट क्यूआईबी भाग) में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, नेट क्यूआईबी भाग का 5 प्रतिशत आनुपातिक आधार पर केवल म्यूचुअल फंड के आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, और शेष शुद्ध क्यूआईबी भाग म्यूचुअल फंड सहित सभी क्यूआईबी बोलीदाताओं के लिए आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा। प्रस्ताव मूल्य पर या उससे ऊपर उनसे प्राप्त होने वाली वैध बोलियों के लिए। हालांकि, अगर म्यूचुअल फंड से कुल मांग शुद्ध क्यूआईबी हिस्से के 5 प्रतिशत से कम है, तो म्यूचुअल फंड हिस्से में आवंटन के लिए उपलब्ध शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी के आनुपातिक आवंटन के लिए शेष शुद्ध क्यूआईबी हिस्से में जोड़ा जाएगा।

### पटना के NMCH में प्रेमी जोड़े का हाईवोल्टेज ड्रामा

# कॉलेज कैंपस में बैठे थे, गार्ड ने पूछताछ की तो हंगामा शुरू कर दिया

**पटना।** पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल कैंपस में बुधवार देर रात प्रेमी जोड़े ने जमकर हंगामा किया। गार्ड ने जब लड़की से यहां आने का कारण पूछा तो वो हंगामा करने लगी। उसने कहा जाओ बुला लो पुलिस को। इस दौरान लड़का चुपचाप खड़ा रहा। मामला को उलझता देख वहां के सुरक्षा गार्ड ने इस बात की सूचना अगम कुआं थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची अगम कुआं पुलिस ने प्रेमी युगल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही। इस घटना की पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। दरअसल, पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज कैंपस में बुधवार की देर रात एक प्रेमी युवक-युवती बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान कॉलेज के सुरक्षा गार्ड ने प्रेमी युवक-युवती से पूछताछ शुरू की और कैंपस से बाहर जाने को कहा। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों को जानकारी मिला कि कॉलेज के दोनों युवक-युवती नहीं है। जिसका विरोध



सुरक्षाकर्मियों ने किया। जिसके बाद कॉलेज कैंपस में ही युवक-युवती सुरक्षाकर्मियों के साथ गाली गलौज करने लगे। प्रेमी युवक-युवती कॉलेज कैंपस में ही हंगामा करने लगे। मामला बढ़ने के बाद नालंदा मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट काफी संख्या में आ गए। प्रेमी युवक युवती ने मोबाइल से कॉल करके अपने दोस्तों को बुला लिया। घंटों कॉलेज में स्टूडेंट और प्रेमी युवक-युवति के बीच -हंगामा होता रहा।कॉलेज के स्टूडेंट हाथ में लाठी डंडे लेकर बाहर से आये लड़के को खदेड़ना शुरू कर दिया। वहां के सुरक्षा गार्ड ने इस बात की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युगल प्रेमी को हिरासत में लेकर थाने ले आए और पूछताछ कर रही है। नालंदा मेडिकल कॉलेज के सुपरवाइजर सिक्योरिटी प्रेम शंकर पांडे ने बताया कि दोनों युगल प्रेमी बाहर से आकर यहां कैंपस में बैठे थे। जब उन्हें यहां यह बताया गया कि इस कैंपस में बाहरी लोगों को बैठना रात में अलाउड नहीं है तब वह भड़क पड़े और जमकर गाली-गलौज पर उतर आए।

## जीएम सीड लागू करवाने में लगे अफसर पर कार्रवाई होः पूर्व कृषि मंत्री ने की मांग, सीएम नीतीश कुमार को पत्र भी लिखा

**पटना।** पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने कृषि विभाग के कार्यकलापों पर सवाल उठाया है। उन्होंने पटना में कहा है कि जीएम सीड की फाइल आगे बढ़ानेवाले अफसरों पर कार्रवाई के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि बिहार में कुछ ऐसे अफसर हैं जो मुख्यमंत्री के विरोध के बावजूद जीएम सीड को बढ़ावा देने वाली फाइल मंत्रालय तक पहंचाने का काम कर रहे हैं।

**इस फसल का कोई बीज नहीं होता** – बता दें कि जीएम सीड का विरोध देश भर में हो रहा है। खास तौर से हाइब्रिड सरसों की फसल को लेकर किसानों के साथ-साथ नेताओं का भी विरोध हो रहा है। सुधाकर सिंह ने कहा कि विदेशी कंपनियां जीएम सीड फसल देश के अफसरों के माध्यम से लाना चाहती है। सुधाकर सिंह ने कहा कि जीएम सीड फसल भारत के किसानों के लिए सही नहीं है। इस फसल का कोई बीज नहीं होता। बिहार सरकार के कुछ निकम्मे अफसरों की वजह से इसे दोबारा बिहार में लागू करने की कोशिश की जा रही है। सुधाकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जीएम सीड फसल को बिहार में लागू नहीं करने का जब फैसला लिया जा चुका है तो फिर अफसर उसे बिहार में लागू करने की कोशिश में क्यों लगे हुए हैं? सुधाकर सिंह ने इस मामले को बिहार विधान सभा के शीतकालीन सत्र में उठाने की चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि जीएम सीड को लेकर उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित सभी विधायकों व सांसदों को पत्र लिखा है और जीएम सीड फसल का विरोध करने का आग्रह किया है।

### रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के AIG के ठिकानों पर SVU की छापेमारी

# पटना, मुजफ्फरपुर और सिवान के ठिकानों को खंगाल रही टीम, लाखों की ज्वेलरी-कैश बरामद

**पटना।** भ्रष्टाचार के मामले में गुरुवार की सुबह-सुबह एक बड़ी कार्रवाई चल रही है। बिहार में स्पेशल विजिलेंस यूनिट (SVU) ने एक भ्रष्ट अधिकारी पर अपना शिकंजा कसा है। जिनके ठिकानों को खंगाला जा रहा वो रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट में तिरहुत प्रमंडल के असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल (AIG) हैं। इनका नाम प्रशांत कुमार है। SVU की तीन टीम अलग-अलग लोकेशन पर छापेमारी कर रही है। इसमें पटना, मुजफ्फरपुर और सीवान के ठिकाने शामिल हैं। दरअसल, AIG के खिलाफ खिलाफ सरकारी पद का दुरुपयोग कर बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार करने की शिकायत मिली थी। अब तक की कार्रवाई के दरम्यान SVU के हाथ लाखों रुपए की सोने-चांदी की ज्वेलरी और लाखों रुपए कैश लगा है।



**2.6 करोड़ से अधिक का केस दर्ज** – AIG प्रशांत कुमार के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद SVU ने जांच शुरू की। उस दरम्यान भ्रष्टाचार के सबूत भी मिले। जिसके बाद SVU ने AIG के खिलाफ 2 करोड़ 6 लाख 80 हजार 785 रुपए के आय से अधिक संपत्ति का FIR दर्ज किया। फिर स्पेशल विजिलेंस कोर्ट से इनके ठिकानों को सर्च करने का वारंट हासिल किया। फिर आज सुबह से छापेमारी की कार्रवाई शुरू हो गई। प्रशांत कुमार मूल रूप से सिवान जिले में न्यू बस्ती महादेव इलाके के रहने वाले हैं। इस कारण SVU की एक टीम यहां मौजूद है। इनकी पोस्टिंग मुजफ्फरपुर में है। इस वजह से दूसरी टीम वहां है। जबकि, पटना में बोरिंग रोड के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास स्थित अलखराज अपार्टमेंट में फ्लैट नंबर B-2B उनका है। यहां तीसरी टीम जांच कर रही है।

## भ्रष्टाचार मामले में एआईजी के तीन ठिकाने पर एसवीयू की रेड, आय से अधिक 2 करोड़ की सम्पत्ति

**पटना** । निबंधन विभाग के एआईजी प्रशांत कुमार भ्रष्टाचार में लिप्त हो धन जुटाने पर जुटे थे। एसवीयू की टीम ने प्रशांत कुमार के तीन ठिकाने पर एक साथ रेड डाला । इसमें 2 करोड़ स अधिक आय के सम्पत्ति के सबूत मिले हैं । ऐसी सम्भावना है की जांच में यह भ्रष्टाचार की दोगुना से अधिक हो सकता हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त हो निबंधन विभाग के एआईजी प्रशांत कुमार लग्जरी जिंदगी जी रहे थे। जानने वाले बताते है की प्रशांत कुमार बिना रिश्वत लिये कोई काम नहीं करते थे। इसको लेकर एसवीयू को गुप्त सूचना मिली की मुजफ्फरपुर के एआईजी प्रशांत कुमार के पास आय से अधिक करोड़ों की सम्पत्ति हैं । एसवीयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खां ने भ्रष्टाचार एवं आय से अधिक सम्पत्ति के मामले की जांच के लिए टीम गठित किया ।आरोप सही पाएं जाने के बाद एआईजी प्रशांत कुमार के खिलाफ एसवीयू ने कांड संख्या 15/22 दर्ज किया । इसके बाद धावा दल गठित किया गया । तीन डीएसपी के नेतृत्व में एसवीयू की टीम ने पटना ,मुजफ्फरपुर, सीवान में एआईजी प्रशांत के ठिकाने पर एक साथ गुरुवार के सुबह में रेड डाला तो प्रशांत कुमार के लग्जरी लाइफ देखकर लोग सन्न रह गये । छापेमारी में जो सबूत मिल रहे है उससे यह प्रतीत हो रहा है की प्रशांत कुमार सरकार के खजाना भरने से अधिक अपना व अपने रिश्तेदारों के नाम पर खजाना भरने में जुटे थे।प्रथम दृष्टा में प्रशांत कुमार के खिलाफ 2 करोड़ 6 लाख 80 हजार ,785 रूपये के सबूत मिले है। इसमें कई प्लॉट ,फ्लैट , बैंकों में निवेश ,सोने -चांदी के ज्वेलरी, नगद है।

### पटना में 5 दिनों में चार बड़ी डकैती

## घटना तो लेकर व्यापारियों में आक्रोश सीसीटीवी फुटेज पर मंथन कर रही पुलिस



**पटना।** पटना के आसपास के इलाकों में पिछले 5 दिनों के अंदर डकैतों के एक गिरोह ने चार बड़ी डकैती की घटना को अंजाम देकर पुलिस को अपनी औकात बता दी है। लगातार हो रही डकैती की इस घटना से व्यापारियों के बीच खासी नाराजगी है। पुलिस ने सभी घटनाओं का CCTV फुटेज निकालकर अपराधियों की टोह मे लगातार छापेमारी कर रही। इसके बावजूद भी अभी तक अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिला है। दानापुर एएसपी अभिनव घीमन ने व्यापारियों को सतर्क कर यह मैसेज दिया है कि अपराधी गिरोह के चार सदस्य मेडिकल दुकान को लगातार अपना निशाना बना रहे हैं। इनका लूटपाट का समय रात्रि 8:30 से 10:00 के बीच है, इसलिए सभी मेडिकल दुकानदार व्यापारी इससे सतर्क रहें और घटना की सूचना मिलते ही अभिलंब पुलिस को इसकी जानकारी दें। बताते चलें कि पिछले 5 दिनों से डकैत के चार सदस्यों ने फुलवारी शरीफ के राष्ट्रीय गंज स्थित शिवाय मेडिकल हॉल में रात्रि 9:00 बजे हथियार के बल पर 34000 लूट कर फरार हो गए। इसके ठीक बाद इसी गिरोह ने गर्दनीबाग थाना के बाइपास में 9:21 पर एक मेडिकल दुकान से 20000 लूट लिया। मंगलवार की रात इसी अंदाज में चार अपराधियों ने बालमी के नजदीक एक मेडिकल दुकान को अपना निशाना बनाया और 25000 और एक लाख के चेक लूट कर फरार हो गए। बुधवार की शाम दिनदहाड़े अपराधियों ने बाल्मीकि नजदीक मां संतोषी ज्वेलर्स में हथियार के बल पर दुकानदार को घायल कर लाखों रुपए के जेवर और नगद लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घटनाओं के CCTV फुटेज को निकालकर यह आकलन किया है कि पिछले 5 दिनों से फुलवारी शरीफ में हो रही लूटपाट की घटना को एक ही गिरोह के सदस्यों ने अंजाम दिया है। पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं।

# एक नजर

## छात्रसंघ चुनाव के नामांकन का आज आखिरी दिनः बड़ी संख्या में महिला प्रत्याशी खड़े होने की उम्मीद

**पटना**। पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव के नामांकन का आज आखिरी दिन है। नामांकन की तारीख 7, 9 और 10 नवंबर तय की गई थी। नामांकन के पहले दिन किसी भी छात्र संगठन द्वारा एक भी फॉर्म नहीं भरा गया था। वही दूसरे दिन 4 नॉमिनेशन फॉर्म प्राप्त हुए। सभी छात्र संगठन लगातार आपस में बैठकर अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम फाइनल करने पर विचार विमर्श कर रहे हैं। वहीं इस बार के चुनाव में छात्र संगठनों द्वारा अधिक संख्या में महिला प्रत्याशी को खड़ा करने की उम्मीद जताई जा रही है। महिला कैंडिडेट्स भी चुनाव को लेकर लगातार प्रचार प्रसार कर रही है। वही आज शाम तक यह तय हो जाएगा किन किन पदों के पर कितने नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए हैं। बता दें कि पीयू के कुल 10 कॉलेज के छात्र चुनाव में वोट देंगे। इस बार कुल पांच पदों के लिए चुनाव होगा। इसमें कुल 24395 मतदाता होंगे। जिसमें कुल 10 कॉलेज के छात्र वोट देंगे। वहीं इस बार महिला वोटर्स की संख्या अधिक होगी। मगध महिला कॉलेज और पटना विमेंस कॉलेज से सबसे अधिक वोटर्स होंगे। इस बार के चुनाव में महिला वोटर्स की भागीदारी बहुत ही महत्वपूर्ण होने वाली है। साथ ही महिला कैंडिडेट्स भी बढ़ चढ़कर चुनाव में हिस्सा ले रही है। दो साल बाद हो रहे चुनाव के बाद स्टूडेंट्स में उत्साह देखने को मिल रहा है।

## भारतीय रेल मिशन 100 प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर अग्रसर

**नई दिल्ली**। भारतीय रेल ने अपने सम्पूर्ण ब्रॉडगेज नेटवर्क के विद्युतीकरण की महत्वाकांक्षी योजना प्रारम्भ की है। इस योजना से न केवल बेहतर ईंधन ऊर्जा का उपयोग होगा, जिससे उत्पादन बढ़ेगा, ईंधन खर्च में कमी आएगी, बल्कि मूल्यवान विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान अक्टूबर, 2022 तक भारतीय रेल ने 1223 रूट किलोमीटर के विद्युतीकरण का काम कर लिया है। वित्त्त वर्ष 2021-22 की समानावधि के दौरान 895 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण हुआ था। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के आंकड़े से 36.64 प्रतिशत अधिक है। यह महत्वपूर्ण है कि भारतीय रेल के इतिहास में 2021-22 के दौरान 6,366 रूट किलोमीटर का रिकॉर्ड विद्युतीकरण किया गया। इससे पहले, 2020-21 के दौरान सबसे अधिक विद्युतीकरण 6,015 रूट किलोमीटर का हुआ था। 31.10.2022 तक भारतीय रेल के ब्रॉडगेज नेटवर्क 65,141 रूट किलोमीटर (केआरसीएल सहित) में से 53,470 ब्रॉडगेज रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया गया है, जो कुल ब्रॉडगेज नेटवर्क का 82.08 प्रतिशत है।

## पटना में बच्चे को नाले में फेंकने का 3 साल के आयुष की हुई थी मौत

**पटना**। पटना के राजीव नगर में 3 साल के आयुष की नाले में गिरने से मौत हो गई थी। इसे लेकर पटना निगम सवालों के घेरे में था। निगम ने वहीं का एक सीसीटीवी फुटेज जारी कर कहा है कि इस हादसे में हमारी कोई गलती नहीं थी। वीडियो में आयुष कुछ बच्चों के साथ खेलते हुए दिख रहा है। थोड़ी देर बाद वो अपने से ज्यादा उम्र के एक बच्चे के साथ नाले के पास दिखाई देता है। वो आयुष का हाथ पकड़ता है और फिर उसे नाले में धक्का दे देता है। इसके बाद आयुष रोता है। चिल्लाता है। और थोड़ी देर में उसकी मौत हो जाती है। आयुष को नाले में फेंकने वाले बच्चे की उम्र 5 साल है। उसने खेल-खेल में आयुष को नाले में धक्का दे दिया। परिवार अब पंचायत के जरिए इस मामले को सुलझाने की बात कह रहा है। मामला सोमवार का है। ये तस्वीरें राजीव नगर रोड नंबर 23 की हैं। बच्चे की मौत पर नगर निगम ने अपनी ओर से सफाई दी। उन्होंने कही कि हमारे ऊपर जो लापरवाही के आरोप लगाए जा रहे वह पूरी तरह से गलत है। इसकी पुष्टि के लिए घटना स्थल के सामने लगे सीसीटीवी फुटेज को जारी किया गया। निगम के अनुसार घटना की जानकारी सीसीटीवी फुटेज से सामने आई है, जिसमें यह स्पष्ट रूप से देखा जा रहा कि बच्चे को किसी दूसरे बच्चे ने नाले में फेंका है।

## डॉक्टर सच्चिदानंद सिन्हा की 150वीं जयंती पर उन्हें किया गया याद



**पटना**। संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष , सांसद ,शिक्षाविद अधिवक्ता तथा पत्रकार डॉ सच्चिदानंद सिन्हा की 150 वी जयंती पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया गया। पटना स्थित हिंदी साहित्य सम्मेलन में आयोजित समारोह में जीकेसी अध्यक्ष और जदयू नेता राजीव रंजन प्रसाद हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ और दीदी जी फाउंडेशन की संस्थापिक डॉ नम्रता आनंद ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए जीकेसी अध्यक्ष और जदयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि डॉ सच्चिदानंद सिन्हा के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता ।उन्होंने भारत सरकार से श्री सिन्हा के नाम पर पटना में स्मारक बनाने की मांग । हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ ने श्री सिन्हा के व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की और उन्हें सच्चा देशभक्त बताया। इस अवसर पर दीदी जी फाउंडेशन के संस्थापक डॉ नम्रता आनंद ने कहा कि बिहार को अलग राज्य का दर्जा दिलाने में श्री सिन्हा की भूमिका हम रही है। उन्होंने कहा कि श्री सिन्हा ने अपनी लेखनी से देश को नई दिशा दी है । डॉ आनंद ने कहा कि श्री सिन्हा को एक पत्रकार के रूप में भी याद किया जाता है ।पत्रकार देश का चौथा स्तंभ होता है लोकतंत्र मे पत्रकारों की भूमिका अहम होती है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पत्रकारों में नीलकमल, मुकेश महान समेत प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार शामिल है।

## वी ने 5 सर्कलों के ग्रामीण बाज़ारों में 300 नई वी शॉप्स के साथ अपने रीटेल फुटप्रिन्ट का विस्तार किया

**पटना**। ब्रॉडबैण्ड की बढ़ती पहुंच के साथ पिछले कुछ सालों के दौरान देश में डिजिटलीकरण तेजी से बढ़ा है। इसके अलावा देश की अगली 500 मिलियन की आबादी को कनेक्टेड बनाकर डिजिटल विकास में योगदान देते हुए भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड ने अपने ब्राण्ड के लॉन्च के बाद से अपने सबसे बड़े रीटेल विस्तार की योजना बनाई है। उप-ज़िला स्तर पर अपना रीटेल फुटप्रिन्ट बढ़ाने के लिए वी ने महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और यूपी वेस्ट के कई नगरों में नए फोर्मेट की 300 'वी शॉप्स' खोली हैं। वी ने अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने तथा अपना रीटेल फुटप्रिन्ट बढ़ाकर मोबाइल यूज़र्स के साथ जुड़ते हुए आने वाले महीने में ज़्यादा से ज़्यादा ग्रामीण बाज़ारों को कवर करने की योजनाएं बनाई है। अभिजीत किशोर, सीओओ, वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, वी हमेशा से आधुनिक अवधारणाओं, उत्पादों एवं सेवाओं को लाने में अग्रणी रहा है, जो उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने में सक्षम हैं। आज भी ग्रामीण भारत में बड़ी संख्या में ऐसे उपभोक्ता हैं, जो फिज़िकल रीटेल फोर्मेट में आरामदायक एवं फेस-टू-फेस सेवाओं की उम्मीद रखते हैं।

# स्कॉटलैंड से सम्मानित होकर लौटीं ममता मेहरोत्रा





**पटना**। साहित्य के क्षेत्र में लिमका बुक ऑफ रिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज करा चुकी बिहार की सुप्रसिद्ध महिला साहित्यकार ममता मेहरोत्रा को स्कॉटलैंड में सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्क्रॉटलैंड की राजधानी एटनबड़ा में ममता मेहरोत्रा को दिया गया। कार्यक्रम इंडियन काउंसलेट प्रभा खेतान फाउंडेशन और स्कॉटिश सेंटर फॉर टैगोर स्टडी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। स्कॉटलैंड से वापस लौटने पर ममता मेहरोत्रा ने इस प्रतिनीधि को बताया कि इस कार्यक्रम का थीम मेरी नाट्य रचना महाभारत की माधवी को बनाया गया था। पुस्तक महाभारत की माधवी पर इस कार्यक्रम में विस्तार से चर्चा की गई। इस बहाने विदेशों में महाभारत कालीन भारतीय संस्कृति और परंपराओं पर जम कर चर्चा हुई । ममता मेहरोत्रा ने कहा कि विदेश में मेरे और मेरी पुस्तक के बहाने हुई ऐसी चर्चाओं से मैं खुद को गौरवान्वित महसूस करती हूं। कार्यक्रम में भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि ममता मेहरोत्रा कि साहित्यिक उपलब्धि रेखांकित करने लायक है। आज के इस भाग-दौड़ और व्यस्तता भरे जीवन में जहां लोग साहित्य के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं, ममता मेहरोत्रा ने 50 पुस्तकें लिख कर एक मिशाल कायम किया है। साहित्य के प्रति उनका यह अनुराग अतुलनीय और अनुकरणीय है। महाभारत की माधवी के साथ ममता मेहरोत्रा की पुस्तक इमपावरिंग ऑफ इंडियन वूमेन पर भी चर्चा की गई। ममता मेहरोत्रा की अंग्रेजी में प्रकाशित यह पुस्तक 2002 में महिला सशक्तिकरण को लेकर उनके द्वारा किये गए कार्यों पर आधारित है। तब वो सूर्या महिला कोषांग के माध्यम से महिला हेल्पलाइन चलाती थीं और इसी के माध्यम से महिलाओं को लेकर सशक्तिकरण का काम करती थीं। कार्यक्रम में प्रश्न उत्तर सत्र में ममता मेहरोत्रा के सामाजिक कार्यों पर चर्चा हुई। मौके पर कई स्थानीय लोगों के साथ ममता मेहरोत्रा की सुपुत्री श्रुति मेहरोत्रा में भी उपस्थित थीं। यहां यह चर्चा प्रासंगिक होगा कि श्रुति और ममता मेहरोत्रा मिल कर यात्रा संस्मरण लंदन डायरी पर काम कर रहीं हैं। जिसमें सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर वर्तमान के भारत और ब्रिटिश संबंधों पर चर्चा की जाएगी।

### मोतिहारी में सड़क हादसा, एक की मौत

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार ने तोड़ा दम, दो घायल; चालक फरार



**मोतिहारी**। मोतिहारी में ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गया, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्यवाई में जुट गई हैं। जबकि ट्रैक्टर लेकर चालक फरार हो गया। घटना पिपरा कोठी थाना क्षेत्र के ढेकहा भेला टाल मुहासर टोली बौद्धि माई स्थान के पास की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है की ढेकहां टोला निवासी कृष्ण माझी अपने दो दोस्तो के साथ बाइक से निकला था, इसी जिस जैसे ही वह उधर से वापस आ रहा था की बौद्धी माई स्थान के पास खेत जोत कर निकल रहे ट्रैक्टर की चपेट में आ गया, जिससे 20 वर्षीय कृष्ण मझि की घटना स्थल पर ही मौत हो गई,जबकि उसके साथ बाइक पर सवार उसके दो साथी 19 वर्षीय रामप्रवेश और 18 वर्षीय भूटेली गंभीर रूप से घायल हो गाय, ठोकर लगने के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया, मौके पर पहुंचे आस पास के लोगो ने दोनो घायल के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहा दोनो का इलाज चल रहा है। वही घटना की सूचना पिपरा कोठी पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पिपरा कोठी की पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्यवाई शुरू कर दी है।

**क्या कहते है थानाध्यक्ष** - पिपरा कोठी थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया की घटना की जानकारी मिलते ही थाना के अधिकारी को घटना स्थल पर भेज कर शव को कब्जे में लेकर कार्यवाई शुरू करा दी है। शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। मृतक के परिजन के तरफ से आवेदन अब तक नहीं मिला है।

## इफ्फी-53 में दिव्यांगों के लिए एफटीआईआई मुफ्त पाठ्यक्रम मुहैया कराएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई), पुणे ने अपनी सेंटर फॉर ओपन लर्निंग (सीएफओएल) पहल के तहत, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) और एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा (ईएसजी) ने दिव्यांगों के लिए दो मुफ्त पाठ्यक्रमों की घोषणा की है। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 53वां संस्करण 20 से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित होने वाला है। ऑटिज्म की स्थिति वाले लोगों के लिए स्मार्टफोन फिल्ममेकिंग में एक बुनियादी पाठ्यक्रम और व्हीलचेयर वाले लोगों के लिए स्क्रीन एक्टिंग में एक बुनियादी पाठ्यक्रम इफ्फी-53 में उपलब्ध होंगे। कला निर्माण की प्रक्रिया सभी के लिए सुलभ हो ये सुनिश्चित करने के उद्देश्य के साथ, एफटीआईआई दिव्यांगों को सिनेमा के जादू में हिस्सा लेने और इसमें उत्कृष्टता पाने के लिए विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। इफ्फी-53 में ये कोर्स 8 दिन लंबे होंगे और 21 नवंबर से 28 नवंबर तक चलेंगे। जहां एक पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को आधुनिक दौर के फिल्मकारों में तब्दील करना है, वहीं दूसरा आपके भीतर के अदाकारों को बाहर लाता है। ऑटिज्म की स्थिति वाले व्यक्तियों के लिए स्मार्टफोन फिल्ममेकिंग का कोर्स दृश्य संचार के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित पेशेवर अजमल जामी द्वारा पढ़ाया जाएगा। उन्होंने युद्ध क्षेत्रों और संघर्ष क्षेत्रों से रिपोर्टिंग करने से लेकर, डॉक्यूमेंट्री, प्रचार फिल्में, सॉफ्ट फीचर्स और शोज़ आदि के निर्माण में कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं। सिनेमैटोग्राफर, फिल्मकार और फोटोग्राफर के रूप में उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के संगठनों के लिए प्रतिष्ठित परियोजनाओं पर काम किया है। इस कोर्स में कई मॉड्यूल हैं, जिनमें सिनेमा की भाषा के परिचय से लेकर स्मार्टफोन पर शूटिंग और संपादन तक शामिल होंगे। मॉड्यूल के अंत में एक स्क्रीनिंग और समीक्षा सत्र भी होगा। इसके विवरण और पंजीकरण के लिए, एफटीआईआई की आधिकारिक वेबसाइट पर इस लिंक पर जाएंः व्हीलचेयर वाले व्यक्तियों के लिए स्क्रीन एक्टिंग में बुनियादी पाठ्यक्रम जिजॉय पी. आर. द्वारा पढ़ाया जाएगा। वे एफटीआईआई, पुणे में एक्टिंग के असोसिएट प्रोफेसर और प्रभारी डीन (फिल्म) हैं। एक थिएटर कलाकार, फिल्म अभिनेता, प्रशिक्षक और निर्माता जिजॉय ने 55 फिल्मों में काम किया है, और 4 महाद्वीपों में लगभग 400 अंतर्राष्ट्रीय थिएटर शो किए हैं।अभिनय के कोर्स में 6 मॉड्यूल हैं, जो नाट्यशास्त्र के परिचय से शुरू होते हैं। इस पाठ्यक्रम में हास्य रस या कॉमेडी पर भी विशेष जोर दिया गया है। मूवमेंट, एक्टिंग गेम्स और इंद्रियों के प्रति जागरूकता के खेल जो संकोचों को तोड़ने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, ये इस पाठ्यक्रम के अन्य मुख्य आकर्षण हैं। दोनों पाठ्यक्रम गोवा के मैकिनेज पैलेस में आर्ट गैलरी में संचालित किए जा रहे हैं।

## अखिल भारतीय स्तर पर सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए जाति आधारित जनगणना अति आवश्यकः उमेश सिंह कुशवाहा

### नीतीश जी ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश में जातीय गणना कराने पर शुरू किया काम

**पटना**। प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने भाजपा नेता सुशील मोदी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वो अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं और भाजपा की विफलताओं को छुपाने के लिए अनाप-शनाप बयानबाजी करते रहते हैं। उनकी बातों का तो अब उनकी पार्टी भी नोटिस नहीं लेती। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जातीय जनगणना कराने की बिहार से हुयी सर्वदलीय मांग को संवैधानिक दायित्व के बावजूद जब केंद्र सरकार ने ठुकरा दिया तो हमारे नेता श्री नीतीश कुमार जी ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश में जातीय गणना कराने का निर्णय लेते हुए उसपर काम शुरू कर दिया है। क्योंकि आरक्षण तभी प्रभावी हो सकता है जब विभिन्न जाति, धर्म, वर्ग के लोगों की वास्तविक संख्या के बारे में ठोस जानकारी हो। जातीय गणना का एकमात्र उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के गरीब एवं पिछड़े व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका उत्थान सुनिश्चित करना है। इसलिए जातीय जनगणना को अखिल भारतीय स्तर पर केंद्र सरकार द्वारा कराए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ओबीसी, अति पिछड़ा वर्ग एवं अन्य लाभार्थियों को 1931 की जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आरक्षण प्राप्त हो रहा है जो सामाजिक न्याय के विपरीत है। संविधान की सातवीं अनुसूची में वर्णित केंद्र सूची के विषय संख्या 69 में जनगणना कराने की संवैधानिक जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है परंतु केंद्र सरकार अपने संवैधानिक जिम्मेदारियों से भी पल्ला झाड़ रही है।

जबकि जदयू और हमारे सर्वमान्य नेता लंबे समय से जाति आधारित जनगणना की मांग करते रहे हैं ताकि समाज के सभी वर्गों के कमजोर व बंचित लोगों का पता चले एवं उनके लिए समुचित ढ़ंग से विकास योजनाओं का क्रियान्वयन हो। उमेश कुशवाहा ने कहा कि हमारी मांग के बावजूद भाजपा जाति आधारित जनगणना इसलिए नहीं कराना चाहती क्योंकि उनकी राजनीति का आधार धार्मिक एवं सांप्रदायिक है। उसे डर है कि जातिय जनगणना कराने से उनका हिंदू वोट बैंक विभाजित हो जाएगा, जिससे वो सत्ता सुख से बेदखल हो जाएंगे। जबकि धार्मिक आधार पर मत प्राप्त करना निंदनीय है। जदयू सामाजिक एवं आर्थिक आधार पर आरक्षण की पक्षधर रही है। हम सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। समाज के कमजोर एवं पिछड़े वर्गों चाहे वह सामाजिक आधार पर हो या आर्थिक आधार पर उनके उत्थान से ही समतामूलक समाज की स्थापना हो सकती है। संविधान के भाग 4 में वर्णित नीति निर्देशक तत्व का उद्देश सामाजिक एवं आर्थिक न्याय की स्थापना करना है और आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाना उसी के अनुरूप है। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि जहां तक आरक्षण के संदर्भ में निर्धारित 50ः की सीमा का प्रश्न है इसे बदलने की आवश्यकता है। क्योंकि हो सकता है कि जिस समय यह निर्णय लिया गया हो सामाजिक परिस्थिति वही रही हो परंतु समाज गत्यात्मक है और समय के साथ इसमें परिवर्तन होते रहते हैं। परिवर्तित परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यकतायें, अपेक्षायें एवं मांगें परिवर्तित होती रहती हैंस संविधान निर्माताओं ने भी समाज के परिवर्तनीय परिस्थितियों को ध्यान रखकर ही संविधान में अनुच्छेद 368 को शामिल किया था, जिसके तहत समय-समय पर संविधान में आवश्यकतानुसार संशोधन होते रहते हैं। न्यायालय भी समय-समय पर अपने पूर्व के फैसले को आवश्यकतानुसार बदलती रही है, आज की परिस्थिति में आरक्षण की सीमा 50ः से बढ़ाना आवश्यक है। उमेश कुशवाहा ने कहा कि भाजपा को जनता के विकास से कोई लेना-देना नहीं है और इसी के तहत मानसिक रूप से विकृत उसके सुशील मोदी जैसे नेता उल्टे अनर्गल प्रलाप करते हैं। वो जाति आधारित गणना की मांग कराने वालों पर ही आरोप- प्रत्यारोप करते रहते हैं, पर जनता सब जानती समझती है और केंद्र सरकार को इसका जवाब पुरे देश और बिहार के लोगों को देना ही होगा क्योंकि जाति आधारित जनगणना से ही सामाजिक न्याय एवं विकास संभव है।

## आत्मनिर्भर बिहार की ओर हमें बढ़ना हैः समीर महासेठ

### बिक्री से विनिर्माण की ओर बढ़ेगा बिहार : उद्योग मंत्री



**पटना**। बिहार के लोग मजदूर से मालिक बनने की राह पर हैं। वह रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनना चाहते हैं। खुद का उद्योग लगाकर उद्योगपति बनना चाहते हैं। ऐसे लोगों की हमें मदद करनी है। ऐसे लोग ही बिहार को उपभोक्ता राज्य से उत्पादक राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पटना के अधिवेशन भवन में राज्य के सभी उप विकास आयुक्तों के लिए आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए बिहार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि यदि आप किसी एक व्यक्ति को उद्योग स्थापित करने में मदद करते हैं तो उसकी एक पीढ़ी नहीं बल्कि कई-कई पीढ़ियां आपको याद करेंगी। जिलों में जिलाधिकारी और उप विकास आयुक्त नए उद्यमियों को मोटिवेट करें और उनकी दिक्कतों को दूर करने के लिए आगे आएं। नए उद्यमियों को बिहार में बैंकों से ऋण लेने में भी परेशानी होती है। बैंकों की नियमित मॉनिटरिंग करें। बिहार के पास बड़ा लैंड बैंक है। बिहार के पास स्किल्ड और अनस्किल्ड लेबर का बड़ा फोर्स है। बिहार में बड़ा बाजार है, भरपूर पानी है। उद्योग लगाने के लिए यह सब महत्वपूर्ण कारक हैं। हमें आत्मनिर्भर भारत के साथ-साथ आत्मनिर्भर बिहार भी बनाना है। लोगों की सोच बदलनी है। सोच बदलेगी तो युगांतकारी बदलाव आएगा। रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उद्योग विभाग के प्रधान सचिव श्री संदीप पौण्डरीक ने कहा कि बिहार के सभी इंडस्ट्रियल एरिया का विकास किया जाएगा। उद्योग लगाने के लिए 9 जिलों में प्लग एंड प्ले फैसिलिटी विकसित की गई है। इंडस्ट्रियल शेड तैयार हैं, बिहार तैयार है। उद्योग लगाने के लिए इंडस्ट्रियल शेड में बहुत कम मासिक दर पर उद्यमियों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन बियाडा के वेबसाइट पर देना है। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग की योजनाओं के संबंध में युवाओं को पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं। बिहार में उद्योग के क्षेत्र में सफलता की अनेक कहानियां हैं जिनसे प्रेरणा लेकर युवा उद्योग लगाने के लिए आकर्षित होंगे। जिलों में उप विकास आयुक्तों को ऋण वितरण के साथ-साथ नए उद्योग लगाने पर भी फोकस करना है। उन्होंने कहा कि बिहार को बिक्री वाले राज्य से विनिर्माण वाले राज्य के रूप में आगे बढ़ाना है। कार्यशाला में उद्योग निदेशक पंकज दीक्षित, तकनीकी विकास निदेशालय के निदेशक संजीव कुमार, खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के निदेशक विवेक रंजन मैत्रेय, उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान के निदेशक आलोक कुमार तथा विशेष सचिव दिलीप कुमार ने भी उद्योग विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मोतिहारी के जिलाधिकारी शीर्षथ कपिल अशोक, जहानाबाद के जिलाधिकारी रिची पांडे, बांका के जिलाधिकारी अंशुल कुमार और वैशाली के जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने अपने-अपने जिलों में चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी और सक्सेस मॉडल प्रस्तुत किए। यशपाल मीणा ने वैशाली जिले में केला फाइबर उद्योग लगाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। निदेशक संजीव कुमार ने कार्यशाला में जानकारी दी कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत वर्ष 2022-23 के लाभुकों के चयन हेतु प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए इसके लिए आवेदन 1 दिसंबर से आमंत्रित किए जाएंगे। इस योजना के तहत 8000 लाभुकों का चयन किया जाएगा। कार्यशाला में उद्योग विभाग की पत्रिका 'उद्योग संवाद' के नए अंक का विमोचन उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ ने किया।

## गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के अध्ययन में हुआ खुलासा

**पटना**। अपने बच्चों की बेहतर ज़िंदगी के लिए जीवन की बाधाओं का सामना करते हुए, माता-पिता अक्सर घर पर अपने छोटे बच्चों को लेकर निश्चिंत नहीं हो पाते हैं। रोजगार के लिए लोग महानगरों में जाने वाले लोग अपनी स्वयं की संतान हो जाने पर प्रायः अपने स्वयं के मां-बाप की ओर रूख करते हैं ताकि उनके बच्चों के लालन-पालन में उनसे मदद मिल सके। महामारी के दौरान, इस प्रवृत्ति में बदलाव आया है। जबकि घर से दूर होने पर लोगों के लिए अपने बच्चों से जुड़े रहने हेतु उनके वृद्ध माता-पिता का सहारा सबसे पसंदीदा विकल्प है, लेकिन वो अब प्रौद्योगिकी एवं पड़ोसी जैसे अन्य सहायकों का सहारा लेना भी सीख रहे हैं। गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के बिजनेस हेड, श्री पुष्कर गोखले ने बताया, परिवार की देखभाल के साथ-साथ अल्ट्रा-अर्बन जीवन की मांगों को संतुलित कर पाना कठिन काम हो सकता है। नन्हें बच्चे को परिवार के किसी सदस्य या आया की देखरेख में छोड़कर काम पर जाना मार्मिक रूप से काफी पीड़ादायक हो सकता है। इसका सीधा मतलब है कि उनकी सुरक्षा को लेकर लगातार चिंता बने रहना, और यह सोचना कि क्या उनकी अच्छी देखभाल हो रही है। इसी तरह, घर से दूर होने पर लोगों को लगातार उनकी संपत्ति और सामानों की चिंता सताती रहती है। संक्षेप में, महामारी ने लोगों को न केवल संपत्ति की रक्षा करने के लिए बल्कि किसी भी समय कहीं से भी अपने प्रियजनों को देख पाने के लिए घरेलू निगरानी की बढ़ती आवश्यकता का एहसास कराया है। इस संदर्भ में, गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस के प्रभाग, गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने घरेलू सुरक्षा जागरूकता और कार्यान्वयन के बीच के व्यापक अंतर के आलोक में डिकोडिंग सेफ एंड साउंडः इन द इंडियन कॉन्टेक्स्ट शीर्षक-युक्त अध्ययन का बाल दिवस संस्करण प्रकाशित किया है। घर से दूर होने पर अपने प्रियजनों के साथ जुड़े रहने में सहायता के लिए टेक गैजेट्स पर लोगों की निर्भरता पिछले साल 2021 में 9 प्रतिशत से लगभग दोगुना बढ़कर 2022 में 17 प्रतिशत हो गई है। अध्ययन से पता चलता है कि भारतीयों के लिए श्सेफ एंड साउंडश् तीन प्रमुख संदर्भों पर आधारित हैः अच्छा स्वास्थ्य, संपत्ति की सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सुरक्षा। अध्ययन से हमने जो पाया है वह यह है कि पिछले साल की तुलना में, लोग घर से दूर होने पर अपने बच्चों से जुड़े रहने के लिए अपने घरेलू मदद पर कम और प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षा समाधानों व पड़ोसियों पर अधिक निर्भर रहना सीख रहे हैं। आगामी बाल दिवस के अवसर पर, हमारा इरादा बच्चों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सही पद्धतियों और उपकरणों को चुनने के बारे में जागरूकता फैलाना है। सर्वेक्षण में आगे पाया गया कि घर से दूर होने पर अपने बच्चों से जुड़े रहने के लिए केवल 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अपने स्वयं के माता-पिता पर निर्भर होने की बात कही, जबकि पिछले वर्ष इस बात को मानने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत 49 था। केवल 15 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अपने हाउस हेल्प पर निर्भर होने की बात कही, जबकि पिछले साल ऐसे उत्तरदाता 26 प्रतिशत थे।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2022-23-T14 दि. : 09.11.2022
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।
क्र.सं.: 01, **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में लालकुऑ-काशीपुर खंड के लोकेशन 48/9-10 पर पुल संख्या 104 के विद्युतीकरण से संबंधित कार्य। **टेंडर रिफरेंस नं.** SRDEE-TRD-IZN-2022-23-T14, **कार्य का अनुमानित लागत ₹ में : 74,26,490.27, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी ₹ में : 1,48,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹ में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 02.12.2022, 11.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 05 माह।**
• खुली ई-निविदा दिनांक **02.12.2022 को 11.00 बजे** तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/ मुजाधि/विद्युत-109 इज्जतनगर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# कालिदास के काव्य में राष्ट्रीयता की भावना समान रुप से दृष्टिगोचर : पूर्व कुलपति

**दरभंगा, जागृति संवाददाता।** कालिदास अद्वितीय महाकवि थे जिनका साहित्य अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं से हमें रूबरू कराता है। व्यक्ति, राज्य, राजा, प्रजा, राष्ट्र और राष्ट्रीयता ही नहीं मानवीय जीवन से जुड़ा ऐसा कोई भी पक्ष नहीं है जो कालिदास के काव्यों में मौजूद नहीं है। मनोरम वाणी में कालिदास ने भारत की राष्ट्रीयता का अपूर्व संदेश दिया है। विलक्षण प्रतिभा के धनी महाकवि कालिदास के काव्यों में राष्ट्रीयता की भावना ने मूर्त रुप लिया है। उक्त बातें संस्कृत के विद्वान एवं संस्कृत विवि के पूर्व कुलपति प्रो देवनारायण झा ने कही। विश्वविद्यालय के पीजी संस्कृत विभाग और डॉ. प्रभात दास फाउण्डेशन के संयुक्त तत्त्वावधान में महाकवि कालिदास के काव्यों में राष्ट्रीयता विषयक एकल व्याख्यान में प्रो झा ने कहा कि कालिदास का काव्य बताता है कि शासनतंत्र में प्रजा को अधिकार है कि वो 24 घंटे में कभी भी अपने राजा से मिल सके। प्रजाहित को छोड़कर राजा का कोई भी अन्य कर्तव्य नहीं होता है। उन्होंने कहा कि कालिदास ने अखंड भारत, आत्मनिर्भर एवं समृद्ध राष्ट्र की बात की थी।कालिदास के अनुसार राष्ट्र ऐसा होना चाहिए, जहां प्रजा दुखी न हो और जहां हिंसा व चोरी आदि का भी कोई स्थान न हो। स्नातकोत्तर संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. घनश्याम महतो ने कहा कि राष्ट्रीयता की भावना राष्ट्रकवि कुलगुरु कालिदास के काव्यों में व्यापक एवं समग्र रूप से दृष्टिगोचर होता है। कार्यक्रम में मैथिली विभागाध्यक्ष प्रो रमेश झा, मैथिली के प्राध्यापक प्रो दमन झा, पेंशन पदाधिकारी डॉ. सुरेश पासवान, सीएम कॉलेज के मैथिली- प्राध्यापक डॉ. सुरेन्द्र भारद्वाज, एमएलएस कॉलेज सरसोपाही की संस्कृत- प्राध्यापिका डॉ. शकुंतला कुमारी सहित 60 से अधिक व्यक्ति उपस्थित थे। जिन्हें आयोजकों द्वारा अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र प्रदान दिया गया। अतिथियों का स्वागत पाग, चादर तथा पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जबकि अंत राष्ट्रगान- जन गण मन... के सामूहिक गायन से हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डा आर एन चौरसिया के संचालन में आयोजित व्याख्यान में अतिथियों का स्वागत पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. जीवानन्द झा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन फाउंडेशन के सचिव मुकेश कुमार झा ने किया।

**व्याख्यान कार्यक्रम में सहभागी 60 प्रतिभागियों को मिला प्रमाण पत्र**




## एक नजर

### प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र मेला में डीजीपी ने विहार पुलिस प्रर्दशनी का विधिवत उद्घाटन की



**सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में बिहार पुलिस प्रर्दशनी का पुलिस महानिदेशक एस.के. सिंघल ने विधिवत उद्घाटन कर आम दर्शकों को समर्पित किया । सारन पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार की नेतृत्व में भारी भरकम टीम स्वागत में खड़ी थी । गुरुवार दिन में बिहार पुलिस प्रर्दशनी की विधिवत उद्घाटन को लेकर सुबह से फूल मालाओं से सजाने की तैयारी की गई और दिन ढलते ही बिहार पुलिस प्रर्दशनी को सुगंधित फूलों से सजा दी गई । घोड़ संवार पुलिस की अगुवाई में दिन 11 बजे लगभग बिहार पुलिस प्रर्दशनी शिविर पर आगमन हुआ तथा इसके बाद सलामी का सिलसिला जारी रहा इतना ही नहीं काबिले तारीफ अपराध अनुसंधान विभाग का डॉग ने भी उनके सम्मान में मुंह में पकड़े फूल का गुलदस्ता पुलिस महानिदेशक महोदय को समर्पित किया और सलामी दी । वहीं गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी । एटीएस कोबरा द्वारा आधुनिक हथियारों का आंख बंद और खुले आंखों से प्रर्दशन किया तथा इस पर उन जवानों से हाथ मिलाया और उनके कर्तव्य की प्रशंसा की । बैंड पार्टी पुलिस टीम ने उन्हें सलामी के उनके आगमन पर धुन की धुआंधार बौछार की । इसके बाद बिहार पुलिस प्रर्दशनी शिविर का फीता काटकर अंदर प्रवेश की तथा अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा लगाई गई विभिन्न अपराध से जूड़े स्टॉल का निरीक्षण किया और प्रशंसा की साथ ही आधुनिक हथियारों सुसज्जित स्टॉल को भी देखा और तैनात जवानों से संचालन की जानकारी ली । इसके बाद मेला आए दर्शकों को समर्पित किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक मंच पर गये तथा वहां उनके आगमन पर रंगारंग कार्यक्रमों का सिलसिला काफी देर तक चली । सांस्कृतिक मंच से बिहार पुलिस प्रर्दशनी का उद्देश्य से अपनी विचारधारा से पुलिस और पुलिस पदाधिकारी को अवगत क इसके बाद पुलिस और वरीय पुलिस अधिकारियों को विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र की पहचान चिह्न और प्रशंसा पत्रों से सम्मानित किया गया। यह सभी कार्यक्रम में लगभग पांच घंटे का समय लगा। बिहार पुलिस प्रर्दशनी शिविर के सामने नखास थाना को भी फूल मालाओं के बड़ी आर्कषक ढंग से सजाई गई थी। साथ ही साईबर सेल की बैनर लगी थी । इनके आगणन से पूर्व विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का मुख्य द्वार से लेकर सांस्कृतिक मंच पंडाल की चारों ओर पुलिस छावनी में बदली नजारा दिख रही थी । मेला आए दर्शकों को भी आने जाने में रोक की सामना करना पड़ा। ग्राम श्री मंडल के समीप पत्रकार सहित मेला सहयोगी से तैनात पुलिस कर्मियों की नोंकझोंक का सिलसिला जारी था ।

### हरिहर नाथ ओपी पुलिस ने 200 लीटर के साथ 03 कारोबारी हिरासत में

**सोनपुर (जागृति संवाददाता)।** हरिहर नाथ ओपी अध्यक्ष इ-रिक्सा पर बोरा में रखी 200 लिटर देशी शराब सहित 03 शराब कारोबारी दबोचे जाने की मामला प्रकाश में आई है । ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हरिहर नाथ ओपी पुलिस की पुलिस मैनेजर महिला सिपाही सविता कुमारी को किसी ने गुप्त सूचना दी संबलपुर दियरा क्षेत्र से शराब की खेप आने की । इन्होंने हरिहर नाथ ओपी अध्यक्ष सुनील कुमार को वस्तुस्थिति से अवगत कराई और गस्ती के दौरान संबलपुर दियरा जाने वाली मोड़ एक संदिग्ध अवस्था में इ-रिक्सा चली आ रही थी। जिसमें तीन शराब कारोबारी नशे में धूत थे । तथा इ-रिक्सा की तलाशी के दौरान छुपाकर रखी बोरा लगभग 200 लीटर देशी शराब सहित 03 शराब कारोबारी दबोचा गया। वह पहचान में अशोक चौधरी पिता भगवान चौधरी साटिन सवाईच, थाना सोनपुर, सारण मिथलेश कुमार पिता जर्नादन राय तथा लड्डू कुमार पिता सबीलाल राय दोनों चहारम, संबलपुर दियरा, थाना सोनपुर सारन बताया। वहीं ओपी अध्यक्ष आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी छपरा भेजा । न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### राष्ट्रीय प्रयास नाट्य मेला का हुआ समापन

**जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटनाः** पटना के कालिदास रंगालय में 6 से 10 नवम्बर तक राष्ट्रीय नाट्य मेला महोत्सव का वृहस्पतिवार को हुआ समापन। उक्त अवधि में नाटक, नुक्कड़ नाटक, मैजिक शो (जादू), लोकगीत, लोकनृत्य, संगीत एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मेला में रविवार (06 नवम्बर) को मिथिलेश सिंह निर्देशित रामधारी सिंह दिनकर रचित "रश्मिरथी" का मंचन हुआ। सोमवार (07 नवम्बर) को सआदत हसन मंटो रचित "काली सलवार" का हुआ मंचन, मंगलवार (08 नवम्बर) को डॉ शशि सहगल रचित "रेत और इन्द्रधनुष" का हुआ मंचन, बुधवार (09 नवम्बर) को लक्ष्मी नारायण लाल रचित "व्यक्तिगत" का हुआ मंचन और अंतिम दिन बृहस्पतिवार (10 नवम्बर) को मो आसिफ अली रचित "मिस गुलाब जान" का हुआ मंचन। वरिष्ठ रूप सज्जाकार "बच्चन लाल" को समर्पित मेल में 08 नवम्बर को संगीत के जाने माने कलाकार देवराज मुन्ना ने अपना धमाकेदार जलवा दिखाया। देवराज मुन्ना कई पुरस्कार से सम्मानित भी हो चुके है। देवराज मीणा के ने भी धमाकेदार प्रस्तुति दी। उन्होंने "नजरिया हो हमारी ओर... और ललकी किरिनिया के कोर..." गाकर दर्शकों की वाहवाही बटोरी। गायक शिवम सागर, अमित सिंह एमी, नीतू कुमारी नवगीत एवं अन्य कलाकारों ने भी अच्छी प्रस्तुति दी। लोक नृत्य की जोड़ी में आलोक कुमार झा और पूजा ने समा बाधी। उक्त अवसर पर कलाकारों को प्रयास रंग मंडल द्वारा स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।

### 15527/28 कमला गंगा ट्रेन का गढ़हरा रेलवे हॉल्ट पर ठहराव

**सोनपुर (जागृति संवाददाता)।** कुछ समाचार पत्रों में दिनांक 28 अक्टूबर 2022 से गढ़हरा रेलवे हॉल्ट पर कमला गंगा ट्रेन (15527/28) का ठहराव बंद कर दिया गया है, का जिक्र किया गया है, इस संबंध में रेल प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि गाड़ी संख्या 15527/28 कमला गंगा ट्रेन कोरोना काल के दौरान बंद के उपरांत पुनः 01 अक्टूबर 2021 से चालू किया गया था । तब से उक्त ट्रेन का गढ़हरा रेलवे हॉल्ट पर ठहराव नहीं है, पुरानी समय सारणी जो दिनांक 01 अक्टूबर 2021 एवं नए समय सारणी जो दिनांक 01 अक्टूबर 2022 से लागू है जिसमें उक्त गाड़ी का ठहराव गढ़हरा हॉल्ट पर नहीं है । इस ट्रेन का बरौनी जंक्शन के बाद दिनकर ग्राम सिमरिया ही ठहराव है ।

### बजरंग दल ने हिंदू हित चिंतक अभियान का किया शुभारंभ

**कुशेश्वरस्थान।** बजरंग दल के जिला संयोजक सुभाष शर्मा भगवाधारी के नेतृत्व में मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित हिंदू हित चिंतक अभियान का शुभारंभ किया गया। अभिगमन के दौरान प्रखंड के दो हजार हिन्दू परिवारों तक पहुंच कर संगठन के उद्देश्य के संबंध में जानकारी देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस क्रम में संगठन के कार्यकर्ताओं ने हिन्दू समाज को हितचिंतक अभियान में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का अपील किया। जिला संयोजक श्री शर्मा ने बताया कि 2024 में विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना के 60 वां वर्षगांठ पर संगठन का विस्तार कर एक लाख गांवों व्यवस्थित रूप से समिति का गठन किया जाएगा। संगठन के कार्यकर्ताओं को हिन्दू परिवारों तक पहुंचने का उद्देश्य धर्म के प्रति जागरूक करना है। मौके पर संगठन के प्रखंड उपाध्यक्ष शिवम् कुमार,अमलेश कुमार यादव सहित विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चिकित्सा चिकित्सक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बसडीहां में स्वास्थ शिविर का आयोजन

**दिनारा(निज प्रतिनिधि)**केंद्र सरकार द्वारा संचालित चिकित्सा चिकित्सक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक बसडीहां के प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महर्षि विश्वामित्र संत आरोग्य वाहन के द्वारा चिकित्सकों तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने 50 रोगियों का विभिन्न रोगों से संबंधित समस्याओं पर परामर्श देते हुए आवश्यकता अनुसार मुफ्त जांच एवं मुफ्त दवा उपलब्ध कराया गया। ग्रामीण क्षेत्र में चलंत वाहन के माध्यम से उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं से स्थानीय लोग काफी उत्साहित दिखे और अपने अपने रोगों के इलाज के लिए वहां तक पहुंच गए। चलंत वाहन के साथ आए डॉ शिवम शर्मा ने बताया कि मरीजों के भीड़ को देखते हुए पुनः शुक्रवार को भी चलंत वाहन ग्रामीण बैंक परिसर में लाया जाएगा। वाहन के साथ डॉ शिवम शर्मा के अलावे एएनएम मंजू कुमारी, लैब टेक्नीशियन बाल्मीकि कुमार एवं चालक जितेंद्र कुमार ओझा भी मौजूद थे।

### जल्द हो जाएगी जिप समिति की घोषणा कईयों की उम्मीद पर फिरेगा पानी

**दरभंगा जागृति संवाददाता।** करीब एक वर्ष बाद जिला परिषद के स्थायी समिति के गठन में हो रही कठिनाई खत्म होने वाली है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो इस महीने में स्थायी समिति की घोषणा हो जाएगी। जिसके बाद जिला परिषद के ठप पड़े विकास कार्य तेज हो जायेंगे। हालांकि स्थायी समिति गठन को लेकर कोई भी कुछ बताना नहीं चाहता है। लेकिन समिति गठन की सारी कागजी प्रक्रिया पूरी कर संबंधित अधिकारियों के पास जो सूची भेजी गई थी उसपर सिर्फ मुहर लगना बांकी है। सूत्रों की माने तो विभागीय प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो गयी है अब सिर्फ समिति की घोषणा होना बांकी है। ज्ञात हो कि 3 जनवरी को जिप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ तथा 9 फरवरी को जिप की पहली बैठक हुई थी। जिसके बाद से अब तक समितियों का गठन नहीं हो पाया है। सूत्रों की मानें तो केवटी से जिप सदस्य नादरा हुसैन को उत्पादन, कुशेश्वरस्थान से जिप सदस्य पूनम मणि शर्मा को शिक्षा, गौड़ाबौराम से जिप सदस्य छेदी साहु को लोक कार्य, बहादुरपुर से जिप सदस्य काजल देवी को स्वास्थ्य व अलीनगर से नंद किशोर झा को सामाजिक न्याय समिति का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। इसके अलावे जिप सदस्य हरि मोहन यादव, लाल कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार झा, राजेन्द्र प्रसाद, गुणेश्वर ठाकुर, सुमित्रा देवी, रीता देवी, फरहत हैदर, सुलेखा देवी, दिलीप कुमार यादव, सीमा कुमारी, विभा देवी, नवीन कुमार दुबे, ओम प्रकाश ठाकुर, आशा देवी, समता कुमारी, अजय कुमार यादव को विभिन्न समितियों में जगह मिल सकती है। साथ ही कई ऐसे लोग भी है जो समिति में नामित हो सकते है।

### डीएम ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को किया निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश

**भभुआ (कैमूर) ब्यूरो :** जिलाधिकारी कैमूर नवदीप शुक्ला ने गुरुवार को भगवानपुर प्रखंड के पढ़ौती पंचायत में सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया । उन्होंने जांच के दौरान निम्न बिंदुओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया । उन्होंने मध्य विद्यालय, बल्लीपुर का निरीक्षण किया । वहां बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। डीएम ने बच्चों के बीच बैठकर शैक्षणिक गुणवत्ता को भी परखा गया और सुधार के संबंध में शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया । उन्होंने ग्राम बल्लीपुर वार्ड संख्या 02 में गली नाली योजना का कार्य देखा । इसके बाद संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया। इस क्रम में डीएम ने नल जल योजना अंतर्गत बल्लीपुर ग्राम में वार्ड 02 का निरीक्षण किया । जहां कुछ घरों में जलापूर्ति नहीं हो रही थी । जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को तत्काल जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया । इसके अलावा उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र बल्लीपुर का निरीक्षण किया । जहां पर बच्चें ड्रेस में दिखें। डीएम ने मनरेगा योजना अंतर्गत "भैरोपुर बल्लापुर माइनर से बल्लीपुर तक वृक्षारोपण कार्य" का निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।

### विधायक ने विभिन्न सड़कों के निर्माण को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**मोहिउद्दीननगर, जागृति संवाददाता।** स्थानीय विधायक राजेश कुमार सिंह के आवासीय परिसर अनुग्रह नगर बलुआही में मुख्यमंत्री संपर्क योजना के तहत भूमि अधिग्रहण कर बनने वाले सड़कों के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री संपर्क योजना के तहत अंदौर भुइंया स्थान पासवान टोल,मरवाघाट पहुंच पथ,धर्मपुर से आलमपुर बदिया,महमद्दीपुर पंचायत रोड से सरयुग महतो के घर तक, बोचहा हरिजन टोल बालू पर,यादव टोला तीन घरवा,राम लौलीन राय के घर से मुख्यमंत्री सड़क तक सहित कई और महत्वपूर्ण सड़क पर विधायक राजेश कुमार सिंह ने अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार रंजन, राजस्व अधिकारी हेमंत अंकुर, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता संजय कुमार,जेइ प्रमोद कुमार, अंचल अमीन विशाल कुमार, अभय कुमार सिंह के साथ समीक्षा बैठक किया। विधायक ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अविलम्ब जमीन संबंधी समस्या का समाधान कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाय। मौके पर अमरेश कुमार,राजेश कुमार,बीरचंद्र राय,धर्मेंद्र राय,छोटे कुमार,धीरज कुमार,रवीश कुमार सिंह,सोनू कुमार आदि उपस्थित रहे।

# विधायक ने विभिन्न सड़कों के निर्माण को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**समस्तीपुर, जागृति संवाददाता।** स्थानीय विधायक राजेश कुमार सिंह के आवासीय परिसर अनुग्रह नगर बलुआही में मुख्यमंत्री संपर्क योजना के तहत भूमि अधिग्रहण कर बनने वाले सड़कों के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री संपर्क योजना के तहत अंदौर भुइंया स्थान पासवान टोल,मरवाघाट पहुंच पथ,धर्मपुर से आलमपुर बदिया,महमद्दीपुर पंचायत रोड से सरयुग महतो के घर तक, बोचहा हरिजन टोल बालू पर,यादव टोला तीन घरवा,राम लौलीन राय के घर से मुख्यमंत्री सड़क तक सहित कई और महत्वपूर्ण सड़क पर विधायक राजेश कुमार सिंह ने अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार रंजन, राजस्व अधिकारी हेमंत अंकुर, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता संजय कुमार,जेइ प्रमोद कुमार, अंचल अमीन विशाल कुमार, अभय कुमार सिंह के साथ समीक्षा बैठक किया। विधायक ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अविलम्ब जमीन संबंधी समस्या का समाधान कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाय। मौके पर अमरेश कुमार,राजेश कुमार,बीरचंद्र राय,धर्मेंद्र राय,छोटे कुमार,धीरज कुमार,रवीश कुमार सिंह,सोनू कुमार आदि उपस्थित रहे।



## पंच सरपंच राज्य महासम्मेलन में भाग लेने हेतु बड़ी संख्या में रवाना



**पत्रकार नगर,खगड़िया।** बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के बैनर तले खगड़िया रेलवे जंक्शन परिसर में जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष किरण देव यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन कर 1000 से अधिक संख्या में संघ के राज्य महासम्मेलन में भाग लेने हेतु पटना रवाना हुए। श्री यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंच सरपंचों को वेतन वृद्धि नहीं कर वाजिब मांग पूरा नहीं की जा रही है किंतु विधायक का वेतन भत्ता पेंशन सुविधा में अप्रत्याशित वृद्धि किया गया है जो घोर निंदनीय है। एवं पंच सरपंचों के साथ सौतेला व्यवहार है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि अमीर को और अमीर एवं गरीब को और गरीब बनाया जा रहा है। लोकसभा विधानसभा राज्यसभा के प्रतिनिधियों के तरह ग्राम सभा के प्रतिनिधियों को चौथाई हिस्सा सम्मान सुरक्षा सुविधा वेतन बीमा भत्ता पेंशन अन्य सुविधा में दी जाए। श्री यादव ने करोड़पति अरबपति विधायक का वृद्धित दस प्रतिशत वेतन वापस लेने एवं पंच सरपंचों को सम्मानित वेतन वृद्धि करने , सम्मान सुरक्षा सुविधा वेतन बीमा भत्ता पेंशन अन्य अधिकार देने की मांग किया है। अन्यथा संघ के राज्य महासम्मेलन में ठोस रणनीति बनाकर सरकार की दोहरी नीति एवं सत्यापन विभाग के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया जाएगा।प्रदर्शन में जिला महासचिव मनोज कुमार, खगड़िया अध्यक्ष राजेंद्र यादव, प्रदेश सचिव अर्जुन महतो, परवत्ता अध्यक्ष रीना देवी, संयोजक रणवीर यादव, देवनारायण रजक, रतन राम, दिलीप पटेल, अनुराधा देवी आदि सैकड़ों पंच सरपंच ने भाग लिया।

## एसडीओ ने बुलाकिपुर पंचायत के विभिन्न योजनाओं की की जांच



**दलसिंहसराय (समस्तीपुर) जागृति संवाददाता।** । अनुमंडल पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने दलसिंहसराय प्रखंड अंतर्गत बुलाकीपुर पंचायत में विभिन्न योजनाओं की जांच की गयी जांच के क्रम में पंचायत भवन गली नाली योजना नल जल योजना ग्रामीण सड़क पैक्स धान अधिप्राप्ति जन वितरण प्रणाली विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र की जांच की गई । जांच के क्रम में स्वास्थ्य उप केंद्र बुलाकीपुर में एएनएम सुषमा कुमारी उपस्थित पाई गई परंतु उपकेंद्र में उपलब्ध दवा अव्यवस्थित रूप से रखा हुआ पाया गया । जिसके संबंध में एएनएम को निर्देश दिया गया पैक्स बुलाकी पुर में धान की अधिप्राप्ति अब तक प्रारंभ नहीं हुई है इस संबंध में पैक्स अध्यक्ष से पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि अभी धान की कटनी शुरू हुई है 10 -15 दिनों के बाद ही अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ हो सकेगा । वहीं प्राथमिक विद्यालय मकदुमपुर बुलाकी पुर के निरीक्षण के क्रम में विद्यालय के भवन की स्थिति काफी जर्जर पाई गई एवं बच्चों के लिए मध्यान भोजन तैयार की जाने वाले रसोई घर की स्थिति भी अत्यधिक जर्जर पाई गई इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार से पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा गया है परंतु विभाग से निधि राशि आवंटित नहीं होने के कारण मरम्मती का कार्य नहीं कराया जा सका है । विद्यालय दो भवनों में चलता हुआ पाया गया जो भवनों के बीच में मिट्टी करण कराने की आवश्यकता है एवं विद्यालय के चहारदीवारी की अत्यंत आवश्यकता बताई गई क्योंकि विद्यालय के समीप में बहुत बड़ा तालाब है ।

# किसान फसल चक्र बीज उपचार एवं खेत की गर्मी में जुताई करें तो फसलो में कीटन व रोग व्याधि का प्रकोप में कमी आती है

**दलसिंहसराय जागृति संवाददाता।** प्रखंड स्थित किसान भवन के सभाकक्ष में बृहस्पतिवार को रवि महाभियान प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय ने की । कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी , प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी , प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी , उद्यान पदाधिकारी आत्मा अध्यक्ष प्रखंड प्रमुख जिला परिषद सदस्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम का संचालन कृषि सम्बन्यक राणा कुमार ने किया । उद्घाटन के बाद आत्मा के जिला स्तरीय प्रशिक्षक मारुति नंदन शुक्ला ने रवि फसलों के उत्पादन सहित आत्मा की योजनाओं के बारे में बताया । कृषि समन्वयक अभिषेक कुमार गुप्ता ने कृषि विभाग के सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया उद्यान पदाधिकारी मनीष कुमार ने उद्यान विभाग के योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया । अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डॉ सिद्धार्थ ने किसानों की समस्याओं को हल किया प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शांता कुमार ने कहा कि किसान फसल चक्र बीज उपचार एवं खेत की गर्मी में जुताई करें तो फसलों में कीट एवं रोग व्याधि का प्रकोप में कमी आती है जिला परिषद सदस्य सुनीता शर्मा ने किसानों को जैविक खेती करने की सलाह दी प्रखंड प्रमुख संजीव कुमार ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने तथा कृषि विभाग की की योजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी । अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय ने कहा कि बिस्कोमान बंद होने से किसानों को हाथ की समस्या बनी रहती है जिला कृषि i मौके पर प्रखंड के प्रगतिशील किसान राम उदगार सिंह पंकज कुमार साह राम प्रवेश सिंह रमेश राय अर्जुन रावत सिकंदर प्रसाद सिंह कमल कांत निराला बवा चौधरी आदि किसान उपस्थित थे।






# एक नजर

## राजकीय मध्य विद्यालय इटवां में शिक्षक-अभिभावक की बैठक आयोजित

बिक्रमगंज (रोहतास )।सं. काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय इटवां के प्रांगण में प्रगति-पत्रक वितरण के उपरांत प्रभारी प्रधानाध्यापिका गीता सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक व अभिभावकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई । जानकारी देते हुए उक्त विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने प्रगति-पत्रक देने के उपरांत अभिभावकों के साथ संवाद करते हुए कहा कि ससमय अपने-अपने बच्चों के ऊपर पढ़ाई से संबंधित आप सब ध्यान दें , साथ ही साथ प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने अपने विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं से अपील करते हुए कहा कि आप सब ईमानदारी के साथ बच्चों को उच्च शिक्षा दें । क्योंकि हमारे बच्चे देश के भविष्य है । इन्हीं बच्चों के द्वारा हमारा देश अपने उत्कृष्ट स्थानों पर पहुंचा है । उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि आप सबके पास अगर विद्यालय से संबंधित कोई भी समस्या हो , तो बिना संकोच किए हुए सूचना दें । मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका गीता सिंह , राकेश कुमार ,अंजना मिश्रा , पुष्पा कुमारी , किरण कुमारी , टुकेश कुमार सिंह , धीरेंद्र कुमार सिंह , मनीषा कुमारी , विद्यालय के बच्चे व अभिभावक सहित शिक्षक-शिक्षिका लोग उपस्थित हुए ।

## शवदाह गृह का उद्घाटन

काराकाट ( रोहतास )।सं.काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दनवार पंचायत के इब्राहिमपुर गांव में स्थानीय मुखिया के द्वारा 4 लाख 24 हजार रूपए के लागत खर्च से बने शवदाह गृह का उद्घाटन स्वर्गीय भदेला डोम के पौत्र फागू डोम के कर कमलों द्वारा किया गया । मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीण लोग मौजूद थे ।

## 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ कारोबारी धराया

बिक्रमगंज( रोहतास )।सं. काराकाट पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को धर दबोचा । काराकाट थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि स्थानीय थाना के सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार अपने टीम के साथ गुप्त सूचना के आधार पर काराकाट बाजार के डोम टोली छापेमारी किया । छापेमारी के दौरान उक्त स्थलों से पुलिस ने 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ मजनू डोम को गिरफ्तार किया । उन्होंने बताया कि उक्त कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

## निःशुल्क मेगा आई चेकअप कैंप का आयोजन

दावथ( रोहतास) स्व० पंडित मुरलीधर तिवारी के द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर बाबा मुरलीधर सेवा समिति और निर्वाणा नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में दावथ थाना क्षेत्र के परमानपुर में निःशुल्क मेगा आई चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे 200 से ज्यादा लोगों की आंखों का परीक्षण किया गया और दवाई व चश्मे का वितरण किया गया इसी क्रम में आज 5 लोगों का सफल ऑपरेशन भी निर्वाणा नेत्रालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस आयोजन को सफल बनाने में विजय कुमार तिवारी जी और निर्वाणा नेत्रालय के अनुभवी चिकित्सक एवम सहायक दल समेत अशोक तिवारी,श्याम जी तिवारी, विंध्याचल तिवारी,राजा तिवारी, सुमित तिवारी व जगमोहन से आए विशेष अतिथि आजसु प्रवक्ता अप्पू तिवारी, मुन्ना चौबे व गौरव कुशवाहा जी का मुख्य योगदान रहा ।

## सादे लिबास में शराब पकड़ने गई पुलिस से नोक झोंक, दो गिरफ्तार

नासरीगंज(रोहतास)ः थाना क्षेत्र के नासरीगंज नगर पंचायत वार्ड 05 में शराब पकड़ने गई पुलिस के साथ नोक-झोंक के मामले में तीन लोगों पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया है। जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार ने बताया है कि बुधवार की संध्या करीब 7 बजकर 20 मिनट पर एसआई अजय कुमार पुलिस बल के साथ शराब बिक्री की गुप्त सुचना पर नासरीगंज नगर के वार्ड 05 में सत्यनारायण प्रसाद के घर के सामने शराब पकड़ने गये तो दो लोग खड़े थे। एक व्यक्ति के हाथ में एक शराब का बोतल था जो दूसरे व्यक्ति को दे रहा था। इसी बीच पुलिस को देख एक व्यक्ति शराब की बोतल लेकर भाग गया, दूसरे व्यक्ति को पकड़ा गया। उससे नाम पूछने पर उदय कुमार पिता सत्यनारायण प्रसाद बताया। इसी बीच पकड़ाये व्यक्ति उदय कुमार की माता पुनम कुमारी आ गई। उसने भी नोक झोंक किया। पुलिस के साथ मारपीट की गई। जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दो गिरफ्तार व एक फरार राजू कुमार पर पुलिस के साथ मारपीट करने के मामले में जेल भेज दिया गया। इधर परिजन सत्यनारायण प्रसाद ने बताया कि बुधवार की संध्या में मेरे घर में शादी के सम्बंध में मेहमान आये थे। तभी सादे लिबास में बुधवार की संध्या करीब 7 बजकर 20 बजे मिनट पर तीन लोग मेरे दरवाजे के सामने पहुंचे तो मेरा दोनों बेटा घर से सामने सड़क पर खड़े थे। तभी दोनों को तलाशी लेने लगे तो सादे लिबास में तलाशी करने पर नोक झोंक हो गई। हो हंगामा सुन घर के लोग और पड़ोसी भी जुट गये। सादे लिबास में लोग समझ नहीं पाये कि ये पुलिस के लोग है। उसी में एसआई अजय कुमार पिस्टल निकाल लिये और थाना को फोन किया। तभी वर्दी में पुलिस पहुंची ने उदय कुमार व पुनम कुमारी को गिरफ्तार कर थाना ले जाकर जेल भेज दिया ।

## शराब के मामलें के अभियुक्त

दिनारा( निज प्रतिनिधि )स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के चितांव गांव से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष शैशन कुमार ने बताया कि गुड्डू सिंह ग्राम चितांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।जिसके उपर एक माह पहले शराब का मामला दर्ज किया गया था।

## अनियमितता के आरोप में प्रधानाध्यापक निलंबित

दिनारा( निज प्रतिनिधि) प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय मेदनीपुर के प्रधानाध्यापक सुधांशु कुमार को मध्याहन भोजन के चावल गबन के आरोप में जिला शिक्षा पदाधिकारी रोहतास द्वारा निलंबन का आदेश दिया गया है।जिला शिक्षा पदाधिकारी के ज्ञापंक एल-3194 दिनांक 5 नवंबर 2022 में कहा गया है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पत्रांक-एमडीएम/222 दिनांक 30 सितंबर 2022 एवं पत्रांक-एमडीएम/239 दिनांक 11 अक्टूबर 2022 द्वारा प्राप्त आरोप पत्र "क" के आधार पर प्रधानाध्यापक सुधांशु कुमार को मध्याहन भोजन में अनियमितता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।ज्ञात हो कि मेदनीपुर निवासी ध्रुव कुमार सिंह के द्वारा उक्त मामले को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के यहां विगत 11 जुलाई 2022 को लिखित शिकायत की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि सुधांशु कुमार प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय मेदिनीपुर पर मध्याहन भोजन में गबन के आरोप को विभाग द्वारा जांच उपरांत जिला शिक्षा पदाधिकारी रोहतास द्वारा अपने पत्रांक 105 दिनांक 11 मार्च 2022 के अनुसार दिए हो जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। ध्रुव कुमार सिंह के शिकायत को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा संज्ञान में लिए जाने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक सुधांशु कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। ध्रुव कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले को प्रथम अपीलीय प्राधिकार में भी पहुंचाया था। उन्होंने बताया कि सुधांशु कुमार इसके पूर्व भी विद्यालय के छात्रवृत्ति एवं पोशाक योजना में छात्रों के खाते में राशि स्थानांतरित करने में अनियमितता को लेकर निलंबित रह चुके हैं।

## 8 पियक्कड़ गया जेल

बिक्रमगंज । पुलिस ने अलग-अलग जगहों से आठ पियक्कड़ को नशे की हालत में शोर-शराबा करते हुए गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि थाना के सब इंस्पेक्टर जयराम शुक्ला एवं उनके टीम के द्वारा नशे की हालत में शोर-शराबा करते हुए 8 पियक्कड़ को गिरफ्तार किया गया । उन्होंने कहा कि सभी आठों शराबियों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया ।

# रोहतास जिले का इतिहास गौरवशालीः डॉ अशोक चौधरी

## जिले का मनाया गया 50वां स्थापना दिवस, कार्यक्रमों की रही धूम

सासाराम। शहर के फजलगंज स्थित न्यू स्टेडियम में रोहतास जिले का 50वां स्थापना दिवस बड़े हीं उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। रोहतास जिले के प्रभारी मंत्री सह मुख्य अतिथि डॉ. अशोक चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया तथा आसमान में गुब्बारे भी छोड़े गए। इस दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के शुरुआत में छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्र गान प्रस्तुत किया गया जिसके बाद बच्चों ने अपने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का खूब मनोरंजन किया। इसी क्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों ने 50 वर्ष पूरे होने पर रोहतास जिले के वैभवशाली इतिहास की विवेचना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि कृषि, पर्यटन, शिक्षा सहित



विभिन्न क्षेत्रों में रोहतास जिला पूरे बिहार में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जिले का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है तथा वर्तमान भी काफी प्रगतिशील है। पिछले 50 सालों में रोहतास जिला ने काफी प्रगति की है। जिसकी रफ्तार और तेज की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ अशोक चौधरी ने रोहतास जिले पर बनाए गए वीडियो डॉक्यूमेंट्री के साथ-साथ कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। साथ हीं साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद लोगों के साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए लाभार्थियों के बीच लाभ भी वितरित किए गए। फजलगंज स्टेडियम में स्थापना दिवस कार्यक्रम के मौके पर जिले के कृषि विभाग, आत्मा, आईसीडीएस सहित कई विभागों द्वारा स्टाल भी लगाए गए थे। जहां उपस्थित सभी अधिकारियों ने बारी-बारी से सभी स्टालों का निरीक्षण कर कई जानकारियां प्राप्त की। गौरतलब हो कि जिला स्थापना दिवस को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा बीते 3 दिनों से तरह तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं आज देर शाम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय सहित कई नामचीन कलाकार भी शिरकत करेंगें। जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम, विधायक संतोष मिश्रा, विधायक राजेश गुप्ता, जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, एसपी आशीष भारती, उप विकास आयुक्त शेखर आनंद, एएसपी डॉ. नवजोत सिमी, एसडीपीओ संतोष कुमार राय सहित अन्य अधिकारी व काफी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं आम लोग मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटकर 60 भेड़ सहित भेड़ पालक की मौत

करगहर/रोहतास। स्थानीय थाना क्षेत्र के अररूआ गांव के गुरुवार की अहले सुबह 60 भेड़ सहित एक भेड़ पालक की मौत हो गई। बताया जाता है कि अररूआ निवासी हीरा पाल के 48 वर्षीय पुत्र अवधेश पाल अपने भेड़ो को चराने के लिए लगभग चार-पाँच माह से उत्तर प्रदेश के जौनपुर के तरफ गये थे । जहाँ भेड़ चराते -चराते वह अपने गांव अररूआ के तरफ आ रहे थे । भेड़ चराते हुए अवधेश पाल मोहनिया के रेलवे ट्रैक पार करने लगे। भेड़ो को ट्रैक पार कराने के दौरान 60 भेड़ों सहित ट्रेन के चपेट मे आ गये जिसके कटकर उनकी व भेड़ो की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी खबर जैसे ही परिजनों को मिली तो परिवार वालों मे चित्कार मच गया । वही पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया।

## एडीएसओ बन एमो ने जारी किया राशन कार्ड प्रशासनिक महकमे में बना चर्चा का विषय

बिक्रमगंज (रोहतास)।किसी व्यक्ति के अक्सर अधिकारी बन झांसा देकर ठगी करने का मामला प्रकाश में आते रहे है तथा पुलिस उसे अपने गिरफ्त में लेकर सलाखों के पीछे धकेलती रही है।लेकिन इस बार एक अधिकारी ही उच्च अधिकारी बनने की घटना रोहतास में पहली बार प्रकाश में आते नजर आया है। एक मामला को संपादित करने की सोशल मीडिया में इस समय तेजी से सुर्खियां बटोर रहा है। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी बिक्रमगंज बन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दिनारा ने अपने हस्ताक्षरयुक्त एव एडीएसओ के मोहर दर्शाकर एक लाभार्थी को राशन कार्ड जारी करने की घटना प्रकाश में आया है।हालांकि इसकी पुष्टि अखबार नही करता है ।लेकिन यह हस्ताक्षर युक्त राशन कार्ड सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।बताया जाता है कि एडीएसओ बिक्रमगंज के पद पर राहुल कुमार पदस्थापित है। जबकि एमो दिनारा के पद पर प्रदीप कुमार पटेल तैनात हैं।मिली जानकारी के अनुसार,दिनांक 7.9.22 को प्रदीप कुमार पटेल ने दिनारा के ही एक लाभार्थी रीना देवी नामक महिला के कार्ड पर स्वयं हस्ताक्षर कर तथा सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी का मोहर युक्त कार्ड जारी किया गया है।जो इस समय सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है।इस बाबत एमो प्रदीप पटेल ने बताया कि एडीएसओ के अनुपस्थिति में कार्ड जारी किया जाता रहा है तथा उस दिन एडीएसओ के क्षेत्र में रहने के वजह से हमने कार्ड को जारी किया है।यह कोई नही बात नही है।एक दूसरे के अनुपस्थिति में यह कार्य किया गया है।जो जायज है।जबकि एडीएसओ राहुल कुमार ने बताया कि मै उक्त तिथि को अनुपस्थित नही था और यह कार्ड अनाधिकृत रूप से जारी की गई है।हालांकि यह मामला जांच का विषय है और जचोपरांत ही सपष्ट हो पायेगा कि कार्ड जारी करने के लिए एमो पूर्णतः अधिकृत थे या नही।फिलहाल जहां यह मामला प्रशासनिक महकमे में सनसनी फैला हुआ है तथा चर्चा का विषय बना हुआ है।वही जितनी मुंह उतनी बातें हो रही है।कुछ लोगो का तर्क है कि जिले का डीएम क्षेत्र में हो तो कोई अधिकारी उनके अनुपस्थिति में स्वयं डीएम बन हस्ताक्षर कर मोहर का इस्तेमाल कर सकता है।यह आम नागरिकों के लिए यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

## निलकंठपुर की सरजमीं पर देवी जागरण का आयोजन, झूम उठे श्रोता

बिक्रमगंज(रोहतास ) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसुम्हरा थाना सूर्यपुरा के नीलकंठपुर गांव में बुधवार की रात श्रीसत्यचंडी महाकीर्तन सह रामचरितमानस का 29 वां आयोजन के पावन अवसर पर देवी जागरण का आयोजन किया गया । जिस कार्यक्रम का उद्घाटन यज्ञ समिति के संस्थापक ललन बाबा एवं गुड्डू बाबा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । उसके उपरांत यज्ञ समिति के आयोजनकर्त्ता राष्ट्रीय कथावाचक ब्रजकिशोर चंद्र शास्त्री के द्वारा देवी जागरण के दौरान आए हुए तमाम भोजपुरी कलाकारों को पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत में चर्चित ब्यास गोलू चौबे ने अंबे- अंबे बोलो जगदंबे देवी गीतों से शुरुआत की । उसके उपरांत अन्य भोजपुरी कलाकारों में चेतक ब्यास , गिरधारी लाल , कुणाल , भरत जी समेत अन्य कलाकारों ने अपना-अपना समा बांधा । देवी जागरण के दौरान भोजपुरी कलाकारों के द्वारा गीत की प्रस्तुति के दौरान यज्ञ स्थल पर जुटे श्रद्धालुओं के द्वारा तालियों से स्वागत किया गया ।

## सड़क दुर्घटना में बिहार पुलिस के जवान का पैतृक गांव पहुंचा शव, हजारों लोग अंतिम संस्कार में हुए शामिल

नासरीगंज(रोहतास)। थाना क्षेत्र के बलिया गांव निवासी लक्ष्मण प्रसाद के लगभग 30 वर्षीय पुत्र इटाढ़ी पुलिस लाइन में कार्यरत विक्रांत भारती का बक्सर जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इटाढ़ी-बक्सर मुख्य मार्ग पर हुकहाँ गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो दिनों तक चले इलाज के दौरान हुई मौत के बाद बक्सर एसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में मृतक सिपाही का शव पैतृक गांव बलिया में बुधवार की देर रात पहुंचते ही आस-पास के ग्रामीणों व परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की शव को देखने के लिए सुबह से ही उसके दरवाजे पर लोगो की भीड़ उमड़ने लगी। मृतक सिपाही विक्रांत भारती सुबह में अपने बाइक से बक्सर जिला मुख्यालय से इटाढ़ी पुलिस लाइन ड्यूटी जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने ठोकर मार दिया था। जिससे मृतक पुलिस सिपाही बुरी तरह से जख्मी हो गया था। जिसके बाद स्थानीय लोगो ने घायल पुलिस जवान को बक्सर सदर अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गम्भीर बताते हुए चिकित्सकों ने बनारस रेफर



कर दिया था। जहां पर दो दिनों तक इलाज चलने के बाद पुलिस जवान ने अंतिम सांसे ली।

**मृतक जवान की 2014 में भोजपुर जिले में हुई थी शादीः** मृतक विक्रांत भारती की शादी 2014 में भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव के सुदर्शन सिंह के पुत्री निधि से हुई थी। मृतक का एक बेटा युवराज( तीन वर्ष ) जबकि एक बेटी माही ( छह वर्ष ) की हैं। मृतक विक्रांत 2013 में पुलिस जवान में शामिल हुए थे। मृतक की पहली पोस्टिंग आरा के नवादा थाना में हुई थी। उसके बाद उसे बक्सर एसपी कार्यालय भेजा गया। उसके बाद उसका पोस्टिंग इटाढ़ी पुलिस लाइन में हो गया।

**बक्सर एसपी ने सिपाही को कहा जांबाजः** बक्सर एसपी नीरज कुमार ने सिपाही के शव को लेकर उसके पैतृक गाँव बलिया पहुँचे। जहां उन्होंने परिजनों व ग्रामीणों से कहा कि मृतक विक्रांत एक जांबाज व साहसी सिपाही था। निडर, ईमानदार व साफ सुथरा छवि के सिपाही को खोने का सभी बक्सर पुलिस को गम हैं।

**अंतिम संस्कार में पहुँचे कई लोगः** मृतक सिपाही के अंतिम संस्कार में मुखिया शशि कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, पूर्व बीडीसी प्रतिनिधि सतेंद्र मोहन सिंह, सरपंच अजय प्रसाद, समाजिक कार्यकर्ता राम कुमार, अलाउद्दीन, राजू, फंटूस, जोगिंदर सहित अन्य लोग शामिल थे।

## नाइजीरिया से मृतक बसंत कुमार का शव पहुंचे ही घर परिवार में मचा चीख पुकार

बिक्रमगंज(रोहतास )।सं. काराकाट थाना क्षेत्र के बाराडीह पंचायत के कांध बहुआरा गांव निवासी 30 वर्षीय बसंत कुमार नाइजीरिया में इलेक्ट्रीशियन के पद पर कार्यरत थे । 30 वर्षीय बसंत कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो जाने की बात बतायी जाती है । मृतक 30 वर्षीय बसंत कुमार जगरनाथ महतो का इकलौता बेटा थे जो छः माह के लिए नाइजीरिया में इलेक्ट्रिशियन के पद पर कार्य के लिए गये थे । 3 नवंबर को नाइजीरिया में हार्ड अटैक से मौत हो गयी थी । इनकी मौत की खबर के बाद गांव से लेकर क्षेत्र के लोगों में गम का माहौल कायम हो गया था । नाइजीरिया से 9 नवंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर मृतक का शव पहुंचा था । दिल्ली से 10 नवबंर को एम्बुलेंस से गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे मृतक के पैतृक गांव कांध बहुआरा शव पहुंचा । शव पहुंचते ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी । मृतक बसंत कुमार का अंतिम दर्शन के लिए लोग उमड़ पड़े । एकलौते बेटे की मौत पर पिता जगनारायण महतो, माता प्रभावती देवी का रो - रोकर बुरा हाल था वहीं पत्नी पूनम देवी बार बार बेहोश हो जाती थी । बेहोशी की हालत में किसी तरह लोगों ने उनके पति का अंतिम दर्शन कराया । परिजनों की चीख पुकार से सभी की आंखें नम हो गई । बतादें कि मृतक बसंत कुमार का तीन माह की एक बेटी तान्या है । लोगों का कहना था कि बसंत कुमार एक सामाजिक नेकदिल युवक था । इनकी आकस्मिक मौत से हमलोग काफी आहत है । बसंत कुमार का अंतिम संस्कार नासरीगंज के जमालपुर के सोन नदी के तट पर किया गया । अंतिम संस्कार में जदयू नेत्री मालती कुशवाहा, बाराडीह पैक्स अध्यक्ष पूर्व प्रत्याशी सौरभ सागर, मुखिया अफरोज आलम, बाराडीह पंचायत के सभी वार्ड सदस्य तथा क्षेत्रीय नेता से लेकर सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे ।

**पत्नी रो रो कर हो जा रही बेहोश-** अब कईसे जिअब हो रजउ... के लइकी के बिआहवा करी हो रजउ...यह कहकर मृतक अवधेश पाल की पत्नी संगीता देवी बेहोश हो जा रही है। वही मृतक के माँ रूना देवी अपने बेटे को देखकर बार बार बदहोश हो जा रही है। बताया जाता है कि मृतक अवधेश पाल अपने तीन भाइयों मे सबसे बड़े थे , दूसरा भाई दिनेश पाल अन्य राज्य मे किसी प्राइवेट कंपनी मे काम करता है। वही तीसरा भाग सुनिल पाल अन्य प्रदेश मे जाकर कपड़ा बेचने का काम करता है।

## मीटर बदली करण को बिजली विभाग ने लगाया शिविर

राजपुर रोहतास। मीटर बदली करण सहित उपभोक्ताओं के अन्य समस्याओं को ले गुरुवार को विधुत विभाग द्वारा पडरिया पंचायत भवन पर शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान दर्जन भर अधिक उपभोक्ता के खराब मीटर बदले गए।साथ ही विद्युत बिल में हुई गड़बड़ी को ठिक किया गया। विभाग के कर्मी पिंटू कुमार ने कहा कि पोल से घर तक लगने वाले विद्युत तार उपभोक्ता को ही देना हैं।विभाग के जेई मृत्युंजय कुमार ने कहा कि उपभोक्ता को किसी तरह की विजली संवंधी परेशानी हो वे राजपुर कार्यालय में आवेदन दे अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। उपभोक्ताओं के समाधान त्वरित रूप से विभाग करने को तैयार हैं। मौके पर कम्पनी के सुपरवाइजर रवि कुमार, समाजसेवी रिंकू पाण्डेय, वार्ड सदस्य हदिस अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला स्थापना दिवस के अवसर पर तुतला भवानी तिलौथू में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन




तिलौथू ( रोहतास )। रोहतास जिला स्थापना दिवस के अवसर पर तिलौथू प्रखंड के कैमूर पहाड़ी में अवस्थित माँ तुतला भवानी परिसर में निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर स्थापना दिवस मनाया गया। इस निबंध प्रतियोगिता में रामारानी विद्यालय डिहरी की छात्रा नंदनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त की। तिलौथू बीडीओ सह जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस निबंध प्रतियोगिता में डिहरी प्रखंड से 25 एवं तिलौथू प्रखंड से 15 बच्चे भाग लिया। जिसमें रामारानी विद्यालय डिहरी की छात्रा नंदनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त की। इस दौरान मौके पर उपस्थित डीपीओ ने कहा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचने से हम सभी इसका खामियाजा भुगत रहे हैं । इसलिए पर्यावरण का ख्याल रखें ताकि आने वाली पीढ़ी को ज्यादा नुकसान नहीं उठाना पड़े । मौके पर सीओ भारतेन्दु कुमार समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# फर्श पर बैठे बच्चे कर रहे भविष्य की तैयारी , जिम्मेवार कौन

बिक्रमगंज(रोहतास) ।सं. जिले के सरकारी विद्यालयों में सरकार द्वारा तमाम प्रयासों के बाद भी बदहाली से पीछा नहीं छूट रहा है । कहीं उपस्कर का अभाव , तो कहीं कमरों की कमी, कहीं शिक्षकों की कमी , तो कहीं खेल मैदान का अभाव , तो कहीं विद्यालय पर आने-जाने के लिए रास्ते का अभाव । गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सरकारी विद्यालयों के लिए सपने जैसी बात है । जबकि स्कूलों की व्यवस्था सुधारने को लेकर जहां सरकार पैसा पानी की तरह बहा रही हैं । वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है । कई स्कूलों में बच्चों को बैठाने , बैठने व पढ़ाई की समुचित व्यवस्था नहीं है । ऐसी स्थिति किसी एक सरकारी स्कूल में नहीं है , बल्कि जिले के अधिकांश विद्यालयों में है । बच्चों की संख्या के अनुपात में क्लास रूम ही नहीं हैं और न ही बैठने के लिए बेंच । किसी तरह की कोई प्लान की तैयारी नहीं होती है । जिले के प्राथमिक एवं मध्य




विद्यालयों में दिन प्रतिदिन शिक्षा की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है । सरकार द्वारा शिक्षकों के मानदेय एवं वेतन पर प्रतिमाह करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, बावजूद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है । लोग इसके लिए सरकार व प्रशासनिक तंत्र को जिम्मेवार ठहरा रहे हैं । विद्यालयों में अगर छात्र-छात्राओं को बैठकर पढ़ाई करने के लिए बेंच-डेस्क नहीं है । तो इस स्थिति में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करना बिल्कुल ही बेकार है ।

**विद्यालय भवन के चारों तरफ झाड़ी ही झाड़ी , शिक्षकों व बच्चों को हिंसक जंतुओं के काटने का सता रहा है डर :-** ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड अभियान के तहत स्थानीय अनुमंडलीय मीडिया की टीम ने काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गम्हरिया के निज ग्राम सोबेयां के प्राथमिक विद्यालय का जायजा लिया । अनुमंडलीय मीडिया की टीम विद्यालय परिसर में दोपहर 02 बजे पहुंचे । उक्त विद्यालय के प्रभारी एचएम चंदेश्वर सिंह से मिलकर अपने आने का प्रयोजन बताया । बातचीत के क्रम में जानकारी मिली कि विद्यालय में 65 बच्चे नामांकित बच्चे है । स्कूल में कक्षा एक से लेकर कक्षा पांच तक के छात्र व छात्राओं की पढ़ाई होती है । स्कूल में एचएम समेत कुल 4 शिक्षक पदस्थापित है । संसाधनों का भी घोर अभाव है । विद्यालय में कार्यालय समेत चार कमरे हैं । लेकिन बच्चों को बैठने के लिए बेंच-डेस्क नही है । इस कारण बच्चों को फर्श पर बैठना पड़ता है । विद्यालय में विषयवार पढ़ाई के लिए शिक्षक हैं । स्वाभाविक रूप से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाती है । वहीं विद्यालय के चारों ओर धान के फसल भी लगे है साथ ही साथ विद्यालय के चारों ओर भयानक झाड़ी ही झाड़ी लगा हुआ है । विद्यालय के प्रभारी एचएम का कहना है कि अनहोनी की आशंका हमेशा बनी रहती है । बच्चों के संग शिक्षकों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है ।

**स्कूल में खेल का मैदान नहीं :** बच्चों को खेलने के लिए उक्त विद्यालय में खेल मैदान भी नहीं है । वहीं सरकार की ओर से स्कूलों में बच्चों का दाखिला बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है । लेकिन यहां बच्चों का घोर अभाव है । इसके बाद हम सीढ़ियों से चढ़कर ऊपर की कक्षा में पहुंचे , जहां शिक्षक अतुल शेखर बच्चों को पढ़ा रहे थे । उक्त विद्यालय के बच्चों ने बताया कि हमलोगों को नीचे ही फर्श पर बैठकर पढ़ना पड़ता है ।

**विद्यालय पर आने-जाने के लिए रास्ता नही :** विद्यालय के एचएम श्री सिंह का कहना है कि विद्यालय पर आने व जाने का रास्ता बिल्कुल ही नही है । उन्होंने कहा कि विद्यालय पर आने व जाने के लिए एक पतली संकीर्ण पगडंडी का सहारा लेकर आना पड़ता है । साथ ही साथ संकीर्ण पगडंडी पर काफी घनघोर झाड़ी लगा हुआ है और गंदगी का अंबार भी लगा रहता है । लाख साफ- सफाई कराने के बावजूद भी समस्या का कोई निदान नही हो रहा है । साथ में सुविधाओं का भी काफी घोर अभाव है । जिसकी वजह से काफी परेशानी होती है । उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी स्थानीय मुखिया , जनप्रतिनिधियों , स्थानीय अधिकारियों एवं जिला के संबंधित वरीय अधिकारियों के पास भी मौखिक व लिखित रूप से सूचना दी गई है । लेकिन अभी तक कोई निदान नही हो पाया । श्री सिंह ने कहा कि विद्यालय परिसर के महज कुछ ही दूरी पर नलजल का पाइप बिछाकर अधूरा छोड़ दिया गया है । न जाने नलजल का पड़ा हुआ अधूरा कार्य पूरा होगा भी या फिर ठंढे बस्ते में डाल दिया जायेगा । यह आने वाला समय ही बताएगा । बताया कि विद्यालय के निजी फंड से बच्चों की सुविधा के लिए पानी की टंकी व नल 2013 में लगाया गया था , लेकिन नल और उसके पाइप को भी तोड़ दिया गया, साथ ही साथ पानी की टंकी को भी तोड़ दिया गया है , जो काफी निंदनीय है ।

## संपादकीय

# अब तो भ्रम से निकलें!

अब समय है, जब धनी देशों की आंख खुले। जिस समय दुनिया जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के 27वें सम्मेलन के लिए तैयार हो रही है, ये तथ्य सामने आया है कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण सबसे ज्यादा गर्म यूरोप का वातावरण हुआ है। अगर धनी देश इस भ्रम में थे कि अपनी समृद्धि और व्यवस्थागत कौशल के कारण वे जलवायु परिवर्तन की मार से बचे रहेंगे, तो अब उनकी आंख खुल जानी चाहिए। जिस समय दुनिया जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के 27वें सम्मेलन के लिए तैयार हो रही है, ये तथ्य सामने आया है कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण सबसे ज्यादा गर्म यूरोप का वातावरण हुआ है। साफ है कि जलवायु परिवर्तन की मार देर-सबेर सब पर पड़ेगी। ताजा रिपोर्ट गैर सरकारी संस्था- विश्व मौसम विज्ञान संस्थान (डब्लूएमओ) ने जारी की है। उसके मुताबिक गुजरे 30 साल में पृथ्वी के दूसरे भूभागों की तुलना में यूरोप करीब दोगुनी तेजी से गर्म हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक इस गर्मी की वजह से यूरोप भीषण सूख भी झेल रहा है और तेजी से आल्प्स के ग्लेशियर भी खो रहा है। यह गर्मी भूमध्यसागर को भी तपा रही है।

यूरोप गर्म होती दुनिया की लाइव तस्वीर पेश कर रहा है और बता रहा है कि अच्छी तरह तैयार समाज भी मौसमी अति की घटनाओं से सुरक्षित नहीं हैं। गौरतलब है कि 1991 से 2021 के बीच यूरोप का औसत तापमान हर दशक में 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ा। इसी समयावधि में बाकी दुनिया का तापमान हर दसवें साल में 0.2 डिग्री सेल्सियस के औसत से बढ़ा। 2021 में जलवायु परिवर्तन की वजह से यूरोप में इतनी मौसमी आपदाएं आईं कि 50 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। ताजा रिपोर्ट ने बताया है कि यूरोप का ज्यादातर इलाका उप-आर्कटिक और आर्कटिक क्षेत्रों से मिलकर बना है। इस वजह से गर्मियों में यूरोप के ऊपर कम बादल मंडरा रहे हैं, जिससे सूरज की सीधी किरणें सतह पर पहुंचकर तपिश पैदा कर रही हैं। कुछ वैज्ञानिक यूरोप को हीटवेब का हॉटस्पॉट कह रहे हैं। छह नवंबर से मिस्र एक शर्म अल शेख में विश्व जलवायु सम्मेलन कॉप-27 शुरू हो रहा है। अगर धनी देशों की आंख कुल गई हो, तो उनके नेता वे वहां कुछ ऐसे फैसले ले सकते हैं, जिससे धरती के तापमान में वृद्धि को रोका जा सकेगा। ऐसे कदम उठाए गए, तो सारी दुनिया सुरक्षित होगी।

# फिर टुकड़े टुकड़े गैंग की चर्चा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बार चुनाव प्रचार नहीं कर रहे हैं। वे कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। इस वजह से वे गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार करने नहीं गए हैं। उनके नहीं होने से उनकी पार्टी के लोग भी प्रचार में उनका नाम नहीं लेते हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने चार रैलियां की हैं लेकिन राहुल गांधी के नाम पर वोट नहीं मांगा है। भले कांग्रेस के लोग राहुल का जिक्र नहीं कर रहे हैं लेकिन भाजपा के बड़े नेता अब भी उनके नाम की चर्चा जरूर करते हैं। पिछले दिनों भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने टुकड़े टुकड़े गैंग की बात छेड़ी और राहुल गांधी को उसके साथ जोड़ा। जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ जुड़े हैं। इस पर एक दिलचस्प ट्विट राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने किया। उन्होंने नड्डा से कहा कि इसमें कुछ कंफ्यूजन है क्योंकि संसद में पूछे जाने पर सरकार की ओर से सांसदों को बताया गया कि टुकड़े टुकड़े गैंग जैसी किसी चीज का अस्तित्व नहीं है। जब केंद्र सरकार खुद ही कह रही है कि ऐसा कोई गैंग नहीं है फिर राहुल कैसे उससे जुड़े हैं? लेकिन चुनाव प्रचार में तर्क की बात कहां कोई करता है! बहरहाल, अनुराग ठाकुर ने भी इसका जिक्र छेड़ा और कहा कि राहुल गांधी टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ यात्रा कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने सवालिया लहजे में कहा क्या इसी वजह से प्रियंका गांधी उनकी यात्रा में नहीं शामिल हुई हैं?

# भारत की जी-20 अध्यक्षताः उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक बहुत ही बड़ा पल

**राजेश कुमार**



भारत एक महीने से भी कम वक्त में, 1 दिसंबर को जी-20 की अध्यक्षता लेने जा रहा है। इस दौरान वो एक बहुत ही ख़ास स्थिति में है जहां वो दुनिया भर के विकासशील देशों की चिंताओं और वरीयताओं के हक़ में आवाज़ उठा सकता है। इंडोनेशिया-भारत-ब्राजील की जो जी-20 वाली तिकड़ी है, उसके केंद्र में भारत खड़ा है। इस प्रतिष्ठित अंतर-सरकारी मंच के 14 साल के इतिहास में उभरती अर्थव्यवस्थाओं के नेतृत्व में अपनी तरह की ये पहली तिकड़ी है। तकरीबन 1.4 अरब की आबादी के साथ, दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी बढ़ती अर्थव्यवस्था के तौर पर भारत के पास गजब का आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रसूख है, जिससे वो ग्लोबल नैरेटिव का प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन कर सकता है ताकि आज की वास्तविकताओं का बेहतर ढंग से प्रतिनिधित्व कर सके।

जी-20 का पल भारत के लिए एक ऐसा मौका है जहां वो एक अंतरराष्ट्रीय एजेंडा निर्मित कर सकता है और उसे आगे बढ़ा सकता है। ये एजेंडा है - लाइफ (पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल), डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, महिला सशक्तिकरण और तकनीक आधारित विकास पर गहरा ध्यान देते हुए समावेशी, न्यायसंगत और स्थायी विकास को आगे की ओर रखना। हालांकि, तेजी से ध्रुवीकृत हो रही इस विश्व व्यवस्था में इन प्राथमिकताओं को उभारना कोई आसान काम नहीं है। जी-20 की भारतीय अध्यक्षता ऐसे समय पर आई है जब कुछ अन्य वैश्विक चिंताओं का ग्रहण लगा हुआ है। ये चिंताएं रूस और यूक्रेन युद्ध के दुष्परिणामों और व्यापक आर्थिक मंदी से लेकर विकासशील देशों को प्रभावित करने वाले गंभीर ऋण संकट तक जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की पृष्ठभूमि में देखें तो कोविड-19 महामारी के कारण तात्कालिक आपदा शमन प्रयासों से दशकों की विकास संबंधी प्रगति में भारी बाधा पड़ी है। ऐसे में सतत विकास को लेकर भारत का विजन ही इस वक्त की जरूरत है, जो कि वैश्विक अंतर्संबंधों, साझा जिम्मेदारी और एक सर्कुलर इकोनॉमी में निहित है।

इस मिशन को उभारने के लिए भारत जी-20 की अपनी अध्यक्षता की थीम के तौर पर वसुधैव कुटुम्बकम या एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य को अपना रहा है। एक प्राचीन संस्कृत पुस्तक महाउपनिषद् से ली गई ये फिलॉसफी 2014 में भारत की डिप्लोमैटिक विश्वदृष्टि में दिखती है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के अपने ऐतिहासिक संबोधन में विश्व परिवार की बात की थी। उस समय प्रधानमंत्री जी-4 गठबंधन के लिए एक बड़ी भूमिका का आह्वान कर रहे थे, और वे इस नीति को निल बटे सन्नाटा के तौर पर न देखने की जरूरत पर बल दे रहे थे। आज, ये संदेश पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक बना हुआ है। क्योंकि मानवता आज तक के अपने सबसे बड़े अस्तित्व के खतरे से जूझ रही है। वो है - जलवायु परिवर्तन का विनाशकारी व्यापक असर। भारत को उम्मीद है कि अपनी थीम से वो दुनिया भर के नेताओं और वैश्विक नागरिकों को ये याद दिलाएगा कि सबसे छोटे सूक्ष्मजीव से लेकर सबसे बड़े सभ्यागत इकोसिस्टम तक, जीवन के तमाम रूप परस्पर जुड़े हुए हैं। और ये कि कैसे ये साझा भविष्य, एक बराबर जिम्मेदारी और व्यक्तिगत हस्तक्षेप को जन्म देता है। भारत का जी-20 वाला लोगो ऐसी ही फिलॉसफी की बात करता है। कमल, जो कि देश का राष्ट्रीय फूल है और विपत्तियों के बीच भी विकास का प्रतीक है, उसमें बैठी पृथ्वी की छवि, दरअसल जीवन को लेकर भारत की प्रो-प्लैनेट अप्रोच की बात करती है। इसके लोगो में केसरिया, सफेद और हरे रंग का शानदार मिश्रण दरअसल विविधता और समावेश के सिद्धांतों को दर्शाता है जो कि उसके सांस्कृतिक लोकाचार को रेखांकित करता है। भारत लंबे समय से सार्वभौमिक सद्भाव और सहयोग का वाहक रहा है और आगे भी रहेगा। लाइफ (पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल) की अवधारणा इन सिद्धांतों के साथ निकटता से जुड़ी हुई है। नवंबर 2021 में ग्लासगो में सीओपी-26 में प्रधानमंत्री ने इसका परिचय कराया था। पिछले महीने, इस मिशन को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेज़ की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री द्वारा गुजरात की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर इसे लॉन्च किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि कुल मिलाकर इस आंदोलन का मकसद जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई को लोकतांत्रिक बनाना है जिसमें हर कोई अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दे सकता है। सामाजिक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर, खपत और उत्पादन के पैटर्न में बदलाव को ध्यान में रखते हुए, लाइफ से उम्मीद है कि वो दुनिया भर में बड़े पैमाने पर पर्यावरण के लिहाज से टिकाऊ प्रथाओं को प्रोत्साहित करेगा। जी-20 की अध्यक्षता में भारत को अपने सामंजस्यपूर्ण दर्शन और प्राचीन सभ्यता संबंधी उन परंपराओं को दिखाने का मौका मिलेगा जिन्होंने पीढ़ियों-पीढ़ियों से पृथ्वी के साथ अपने समग्र संबंध को कायम रखा है। टिकाऊ प्रथाओं का समृद्ध इतिहास भारत को एक ऐसे विशिष्ट स्थान पर रखता है जहां वो जलवायु और विकास एजेंडे को एकीकृत करने के बारे में बात कर सके।

डिजिटल मोर्चे की बात करें तो भारत मिसाल कायम करते हुए नेतृत्व करने को तैयार है। इसकी डिजिटल कामयाबी की कहानी खुद-ब-खुद बोलती है। टेक्नोलॉजी प्रेरित समाधानों के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में उसका बुनियादी भरोसा, कई प्रमुख क्षेत्रों पर ज्यादा बड़ा ध्यान दिला सकता है। ये प्रमुख क्षेत्र हैं - पब्लिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, वित्तीय समावेशन और कृषि से लेकर शिक्षा तक टेक्नोलॉजी युक्त विकास। भारत एक ऐसा देश है जहां रियल टाइम डिजिटल लेनदेनों की दुनिया में सबसे बड़ी संख्या (2022 तक 48 बिलियन) है, और जो सबसे बड़ी बायोमेट्रिक आईडी सिस्टम (आधार) का घर है। वो डिजिटल वित्तीय समावेशन, डिजिटल पहचान और सहमति आधारित ढांचों के इर्द गिर्द बातचीत को आकार देने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थिति में है। इसके अलावा, भारत अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी नतीजे देने के लिए प्रतिबद्ध है। इनमें महिला सशक्तिकरण, 2030 एसडीजी की दिशा में तेजी से प्रगति, कई क्षेत्रों में तकनीक आधारित विकास, हरित हाइड्रोजन, आपदा जोखिम में कमी, खाद्य सुरक्षा और पोषण को बढ़ाना, और बहुपक्षीय सुधार आदि शामिल है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि ऋण संकट भारत की जी-20 मुद्दों की सूची में शुमार होगा, ऐसे में ये स्पष्ट है कि ये मुल्क ग्लोबल साउथ के हितों के लिए एक प्रभावी झरोखा बनने को तैयार है और वो विकसित दुनिया की अलग-थलग चिंताओं को व्यापक एजेंडे पर हावी होने नहीं देगा। इस क्षेत्र और दुनिया भर में भारत की एक मजबूत राजनीतिक उपस्थिति है। इसके साथ भारत के पास दुनिया के लिए एक ज्यादा समावेशी, शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य की मध्यस्थता करने हेतु अपने भारी राजनयिक रसूख का लाभ उठाने का अवसर है। साथ में उम्मीद है कि वन अर्थ. वन फैमिली. वन फ्यूचर की अपनी थीम और लोगो के साथ भारत जी-20 की अध्यक्षता से एक विलक्षण, शक्तिशाली संदेश देगा। वो ये कि - अब हम सभी के लिए वक्त आ चुका है कि हम कदम उठाएं और इस साझे ग्रह की जिम्मेदारी लें।

# दुनिया कर रही फ्रॉड या हम?

**अजय दीक्षित**

भारत में सब कुछ एक्ट ऑफ फ्रॉड कैसे है इसे समझना हो तो अलग अलग क्षेत्र में भारत की रेटिंग देखे। एक-दो क्षेत्रों को छोड़ दें तो हर जगह भारत की रेटिंग नीचे जा रही है। लेकिन हर बार भारत उस अंतरराष्ट्रीय रेटिंग को खारिज कर देता है। हर बार भारत की ओर से कहा जाता है कि रेटिंग तैयार करने का तरीका गलत है या भारत को बदनाम किया जा रहा है। एक तरफ मोदीजी के नाम पर दुनिया में भारत का डंका बजने का दावा है तो दूसरी ओर यह रोना-धोना है कि दुनिया हमको बदनाम कर रही है! सोचें, सारी दुनिया के नेता मोदीजी के प्रिय दोस्त हैं फिर भी पता नहीं कौन भारत को बदनाम करता रहा है?

पिछले दिनों दुनिया की दो प्रतिष्ठित संस्थाओं ने कुपोषण और भूख का सूचकांक तैयार किया, जिसमें भारत की रैंकिंग 107वीं पहुंच गई। पिछले साल यह रैंकिंग 101 पर थी। सोचें, 120 देशों की सूची में भारत 107वें नंबर पर है। दक्षिण एशिया में एक अफगानिस्तान को छोड़ दें तो भारत सभी देशों- नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि से पीछे है। इसी तरह यूनेस्को ने एक सर्वेक्षण के बाद बताया है कि भारत में 73 फीसदी माता-पिता अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में नहीं पढ़ाना चाहते हैं क्योंकि उनकी शिक्षा का स्तर बहुत खराब होता है। सोचें, शिक्षा के क्षेत्र में भारत ने पिछले 75 साल में क्या हासिल किया है? जो सक्षम हैं वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाते हैं और बहुसंख्यक लोग सरकारी स्कूलों में बहुत खराब शिक्षा हासिल करते हैं। इस पैमाने पर भी भारत दक्षिण एशिया में अफगानिस्तान के करीब है। बाकी देश भारत से काफी आगे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से दुनिया भर के देशों का मानव विकास सूचकांक तैयार किया जाता है। पिछले दिनों 191 देशों की सूची जारी हुई, जिसमें 2021-22 में भारत 132वें स्थान पर रहा। चीन 79वें स्थान पर है। मार्च में लोकतंत्र की स्थिति को लेकर एक रिपोर्ट जारी हुई और दुनिया के देशों की सूची बनी, जिसमें भारत 93वें स्थान पर रहा। लोकतंत्र की स्थिति में दक्षिण एशिया में भारत का स्थान पाकिस्तान से जरूर ऊपर रहा लेकिन नेपाल, श्रीलंका और भूटान से नीचे रहा। प्रेस की आजादी की रैंकिंग में इस साल भारत 150वें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले साल भारत की रैंकिंग 142वीं थी, लेकिन 2022 में आठ स्थान और गिर कर यह 150वें स्थान पर पहुंच गया है। मानवाधिकारों की स्थिति में 162 देशों की सूची में भारत 111वें स्थान पर है। दुनिया भर के देशों में धार्मिक आजादी की स्थिति का आकलन करने वाली अमेरिकी संस्था यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडम ने भारत को चिंता वाले देशों में रखा है। भारत अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, उत्तर कोरिया और सऊदी अरब की श्रेणी में रखा गया है। पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने यानी प्रदर्शन के लिहाज से भारत दुनिया के 180 देशों की सूची में सबसे नीचे है। इसे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने तैयार किया है। हेनली पासपोर्ट रैंकिंग में भारत 83वें स्थान पर है।

मजेदार बात है कि भारत की ओर से इस तरह के हर सर्वेक्षण को, हर रैंकिंग को खारिज कर दिया जाता है। लेकिन अमेरिका की एक संस्थान मॉर्निंग कंसल्ट सिर्फ दो हजार लोगों से बातचीत करके एक सूचकांक जारी करता है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर साल सबसे लोकप्रिय नेता चुने जाते हैं। उसे भारत उछलते हुए मानता है। सोचें, संयुक्त राष्ट्र संघ की एजेंसियों, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, अमेरिकी सरकार आदि की रिपोर्ट को तो फ्रॉड बता कर खारिज करते है लेकिन मॉर्निंग कंसल्ट नाम की एक निजी कंपनी के सर्वे का भारत में प्रचार होता है। तभी सवाल है कि दुनिया जिस रैंकिंग पर यकीन करती है, उसे हम खारिज करते हैं तो क्या पूरी दुनिया फ्रॉड कर रही है और हम सच्चे हैं या दुनिया सच्ची है और हम फ्रॉड कर रहे हैं?

## शब्द सामर्थ्य -247

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 246 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |




# आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** आपका दिन सामान्य रहेगा। बोलने से पहले थोड़ा सोचें। आज कोई समाचार मिल सकता है। कारोबार में विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। संतान और स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। गुस्सा नियन्त्रित हो तो जिन्दगी में शुकुन ही शुकुन सिद्ध होगा। समय का सदुपयोग करना सबसे बेहतर रहेगा। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)** कम बोलें पर अच्छा बोलें। आज कई स्त्रोतों से धनलाभ संभव है। घर-परिवार की चिंता से तनाव रहेगा। निजी कार्यों से भागदौड़ अधिक होगी। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा हो सकती है।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)** समय की अनुकूलता का आभास होगा। बड़े सौदों के लिए समय शुभ है। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त है।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** आज पसंदीदा भोजन का आनंद मिलेगा। दोस्तों के साथ यात्रा होगी। नौकरी में परिश्रम निरर्थक होगा। आप की लापरवाही से लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। विवाह प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** दिन की शुरुआत में आलस की अधिकता रहेगी। करियर के प्रति निर्णय लेने में संकोच रहेगा। धन प्राप्ति सुगमता से होगी। यात्रा सफल रहेगी। न्यायपक्ष मजबूत होगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यस्थल परिश्रम अधिक होगा। बुजुर्गजनों को पुरानी व्याधि से कष्ट होगा। कीमती वस्तुएं संभाल कर रखें।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** नई व्यापारिक योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। राजकीय सहयोग मिलेगा, उन्नति होगी। अपनों से मनमुटाव हो सकता है।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** अपनी जिम्मेदारी को समझें। गृहस्थ सुख मिलेगा। आज धनलाभ होगा। व्यवसायिक प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। आलस्य की अधिकता से कार्यों में विलंब होगा। संतान के विवाह के लिए किये प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)** अपनी बातों से लोगों का दिल जित लेंगे। संतान के लिए समय अनुकूल है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। स्वजनों के साथ पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)** आज का दिन प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। आज की गई यात्रा-निवेश सफल रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी, जोखिम न लें। कारोबार के विस्तार के लिए धन संग्रह करेंगे।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)** मनोबल बढेगा, न चाहते हुए भी फालतू खर्च बढ़ सकता है। मामूली चोट, विवाद आदि से हानि हो सकती है लेकिन ध्यान रखें तो सामान्य रहेगा सब कुछ। कुसंगति से बचें, जोखिम न लें। तीर्थयात्रा संभव है। परिवार के प्रति सजग रहेंगे। गाय सेवा हर दृष्टि से लाभकारी होगी।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)** रोजगार के लिए उत्तम समय है। आज किया निवेश शुभ रहेगा। स्वजनों के साथ पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा। काम की अधिकता रहेगी। झूठ बोलने से बचें। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शुभ समाचार प्राप्त होगा। दान धर्म फलदायी होगा।

# एनएच 83 के फोरलेन का निर्माण धीमा तय समय पर काम पूरा होने पर संदेह



**जागृति संवाददाता, जहानाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के महत्व की महत्वपूर्ण सड़क एनएच 83 के काम को अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही है। जिस तरह से फिलहाल एनएच के फोरलेन बनाने का काम चल रहा है, इससे ऐसा स्पष्ट रूप से प्रतीत हो रहा है कि इस दफे भी निर्धारित अवधि में इस अति महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण शायद ही पूरा हो सकेगा। मालूम हो एनएच 83 के चल रहे फोरलेनिंग के काम को अगले साल जनवरी या फरवरी तक पूरी करने के लिए अवधि तय कर दी गई है। गनीमत है कि हाईकोर्ट निर्माण को लेकर लगातार नजर बनाए हुए है। अगर हाईकोर्ट की नजर एनएच 83 के निर्माण पर नहीं होती तो यहां एनएचएआई के द्वारा अधिकृत होने वाली एजेंसियों का जो रवैया है, उससे तो अगले तीन चार साल में भी इस सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो पाता। हालांकि हाईकोर्ट के साथ वर्तमान जिला प्रशासन की पैनी नजर भी उक्त एनएच के निर्माण पर लगी है। जिलाधिकारी रिची पांडेय खुद पूरे मामले की नियमित रूप से मानिटरिंग कर रहे हैं।

**मुआवजे के भुगतान की हो रही है नियमित मॉनिटरिंग** – भूअर्जन के जटिल पेच से लेकर रैयतों के मुआवजे भुगतान की नियमित मानिटरिंग हो रही है। सदर प्रखंड के चार मौजों मसलन सेनवन, सलेमपुर, कोड़ौना व मुठेर में भूअर्जन की फंसी पेंच को भी जिला प्रशासन ने दूर कर निर्माण एजेंसी को काम के लिए रास्ता साफ कर दिया है। जिलाधिकारी रिची पांडेय के अनुसार उक्त चारो मौजों में भूअर्जन को लेकर आ रही सारी बाधाओं को दूर करने के अलावा एनएच में पड़ने वाले पक्के निर्माण को भी हटा कर साफ कर दिया गया है। बावजूद काम की गति अपेक्षित नहीं दिख रही है। खासकर जहानाबाद शहर के पश्चिमी इलाके से गुजर रहे बाइपास के निर्माण को अब भी अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही है। एनएच 110 पर भागीरथबीघा के समीप फ्लाईओवर का काम भी अपनी ही सद्गति से चल रहा है।

**7 वर्ष पहले पीएम मोदी ने किया था शिलान्यास** – हर वर्ष बोधगया आने वाले साउथ इस्ट एशिया के हजारों पर्यटकों के यात्रा हित में 2015 में पीएम मोदी ने शिलान्यास किया था। तब शायद किसी को ऐसा अहसास नहीं होगा कि शिलान्यास के काम को भी एनएचएआई के अधिकारी व एजेंसियां व ठेकेदार उसे सात वर्ष में भी पूरा नहीं कर पाएंगे।

**डीएम ने दिया जनवरी तक काम पूरा करने का अल्टीमेटम** – डीएम लगातार एनएच 83 के काम के प्रगति का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर जाकर फिर परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूर्ण करने का आदेश दिया है। उन्होने पैकेज वन के तहत सेवनन, सलेमपुर, मुठेर एवं कड़ौना चारो गांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एनएच 83 के निर्माण कार्य के प्रगति का समीक्षा कर काम में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी। उन्होने परियोजन के मैनेजर टेक्निक, एनएचएई गया तथा साईट इंजीनियर एवं संवेदक को निर्देश दिया गया कि आगामी 30 नवम्बर तक जो भी जमीनी स्तर का कार्य हैं, उसे पूरा प्राकलन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कर जनवरी, 2023 तक हर हाल में काम को पूरा करें।

## मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजनः 27.96 करोड़ का ऋण वितरण

**राजगीर।** इंटरनेशनल कन्वेंशन हॉल राजगीर में बुधवार को उद्योग विभाग द्वारा मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कई बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर युवा उद्यमियों सहित अन्य लोगों के बीच 27 करोड़ 96 लाख रूपये का ऋण वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक श्रीकांत सिंह ने कहा कि युवाओं के बीच नए-नए रोजगार करने के लिए ऋण वितरण किया जा रहा है। ताकि युवा उद्योग के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें और खुद रोजगार कर दूसरे लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकें। नए रोजगार के लिए ऋण दिया जा रहा है। साथ ही सरकार की तरफ से भी लाभुकों को अनुदान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बैंक से जो भी ऋण लेते हैं, वह समय अनुसार चुकता कर दें। ताकि आने वाले समय में और भी रकम बढ़ाकर आपको दिया जा सके। मध्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राना रणवीर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जो योजनाएं चलायी जा रही है वह काफी महत्वपूर्ण है। इन योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ सकते हैं। बैंक पूरी तरह आप लोगों की मदद करती है। किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो बैंक से मिलें।

## युवा महोत्सव का रंगारंग आगाजः समाज के समग्र व विकास के लिए युवाओं का सशक्त होना जरूरी



**जागृति संवाददाता, जहानाबाद।** स्थानीय सांसद चांदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि समाज व देश के तीव्र विकास के लिए युवाओं का सशक्त होना बेहद जरूरी है। वे बुधवार को यहां जिलाधिकारी रिची पांडेय व तीनों विधायक सुदाय यादव, राम बली यादव व सतीश कुमार के साथ टाउन हॉल में दो दिवसीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन से युवाओं को प्रेरित कर रहे थे। सांसद ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश तो है हीं, यहां के युवा दुनिया में सबसे ज्यादा प्रतिभाशाली भी माने जाते हैं। सांसद श्री चंद्रवंशी ने कहा कि आज दुनिया की बड़ी कंपनियों को हमारे समाज व देश के युवा ही चला रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि युवा विकास के मिशन को हर स्तर पर आगे बढ़ाया जाए। उनकी सरकार युवाओं के विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही हैं। इसके पहले डीएम ने सांसद व तीनों विधायकों को गमला में पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया और जल, जीवन हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में गांधी स्मारक उच्च विद्यालय के छात्राओं द्वारा आगत अतिथियों को स्वागत गान के साथ स्वागत किया गया। इसके पहले बिहार गीत गाकर बिहार गौरव का अहसास कराया गया। सभी ने बिहार गीत के गायन बिहार के सम्मान में खड़ा हो एक साथ सुर में सुर मिलाया।

**युवा महोत्सव के प्लेटफार्म के सहारे राष्ट्रीय स्तर तक चमकने का मौका : जिलाधिकारी** – डीएम ने कहा कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार के निर्देश पर युवा महोत्सव आयोजित कर युवाकों को एक बेहतर प्लेटफार्म दिया गया है जिससे वे अपनी बहुमुखी प्रतिभा को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर निखार सकें। डीएम ने प्रतिभागियों को अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देने का आवाहन करते हुए कहा कि वे अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन से जिले को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में शीर्ष स्थान प्राप्त करें। उसके बाद वहां से चयनित होकर वे राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में जहानाबाद जिला कला एवं संस्कृति में अपना उत्कृष्ट योगदान देकर परचम लहराएं। डीएम ने कहा कि युवा महोत्सव का मकसद युवाओं की विभिन्न विधाओं की प्रतिभा को निखारकर उसे बड़ा प्लेटफार्म मुहैया करना है। आयोजन का मकसद ग्रामीण स्तर तक छुपे प्रतिभा को देश के सामने लाने के लिए किया जाता है। समारोह में उपस्थित सांसद व विधायकों ने सभी प्रतिभागियों को अपने कला के माध्यम से जिले एवं राज्य की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढाने को प्रेरित किया।

## चोरों ने किराना दुकान को बनाया निशानाः 25 हजार नगद समेत कई सामान ले उड़े, मामले की जांच में जुटी पुलिस



**जागृति संवाददाता, जहानाबाद।** जहानाबाद नगर थाना क्षेत्र के बभना गांव में किराना की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया लगभग नगद रुपया समेत 40000 मूल्य की संपत्ति चोरों ने चुराया लिया। बताया जाता कि राजेश कुमार नामक व्यक्ति इस गांव में किराना का दुकान चलाता है। बुधवार की शाम दुकान बंद कर अपने घर चला गया जब गुरुवार के सुबह दुकान पर आया तो देखा कि 25000 नगद एवं किराना दुकान के कई सामान चोरों ने चुरा लिया है। जैसे ही गांव वालों को इस बात की सूचना मिली बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। इस घटना की सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश पुलिस को भी झेलना पड़ा जब मौके पर पुलिस पहुंची तो ग्रामीण पुलिस को सही ढंग से पेट्रोलिंग नहीं करने का आरोप लगाया लोगों ने कहा कि पुलिस द्वारा सक्रिय नहीं रहने के कारण चोरों द्वारा इस घटना का अंजाम दिया गया है। ज्ञात हो कि जिले में चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। चोरों द्वारा सुनसान इलाकों को अपना निशाना बनाता है। लगता है कि चोर दिन में रेकिंग करते हैं और रात में घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है इस घटना में जो लोग भी शामिल होंगे उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लेकिन जिस तरह से चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है इससे व्यापारियों में भय व्याप्त हो गया है। लोगों का कहना है कि बंद दुकानों को चोरों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। इससे व्यापार करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ।पुलिस प्रशासन अगर उन लोगों पर कार्रवाई नहीं किया तो आने वाले दिन में व्यापार करना काफी मुश्किल हो जाएगा।

### नालंदा में लगेगा एक दिवसीय जॉब कैंप

# जिला नियोजनालय के द्वारा किया जाएगा आयोजन, 11 नवम्बर को लगेगा कैंप




**जागृति संवाददाता, नालंदा।** जिला नियोजन पदाधिकारी, नालंदा से प्राप्त सूचना के अनुसार श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय नालंदा द्वारा 11 नवंबर दिन (शुक्रवार) को संयुक्त श्रम भवन, प्रखंड कार्यालय परिसर, बिहारशरीफ में एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैंप में Barbeque Nation Hospitality Ltd. के द्वारा भाग लेने हेतु सूचित किया गया है। इस जॉब कैंप में एन0सी0एस0 पोर्टल (जिला नियोजनालय,नालंदा) पर निबंधित पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी दोनों भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं अतः नियोजन की शर्तों के लिए वे ही जिम्मेवार होंगे। नियोजनालय इस जॉब कैंप के लिए सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा, यह रोजगार कार्यशाला बिल्कुल निःशुल्क है। नालन्दा श्रम अधीक्षक ने कहा कि इस तरह का आयोजन समय-समय पर जिला नियोजनालय के द्वारा कराया जाता रहा है। विगत महीनों में भी कई युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध जिला नियोजनालय के द्वारा कराया गया। आगे भी इस तरह के कैम्प का आयोजन होता रहेगा।

### गया में शादी का झांसा देकर यौन शोषण

## शादी की बात पर दहेज में 30 लाख की डिमांड, पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार



**जागृति संवाददाता, गया।** शादी का झांसा देकर लंबे समय से दुष्कर्म किए जाने मामले में महिला थाने में एक केस दर्ज हुआ है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के नाम पर गुलशन कुमार ने एक से बढ़ कर बहाने बना कर यौन शोषण किया है। पीड़िता ने इस मामले में गुलशन कुमार के माता-पिता और उसकी बहन के विरुद्ध गाली-गलौज व धमकी दिए जाने के साथ ही 30 लाख रुपए बतौर दहेज की मांग किए जाने का केस दर्ज कराया है। गुलशन कुमार रेल कर्मी बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल किसी की इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। महिला थानाध्यक्ष रवि रंजना का कहना है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल सारे तथ्य जुटाए जा रहे हैं। साथ ही कार्रवाई भी की जाएगी। पीड़िता का कहना है कि बीती 17 मई को गुलशन कुमार बहला- फुसला कर डेल्हा थाना क्षेत्र में ले गया। वहां से वह गोदावरी स्थित एक मकान में ले गया। मकान के एक कमरे में उसने हमें बिठाया। उस कमरे में पहले से ही रमेश नाम का एक युवक मौजूद था जो कमरे से तुरंत बाहर चला गया। इसके बाद गुलशन कुमार कमरे में आया और कमरे का दरवाजा बंद कर तमाम प्रकार का प्रलोभन देते हुए शादी करने की बात कही। साथ ही उसने शादी के नाम पर उसी कमरे में संबंध भी बनाए। इसके बाद हम दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती रही। इस बीच जब भी शादी की बात की गई तो गुलशन बहाने बनाने लगा। यही नहीं हमारे माता पिता जब गुलशन कुमार के यहां गए तो उसके माता-पिता और उसकी बहन हमारे माता-पिता को धमकाने लगे। गाली गलौज भी की । साथ ही में यह भी कहा कि शादी करनी है तो दहेज में 30 लाख रुपए देने होंगे। पीड़िता चंदौती थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वहीं आरोपी मोहनपुर थाना क्षेत्र के लखयपुर का रहने वाला है।

### नालंदा में नदी किशारे मिला युवक का शव

## प्रेम प्रसंग में हत्या का लगा आरोप घर से बुलाकर ले गया था हत्यारोपी

**जागृति संवाददाता, नालंदा।** नालन्दा में प्रेम प्रसंग के चलते बीती रात एक युवक की हत्या कर शव को नदी किनारे फेंक दिया गया। मृतक की पहचान पावापुरी ओपी क्षेत्र के चोरसुआ गांव निवासी बिंसवर दास के 34 वर्षीय पुत्र सुधीर दास है। घटना के संदर्भ में परिजन ने बताया कि सुधीर कुमार कारपेंटर का काम करता था। बीती शाम 7 बजे काम खत्म कर अपने घर पहुँचा। तभी लालू नगर निवासी रंजीत मांझी उसे बुला कर घर से ले गया इसके बाद सुनियोजित तरीक़े से हत्या कर शव को नदी किनारे फेंक दिया। परिजनों का आरोप है कि हत्यारोपी की पत्नी के साथ युवक का प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसी के कारण बीती शाम घर से बुलाकर रंजीत मांझी अपने साथ ले गया और खिलाने पिलाने के बाद मारपीट कर गला दबा हत्या कर दी और शव को चोरसुआ नदी किनारे लाकर फेंक दिया। घटना का खुलासा गुरुवार की सुबह हुई जब ग्रामीण शौच के लिए नदी किनारे गए हुए थे तब उन्हें युवक का शव दिखाई पड़ा। इसके उपरांत पुलिस को घटना के संदर्भ में सूचना दी गई। पावापुरी ओपी प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रेम प्रसंग के कारण युवक की हत्या की गई है। कुल 3 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है घटना के बाद हत्यारोपी घर से फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है। शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

### नालंदा में चलंत लोक अदालत का होगा आयोजन

## 17 से 19 नवंबर तक चलेगा कार्यक्रम, विवादों और मुकदमों का होगा ऑन द स्पॉट निपटारा

**नालंदा।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार नालंदा के माध्यम से जिले के तीनों अनुमंडलों में 17 से 19 नवंबर तक निर्धारित स्थल और अलग-अलग तारीख को चलंत लोक अदालत शिविर का आयोजन किया जाएगा। चलंत लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण, दीवानी, दुर्घटना से संबंधित मुआवजा, फौजदारी (जघन्य अपराध को छोड़कर) आदि से संबंधित मुकदमों का निस्तारण त्वरित गति से शिविर स्थल पर ही उसी दिन किया जाएगा। मुकदमों का निस्तारण आपसी सुलह, मध्यस्थता के माध्यम से बिना किसी न्यायिक शुल्क के किया जाएगा। ऐसे में चलंत लोक अदालत द्वारा निस्तारित मुकदमों का फैसला अंतिम होगा। इस फैसले के विरुद्ध कोई अपील मान्य नहीं होगा। 17 नवंबर (बृहस्पतिवार) को विधिक सेवा सदन, व्यवहार न्यायालय बिहार शरीफ* में थाना क्षेत्र-बिहार शरीफ, लहेरी, मानपुर, रहुई, नूरसराय, वेना, हरनौत, अस्थावां, दीपनगर, सोह सराय, सरमेरा, सारे एवं बिंद से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। 18 नवंबर (शुक्रवार) को अनुमंडल कार्यालयकैम्पस, राजगीर* में थाना क्षेत्र- राजगीर, नालंदा, छबीलापुर, सिलाव, वेन, गिरियक एवं कतरी सराय से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। 19 नवंबर (शनिवार) को ब्लॉक कैंपस, हिलसा* में थाना क्षेत्र-नगरनौसा, तेल्हारा, कराय परशुराय, हिलसा, चिकसौरा, चंडी, थरथरी, खुदागंज, एकंगरसराय, परवलपुर एवं इस्लामपुर से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

## युवक का शव बरामदः परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप, छानबीन में जुटी पुलिस



**जागृति संवाददाता,जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र के हाटी गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बगल के बगीचे से एक युवक का शव बरामद हुआ है। दरअसल गांव के लोग गुरुवार की सुबह बगीचे की तरफ गए तो देखा कि एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इस शव की पहचान सुजीत कुमार उर्फ कन्हैया नामक युवक के रूप में किया गया है जो हाटी गांव का निवासी बताया जाता है।

**बुधवार से लापता था युवक ।** घटना की सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को दी गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि हाटी गांव निवासी सुजीत कुमार उम्र 30 वर्ष बुधवार की शाम से ही अपने घर से लापता था। वहीं परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गई। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस भी सुजीत कुमार की खोजबीन में लगी हुई थी, लेकिन देर रात तक यह वह नहीं मिला।

**मौके पर पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी** – घटनास्थल से बाइक और सल्फास की गोली भी बरामद की गइ है। लोगों का कहना है कि यह युवक डिप्रेशन में चल रहा था। कई लोगों से भी पैसे की मांग कर रहा था, लेकिन पैसा नहीं मिलने के कारण युवक आत्महत्या कर लिया, लेकिन परिजन का आरोप है कि इसकी हत्या की गई है।

## बैंक का लोन नहीं चुकाने वाला किसान गिरफ्तार

**अंबा।** अंबा थाना की पुलिस ने बैंक का लोन नहीं चुकाने वाले एक किसान को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया किसान गोवर्धन महतो थानाक्षेत्र के सिंहपुर गांव का रहने वाला है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त किसान दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक का ऋण धारक है। बैंक द्वारा उसे लोन चुकाने के लिए कई बार नोटिस भेजा गया लेकिन उसने बैंक का कर्ज नहीं चुकाया। इसके बाद उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक द्वारा ऋण वसूली को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बैंक का ऋण लेकर लंबे समय तक नहीं चुकाने वाले ऋण धारकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पौधरोपण कार्यक्रमःडिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का मना जन्मदिन, राजद नेताओं ने लगाए पौधे



**गया।** सूबे के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का 33 वां जन्मदिन बुधवार को राजद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मनाया। केक काटा, मिठाइयां बांटी और पौधे भी लगाए। सर्वप्रथम डिप्टी सीएम का जन्मदिन गया जिला राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले वरिष्ठ नेता उज्जैर अहमद खान के नेतृत्व में मना। इस बीच नेताओं ने उनके स्वस्थ्य और दीर्घायु जीवन जीने की कामना की। कहा कि श्री यादव असंख्य युवाओं और गरीबों की आकांक्षाओं, आशाओं और विश्वास के प्रतीक तथा बिहार के विकास के प्रति समर्पित है। वे जो कहते है वहीं करते है। महागठबंधन की सरकार बनने के बाद बिहार के नौजवानों को रोजगार मिलना शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव न सिर्फ बिहार बल्कि देश के सबसे लोकप्रिय युवा नेता है। आने वाले दिनों में बिहार में विकास की नई इबारत लिखेंगे। मौके पर राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष मो. आसिर, प्रधान महासचिव सुभाष यादव, जिला प्रवक्ता भंटा पासवान, बुलबुल अंसारी, अमरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ पप्पु, जिला महासचिव रंजन यादव, मो. शाहिद, ज्ञानदत्त प्रजापति, अनिल स्वर्णकार, पप्पु यादव, जावेद अख्तर आदि मौजूद थे। युवा राजद ने डिप्टी सीएम के जन्मदिन पर लगाए पौधे इधर युवा राजद द्वारा भी उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में सिकड़िया मोड़ कैंट एरिया के पास पौधारोपण किया गया, साथ ही केक काट उनके सुखद,खुशहाल एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। मौके पर युवा राजद के मगध प्रभारी विश्वनाथ यादव, युवा राजद जिलाध्यक्ष प्रवीण पासवान, युवा प्रधान महासचिव मुजम्मिल हुसैन, जिला उपाध्यक्ष प्रभात रंजन, जिला महासचिव हैप्पी यदुवंशी, मीडिया प्रभारी कुंदन यादव, बृजेश यादव, मुकदेव यादव, अजय दांगी, पवन वर्मा, छात्र नेता राहुल यादव आदि मौजूद थे।

**दलित बस्ती में बच्चों के बीच बांटे गए कॉपी-कलम** – गुरारू। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के जन्मदिन पर बुधवार को बरमा गांव के महादलित बस्ती बरमा में गरीब बच्चों के बीच कॉपी -कलम बांटे गए। साथ ही बच्चों के बीच ही केक काटकर तेजस्वी यादव का 33 वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया गया।

## इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल मेडिसिन का सम्मेलन राजगीर में

**राजगीर।** इंटरनेशनल कन्वेंशन हॉल में पहली बार इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल मेडिसिन का 28वां राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के सभी राज्यों के 1000 चिकित्सक शामिल होंगे। यह जानकारी प्रेस कांफ्रेंस कर बुधवार को स्वागत समिति के अध्यक्ष डा. श्यामनारायण प्रसाद, आयोजन सचिव डा. सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष डा. धर्मेंद्र कुमार, डा. इंद्रजीत कुमार ने संयुक्त रुप से दी। उन्होंने बताया कि इस बार इतने बड़े पैमाने पर नालंदा को मेजबानी करने का पहली बार अवसर मिला है। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है।

### गया में इस प्रेमी जोड़े की शादी हुई चर्चित

## दोनों की आंखों में रोशनी नहीं, 4 सालों से था प्यार; मंदिर में लिए 7 फेरे



**निज संवाददाता, गया।** गया जिले में एक प्रेमी जोड़े की शादी की चर्चा खूब हो रही है। दोनों की आंखों में रोशनी नहीं है। करीब 4 साल पहले पढ़ाई के दौरान दोनों की दोस्ती हुई थी। फिर शेरघाटी कोर्ट परिसर में बुधवार को दोनों ने शादी रचा ली। इसके बाद मंदिर में सात फेरे लिए। नीरज कुमार और कौशल्या कुमारी की शादी इतनी आसान नहीं थी। परिजनों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। प्रेमी नीरज कुमार के घर वाले इस शादी को लेकर तैयार नहीं थे। दोनों इमामगंज प्रखंड के अलग-अलग गांव के रहने वाले हैं।

**ऐसे हुआ था प्यार** – कौशल्या कुमारी ने बताया कि चार साल पहले भलुहारा कस्तूरबा स्कूल में ब्रेल लिपि से पढ़ाई करती थी। उसी दौरान नीरज से उसकी मुलाकात हुई। नीरज भी वहीं पढ़ाई करता था। धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई। इस बीच नीरज दिल्ली कमाने चला गया। वहां उसे किसी प्राइवेट फर्म में काम मिल गया। वह वहीं काम करने लगा। लेकिन, दोनों के बीच प्यार में कोई कमी नहीं आई। इसके बाद युवक-युवती ने अपने-अपने घरवालों को राजी करना शुरू किया तो नीरज के घरवालों ने नीरज के दृष्टिबाधित होने की वजह से शादी के लिए तैयार नहीं हुए। वे विरोध करने लगे। लेकिन नीरज नहीं माना। इस बीच कौशल्या ने अपने परिजनों को शादी के लिए तैयार कर लिया। सोमवार को दोनों शेरघाटी कोर्ट में पहुंचे यहां कोर्ट मैरेज किया। फिर मंदिर में शादी रचा ली।

**दुल्हन को लेकर दिल्ली जाएगा नीरज** – शादी के वक्त कौशल्या की ओर से उसके घरवाले मौके पर मौजूद थे। वहीं, प्रेमी नीरज का कहना है कि वह एक परिवार का खर्च चला सकता है। उसका कहना है कि वह अपनी दुल्हिनया को दिल्ली ले जाएगा। वहीं, कौशल्या का कहना है कि वह इस शादी से काफी खुश है।

# जगद्गुरु रामभद्राचार्य की मंत्री को नसीहतः सड़क बनवाई यह बड़ी बात नहीं, बक्सर का सांस्कृतिक उत्थान भी हो





**जागृति संवाददाता, बक्सर।** यह कार्यक्रम वास्तव में मेरा है। मेरे को लगता है कि मैं यहां आकर फंस गया हूं। क्योंकि विद्या का आज-कल कोई मूल्यांकन नहीं होता। फिर भी यदि एक व्यक्ति भी विद्या का मूल्यांकन कर ले तो मेरा कथा कहना धन्य हो जाएगा।उक्त बातें राम कथा शुरू करने से पहले पद्म विभूषण जगद्गुरु श्री तुलसी पीठाधीश्वर श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि मुझे देखना यह देखना है कि बक्सर के लिए आपने किया क्या है। इतिहास पूछेगा कि मोदी जी ने आपको दो बार के आपके कार्यकाल में मंत्री बनाया। 10 वर्ष के कार्यकाल में आपने बक्सर के लिए क्या किया। मेरा वक्तव्य जनता को रिझाने के लिए नहीं भारत विरोधियों को रिझाने के लिए। हमें भारत मां की वैभव की चिन्ता है। भारत मां का वैभव राम जी से ही है। भारत में से 'र' निकल जाए तो भात बन जाएगा। लोग खा जाएंगे। एक संकल्प लें लें कि हम तब तक कुछ करके लोगों को विश्वस्त हो जाए कि हमने कुछ किया। यह प्रश्न उठेगा। कोई सड़क बनवा दी यह बडी बात नहीं। बक्सर में सांस्कृतिक उत्थान हो यह जरूरी है। अंत में इस कार्य को पूरा करने के लिए उन्होंने माला भी पहनाया। मेरा मानना है मेरी संकल्पना है कि अश्विनी चौबे अब वृद्ध हो चले हैं। इनके पुत्रों को अब राजनीति में आना चाहिए। यदि इस राष्ट्र को 21 वीं शताब्दी का विकसित राष्ट्र बनाना है तो राम के सापेक्ष राज्य बनाना होगा। उन्होंने चर्चा के दौरान कहा कि अश्विनी चौबे यह बात कर रहे थे कि दूसरी पंचवर्षीय योजना तक सांसद रह चुके हैं। बक्सर के लिए कुछ ऐसा नहीं हुआ जो होना चाहिए था। बक्सर के स्वरूप पर विचार करना पड़ेगा। जैसे भगवान श्री राम की जन्मभूमि पूरे विश्व के क्षितिज पर छा गयी है। वहीं कार्य राम कर्मभूमि के लिए भी करना होगा। हमारा यहीं प्रयास है कि जिस उद्देश्य के लिए यह श्री राम कर्मभूमि न्यास बना है। उन्होंने मंत्री से निवेदन के लहजे में कहा कि उस उद्देश्य को पूरा किया जाए। भीड़ न जुटाया जाए। यहीं मेरी दक्षिणा होगी। उन्होने सांसद के परिवार को नसीहत दी कि तुमलोग ऐसा कुछ करो कि लोग याद रखें कि एक सांसद आया था। आप भागलपुर से आए बक्सर ने आपको स्वीकार किया। दो बार सांसद बनाया। आपका ऋण है। आज समय है विचार करने का। अब हमको कुछ मिथक है पूरा करने का। आपको बक्सर के सेवा करने के लिए भगवान केदारनाथ ने आपको बचाया। जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज ने राम कथा कहते हुए कहा कि अहिल्लावली का बिगड़ा हुआ नाम है अहिरौली। महर्षि विश्वामित्र महामुनी ज्ञानी उन्हें विश्व का मित्र भी कहा गया है। उन्हें पता हो गया था की प्रभु का अवतार हो चूका है। माता अहिल्या के उद्दार और तड़िका का अंत का समय भी आ चुका है। उन्होंने श्रीराम को बुलाने के लिए ही यज्ञ का आयोजन किया और भिक्षु बनकर अयोध्या जाने का निर्णय किया। विश्वामित्र जी के पास अच्छे-अच्छे शस्त्र थे मगर संकल्प के कारण वे शस्त्र का प्रयोग नही कर सकते थे। भगवान वामन ने भिक्षुक बनकर राजाबली से भिक्षा मांगी थी क्या मांगी थी तो पृथ्वी मांगी थी। विश्वमित्र ने सोचा पृथ्वी के पुत्री के पति (सीता) को ही मांग लेता हूं। ऐसा उनके मन मे विचार आया और अयोध्या चल पड़े। मोदी जी से मैं मांग करता हूं कि श्रीरामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किया जाए।

## जीयर स्वामी ने कहाः केवल यज्ञ, पूजा, दान या तप से व्यक्ति को नहीं कहा जा सकता धार्मिक

**बक्सर।** श्री शुकदेवजी महाराज ने राजा परीक्षित को मानव कल्याण के लिए सबसे सहज और सरल उपाय परमात्मा के श्रीचरणों में चिन्तन बताया। जिस अवस्था में जिस व्यवस्था में रहे प्रभु का स्मरण, चिन्तन एवं ध्यान निरन्तर करते रहना चाहिये। शास्त्र में बताया गया है कि दान, तप और ध्यान आत्मा के उद्धार व कल्याण का प्रमुख साधन है। मनुष्य को अपनी मृत्यु को याद करते हुये बचपन, जवानी एवं बुढ़ापा में भगवान का चिन्तन मनन और उनके गुणों का श्रवण हर पल हर क्षण करते रहना चाहिए। शास्त्र में कहा गया है साधक को संकट आने पर, मृत्यु निकट आने पर या अन्त समय आने पर घबराना नहीं चाहिए। भगवान प्रभु नारायण के नाम या (ॐ) जप करते हुये शेष जीवन को बिताए एवं स्मरण करें। भगवान के स्वरुप का स्मरण करे। वेद शास्त्र में बताया गया है कि भगवान के श्रेष्ठ स्वरूप में ( चतुर्भुज ) स्वरूप एक है। स्वामी जी ने इस गूढ़ रहस्य को बताया कि चतुर्भुज का मतलब चार भुजा वाला स्वरूप जिसमें (शंख, चक्र, गदा, पद्म ) ऐसे स्वरूप वाले प्रभु को अपने दिल दिमाग में बैठाकर जप, तप, ध्यान एवं पूजन करना चाहिये।

**हठ करके धर्म करना धर्म नहीं, धर्माभास है** –प्रायश्चित द्वारा हमारा समाधान हो ही जाएगा यह कोई जरूरी नहीं है। हो भी सकता है, नही भी हो सकता है। जिंदगी भर उल्टा पुल्टा काम किया और चार धाम का यात्रा करने से हो जाएगा। केवल यज्ञ से, पूजा से, दान से, तप से व्यक्ति को धार्मिक नहीं माना जाएगा। धर्म के 8 खंबे होते हैं। यज्ञ अध्ययन तप, दान। 8 खंभों में से चार खंभा साझी है। उसे अच्छे लोग भी करते हैं। बुरे लोग भी करते हैं। और चार धर्म का जो खंभा है वह केवल अच्छे लोग ही करते हैं। यज्ञ बाबा विश्वामित्र, वशिष्ठ जैसे अच्छे लोग भी करते हैं और यज्ञ पापी रावण कुंभकरण जैसे लोग भी करते हैं। अच्छे लोग इसलिए करते हैं कि हमारे पास कुछ बल आ जाए कि उपकार करें। बुरे लोग इसलिए करते हैं कि दूसरे को सताएं। अन्य चार धर्म का जो खंभा है वह केवल अच्छे लोग में ही पाया जाता है।

### 20 घंटे जाम में फंसे ट्रक ड्राइवर की मौत

## कुल्हड़िया हाई स्कूल के समीप जाम में फंसे रहने के कारण तबीयत बिगड़ी

**आरा।** कोईलवर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल्हड़िया हाई स्कूल के समीप जाम में फंसे रहने के कारण तबीयत बिगड़ने से एक ट्रक चालक की मौत हो गई। ट्रक चालक की मौत होने के बाद खलासी राहुल कुमार के द्वारा स्थानीय थाना पुलिस टीम को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। मृतक ट्रक ड्राइवर 25 वर्षीय पुत्र अभिषेक सिंह, उत्तर प्रदेश के कबीर नगर जिला के बखिरा थाना क्षेत्र के बखिरा खास संत कबीर नगर निवासी रामसिंह दादरा का पुत्र था। ट्रक में ड्राइवर और खलासी दोनों एक साथ मौजूद थे।खलासी राहुल कुमार ने बताया कि ड्राइवर अभिषेक सिंह की तबीयत एक-दो दिन से खराब थी। लखनऊ से खाद लादकर दरभंगा में उतार कर वह वापस बालू लोड करने के लिए अरवल जिले में घाट पर आए हुए थे। ट्रक पर बालू लोड करने के बाद वह अरवल घाट से बालू लोड कर गाजीपुर जा रहे थे। इसी दरमियान कुल्हड़िया में भीषण जाम में फंस गए। गाड़ी लगभग 20 घंटे तक फंसी रही। उसी बीच ट्रक ड्राइवर की तबीयत अचानक काफी बिगड़ गई। जाम की स्थिति भीषण होने के कारण खुद का इलाज नहीं करा सके। कुछ ड्राइवरों द्वारा खलासी को थप्पड़ भी मार दिया गया। ट्रक खलासी के द्वारा किसी भी तरह से ट्रक को कुल्हड़िया हाई स्कूल तक लाया गया। सुबह होने के बाद जब वह ट्रक ड्राइवर को चाय पीने के लिए उठा रहा था, तब तक मृत्यु हो चुकी थी।

## न्यायाधीश बोलेः बच्चों को कई कानूनी अधिकार हैं, विधिक सेवा से लें मदद



**आरा।** विधिक सेवा दिवस पर बुधवार को विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर सह प्रदर्शनी लगाया गया। यह आयोजन जॉ पॉल हाई स्कूल, धनुपरा में लगाया गया। जिसका उदघाटन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिथिलेश कुमार ने किया। उन्होंने विधिक सेवा के तहत विगत कुछ वर्षों के कार्यो को प्रिंट प्रदर्शनी के के माध्यम से जॉ पॉल हाई स्कूल के बच्चों को दर्शाया और जानकारी दीं। कहा कि बच्चों को कई प्रकार के संरक्षण कानून और बाल अधिकार प्राप्त है। इनके लिये कई विशेष कानून बनाए गये हैं। बच्चों, उनके अभिभावकों व विद्यालय प्रबंधनों को बाल अधिकारों से संबंधित कानूनों की जानकारी होनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने विधिक सेवा दिवस पर कानून से जुड़ी पेंटिंग को विद्यालय प्रांगण में प्रदर्शित किया। बच्चों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी को सचिव मिथिलेश कुमार ने काफी सराहना की। विद्यालय के बच्चों ने विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्यों का स्वागत गान से अभिनन्दन किया। मौके पर जॉ पॉल हाई स्कूल की निदेशक डॉ मधु सिन्हा, प्राचार्य शम्भू नाथ मिश्रा व कई शिक्षक-शिक्षिकाएं थीं।

### संदिग्ध हालत में युवक का शव बरामद

## बुलाई गई फॉरेंसिक टीम, अभी तक नहीं हो सकी है पहचान



**निज संवाददाता, बक्सर।** बक्सर में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में शव बरामद की गई है। पूरा मामला जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है, जहां शव मिलने से सनसनी फैल गई है। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**छानबीन में जुटी पुलिस ।** इस घटना की सूचना पर आसपास के गांव के लोगो की भी भीड़ इकट्ठा हो गई।जिनके द्वारा पहचान करने की कोशिश की गई लेकिन अभी तक पहचान नही हो पाई है।हालांकि मुफस्सिल थाना क्षेत्र में 6 माह में यह तीसरी अज्ञात शव है। दो की अभी तक पुलिस पहचान नही कर पाई है।अब देखना है कि पुलिसिया तंत्र इस युवक की पहचान कर पाती है या अन्य की तरह यह भी अज्ञात बन फाइलों में ठंडा पड़ जाएगा।घटना गुरुवार की सुबह 9 बजे की है। जहां मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृतपुरा गांव स्थित पांच वर्षों से एक बन्द पड़े ईंट के भट्ठे के कर्यालय परिसर में युवक का शव पड़ा था। उस रास्ते खेत की तरफ जा रहे किसानों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद यह बात पूरे गांव में फैल गई और देखते ही देखते घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इक्कठा हो गई। हालांकि युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

**मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है मामला ।** इस पूरे मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार द्वारा बताया गया कि सूचना पर खुद शव वाली जगह पर पहुँच छानबीन प्रारंभ कर दिया गया है। इस घटना की सूचना SP को दे फोरेंसिक टीम की भी मांग की गई है। उसके बाद शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होने कहा कि युवक की पहचान के लिए अन्य थानों को इसकी तस्वीर शेयर की गई है।

# बैठक का आयोजनःफोरलेन व एनएच पर जाम से मुक्ति के लिए बनीं कई नई योजनाएं



**निज संवाददाता, आरा।** आरा से छपरा, कोईलवर से पटना के बिहटा व कोईलवर से सहार तक नासूर बन चुके महाजाम के निदान के लिये तीन जिले के अधिकारियों ने बुधवार को महत्ती बैठक की। कोईलवर थाना में तीन घंटा तक पटना, भोजपुर व सारण के अधिकारियों ने मंथन किया। जाम के कारण व इसके निदान की योजनाएं बनाईं। बैठक में भोजपुर जिले के तरफ से एसडीएम लाल ज्योतिनाथ शाहदेव, एएसपी हिमांशु, पटना जिले के दानापुर के एसडीएम प्रदीप सिंह, पटना (पश्चिमी) के एएसपी राजेश कुमार, सारण जिले के छपरा सदर के एसडीएम अरुण कुमार सिंह, एएसपी भुनेश्वर प्रसाद सिंह, कोईलवर के बीडीओ विजय कुमार मिश्र, सीओ संजय कुमार सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर कमलेश्वर कुमार, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार समेत चांदी, संदेश व बड़हरा थाना के पुलिस अधिकारी मौजूद थे। बैठक में अधिकारियों ने बालू गाड़ियों को लेकर तीनों हाइवे पर जाम और कानून-व्यवस्था, सोन नदी के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध बालू उत्खनन के बारे में मंत्रणा किया। **बैठक के बाद जाम से निदान के लिए बनीं ये योजनाएं** – ▪ छपरा तरफ से संदेश व सहार के बालू खदानों जाने वाली गाड़ियां कोईलवर, धन्डीहा, चांदी होकर आगे जाएंगी। ▪ सकड्डी मोड़ से छपरा जाने वाली गाड़ियों को बाये लेन से जाना होगा। ▪ चेकपोस्ट पर तैनात नया पुलिस-बल नियुक्त होगा। ▪ अतिरिक्त पुलिस-बल की तैनाती होगी, जो जाम के दौरान चेकपोस्ट को मदद करेंगे। ▪ चांदी चौक को अतिक्रमण मुक्त होगा, इसके लिये कोईलवर के सीओ व चांदी के थानाध्यक्ष को आदेश।

**सारण के डोरीगंज में नो-इंट्री हटे, वरना भोजपुर रोकेगा उधर की गाड़ियां ।** बैठक के दौरान भोजपुर के अधिकारियों ने सारण के अधिकारियों से कहा कि सारण जिला में डोरीगंज से वाहनों को इंट्री दी जाये। वहां नो-इंट्री होने से आरा से पटना तक जाम लगता है। अगर सारण में बालू लोड वाहनों को इंट्री नहीं लेने पर डोरीगंज से भोजपुर में आने वाली वाहनों को नो-इंट्री कर दी जाएगी। दोनों जिला में समानुपात वाहनों की आवा-जाही की जाए। तय हुआ कि पटना जिला के बिहटा थाना के आईआईटी के पास लगाए जा रहे नो-इंट्री से निकले गाड़ियों को थोड़े अंतराल पर बिहटा चौरास्ता के रास्ते कोईलवर भेजा जाए। जिससे कोईलवर में वाहनों का दबाब कम हो। तीन साल तक अनेक घोषणाएं। बावजूद लोगों को कोईलवर के महाजाम स्थायी जाम से मुक्ति नहीं मिल सकी।

### बबम-बम-बबम और जय-जयकारा की गूंज

## सिद्धाश्रम में कैलाश खेर ने जगाई शिव की अलख



**निज संवाददाता, बक्सर।** अहिरौली में चल रही सनातन संस्कृति समागम में मंगलवार की रात बैंड कैलासा के साथ पहुंचे कैलाश खेर ने शिव की अलख जगाई। जैसे ही उन्होंने 'शिव का वंदन किया करो, अजी शिव का वंदन किया करो जी..अगड़ बम बबम, बबम बम बबम, बबम बम बबम, बम लहरी...' गाना शुरू किया तो वैसे ही मंच के नीचे श्रोताओं ने झूमना चालू कर दिया। कैलाश खेर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि ऋषि विश्वामित्र की धरती,भगवान वामन की जन्म भूमि, और श्री राम की कर्म भूमि के बक्सरवासियों कितने शुभ काम के बाद इस ऐतिहासिक यज्ञ में आज यह कैलाश राम भक्तों के बीच पहुंचा है। हमें यहां के लिये मंत्री अश्विनी चौबे ने दो तीन महीने पहले यहां के लिए आमंत्रित किया था। ऐसे पहले मंत्री है जो हमसे मिलकर हमें पहले गले लगाया उसके बाद उसके कहा कि मिल गए मेरे भोले, उसके बाद आमंत्रण देते हुए कहा कि आपको बक्सर की धरती पर हो रहे यज्ञ में संगीत की आहुति देने आना है। यह सुनते ही दर्शक जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाने लगे।

### भोजपुर में बच्चे को लेकर विवाद में हुई मारपीट

## चाचा–भतीजा समेत तीन लोगों की पिटाई, छानबीन में जुटी पुलिस



**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर जिले के बिहियां थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव स्थित अमिया टोला में मंगलवार को बच्चे के टॉयलेट करने के विवाद को लेकर चाचा-भतीजे की जमकर पिटाई कर दी गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायलों में बिहिया थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव स्थित अमिया टोला निवासी युगल प्रसाद का 40 वर्षीय पुत्र कलेक्टर प्रसाद और उसी गांव के निवासी संतोष कुमार सिंह का 22 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार सिंह है।

**छानबीन में जुटी पुलिस ।** दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजे है। इधर कलेक्टर प्रसाद ने बताया कि उनका पुत्र प्रिंस कुमार अपने घर के बाहर पेशाब कर रहा था। तभी उनका पड़ोसी सोनू कुमार की बहन उनके बेटे को मारने लगी। जब वह पूछताछ करने गए तो सोनू वहां आ गया और दोनों के बीच तू-तू-मैं-मैं हुई। देखते ही देखते बात बहुत बढ़ गई। जिसके बाद सोनू ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर उनकी जमकर पिटाई कर दी। अपने चाचा को पीटता देख जब उनका भतीजा विशाल कुमार सिंह बीच-बचाव करने गया तो उन लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी कलेक्टर प्रसाद ने सोनू एवं उसके परिवार वालों पर मारपीट करने एवं उनके दुकान के काउंटर में रखे 2 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है।

### बक्सर में अनुराधा पौड़वाल के गानों पर खूब थिरके लोग

## मन मेरा मन्दिर शिव मेरी पूजा...पर मोबाइल की लाइट जला झुमते दिखे श्रोता



**बक्सर।** बक्सर में बुधवार की देर शाम बॉलीवुड के फेमस सिंगर और पद्मश्री अनुराधा पौडवाल पहुंची।जिनके गानों को सुन खूब श्रोता झूमे हाँथ में मोबाइल का लाइट जला काफी देर तक हाँथ हिलाते रहे।भजन संध्या में अपनी आवाज की जादू से लोगों को सम्मोहित कर लिया। दर्शक भक्ति रस और फिल्मी गानों की बहार में ऐसे खोए कि कभी कोई ताली बजाकर, तो कभी कोई उनके सुरों में सुर मिलकर डूब गया।वही बिहार की लोक आस्था का पर्व छठ का गीत 'कांच ही बांस के बहंगिया.. दर्शक तालियां बजाने को मजबूर हो जा रहे थे।

**गायत्री मंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत हुई** – श्रीराम कर्म भूमि न्यास के द्वारा आयोजित शाम में सांस्कृतिक साहित्यिक कार्यक्रम भी एक हिस्सा है।जहां पहले दिन स्थानीय जाने माने कलाकार तो दूसरे दिन कैलास खेर वही इस आयोजन के तीसरे दिन बुधवार की देर शाम अनुराधा पौड़वाल पहुंची।जिन्होंने आयोजित इस प्रोग्राम में शुरुआत गायत्री मंत्र से किया।

**कथा वाचक राम भद्राचार्य की फरमाइश की पूरी** – सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के क्रम में उन्होंने स्टेज पर मौजूद पद्मविभूषण रामभद्राचार्य भी मौजूद रहे।जिनके फरमाइश पर 'ठुमक चलत राम चन्द्र बाजत पैजनिया...गाया।श्रोताओं की फरमाइश पर भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।इसके बाद जैसे ही अनुराधा पौडवाल ने फिल्मी गाने जैसे धीरे-धीरे से मेरी जिंदगी में आना, दिल है कि मानता नहीं, तू मेरी जिंदगी है और जिएं तो जिएं कैसे गानों से सुरों का ऐसा जादू बिखेरा कि लोग बैठे-बैठे ही थिरकने पर मजबूर होने लगे।

### आज बक्सर आएंगे भोजपुरी स्टार निरहुआ

## चंद्रकांता के कुरुर सिंह से पहचान बनाने वाले अखिलेंद्र मिश्रा भी होंगे शामिल





**जागृति संवाददाता, बक्सर।** बक्सर जिले में चल रहे 9 दिवसीय सनातन संस्कृति समागम धीरे- धीरे महाकुम्भ का रूप लेते जा रहा। पूरे दिन जहां कथा व्यासों द्वारा राम और भागवत भगवान की कथा सुन भक्ति के सागर में गोता लगा रहे। वहीं, शाम को होने वाले सांस्कृतिक साहित्यिक कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सुप्रसिद्धि गायक अपने गायकी से देर रात तक लोगों को झुमाने का काम कर रहे। वहीं, आज गुरुवार को चंद्रकांता के कुरुर सिंह से पहचान बनाने वाले अखिलेंद्र मिश्रा और भोजपुरी फ़िल्म स्टार सह आजमगढ़ सांसद दिनेश लाल यादव उर्फ निरहूआ पहुंचेंगे। बक्सर की सुबह से लक्ष्मीनारायण महायज्ञ अग्नि प्रज्वलित करते ही शुरू हो जाएगा।

**दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ और अखिलेंद्र मिश्रा आएंगे** – गुरुवार की शाम चंद्रकांता धारावाहिक से फिल्मी दुनिया मे अपनी पहचान बनाने वाले बिहार के लाल अखिलेंद्र मिश्रा और भोजपुरी इंडस्ट्रीज में भोजपुरी गानों और अपने अभियान से नाम कमाने वाले दिनेश लाल निरहुआ शाम में अपने प्रसिद्ध गानों से लोगो को झुमायेंगे। फिलहाल दिनेश लाल यादव आजमगढ़ भाजपा के सांसद भी है।जिनको देखने और सुनने के लिए लोगों मे काफी उत्साह देखा जा रहा।

**सुबह 9 बजे से 12 बजे भागवत कथा तो 3 बजे राम कथा** – बता दे कि रोजाना की तरह सनातन संस्कृति समागम में गुरुवार की सुबह 9 बजे से वृंदावन से पधारे अन्नताचार्य जी द्वारा भागवत कथा कहेंगे ।वहीं रामानंदाचार्य जी के द्वारा गुरुवार को रामकथा सुनाया जाएगा ।जिसमे कल की कथा में वे विश्वामित्र महामुनि राम लक्ष्मण को अयोध्या से बक्सर लेकर आएंगे।उसके बाद कि कथा होगी।

### बक्सर में बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर

## पुलिस लाइन में तैनात जवान की हुई मौत, मौके से फरार हुआ चालक

**निज संवाददाता, बक्सर।** बक्सर के हुंकाहा गांव के पास बोलेरो ने बाइक सवार पुलिस जवान को टक्कर मार दिया, जिसके बाद पुलिस का जवान 20 फीट ऊपर उछल सड़क पर गिरा और बुरी तरह से जख्मी हो गया। वहीं आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायल जवान को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गम्भीर बताते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। परिजनों घायल जवान को वाराणसी ट्रामा सेंटर लेकर गए, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई, जिसके बाद से ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**इटाढ़ी पुलिस लाइन में थे कार्यरत ।** मिली जनकारी के अनुसार रोहतास जिला निवासी विक्रांत भारती वर्तमान में बक्सर पुलिस बल में तैनात थे और इटाढ़ी पुलिस लाइन में कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि जिला मुख्यालय से बाइक पर सवार होकर शाम में विक्रांत पुलिस लाइन जा रहे थे तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने जोर से धक्का मार दिया, जिससे विक्रांत को गम्भीर चोटे आई।बुधवार की देर रात वराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद से ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

**जांच में जुटी पुलिस ।** उधर,घटना के बाद चालक बोलेरो छोड़ कर फरार हो गया हालांकि, मुफस्सिल थाना पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया है। फिलहाल, बक्सर के पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर व्याप्त है। बताया जा रहा है कि विक्रांत भारती तेज तर्रार सिपाही थे, जो पूर्व में पुलिस अधीक्षक के टीम में रहकर काम कर चुके थे। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार द्वारा इसकी जनकारी देते हुए बतया गया कि बोलेरो के नंबर के आधर पर पुलिस जांच कर रही है।

## एक नजर

### नए डीपीआरओ ने किया पदभार ग्रहण



**धनबाद**। नए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती उर्वशी पांडेय ने आज पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। धनबाद से पूर्व श्रीमती पांडेय चाईबासा में डीपीआरओ के पद पर रही। वहीं निवर्तमान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल चाईबासा की डीपीआरओ होंगी। निवर्तमान डीपीआरओ ने 11 फरवरी 2019 को पदभार ग्रहण किया था। 3 साल और 9 माह के कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई अद्भुत कार्य किए। जिसमें नए प्रेस क्लब भवन का निर्माण कार्य आरंभ कराना, सरस मेला का आयोजन, 2019 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार अभियान, वैश्विक महामारी के दौरान विभिन्न माध्यमों से कोविड-19 से बचाव के लिए जागरूकता अभियान, जिले के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए वृहद स्तर पर विशेष कैंप, नुक्कड़ नाटक, प्रचार वाहन, एलईडी वैन, बैंक मोड़ व सरायढेला में स्थापित विशाल एलईडी स्क्रीन इत्यादि से अभियान चलाना शामिल है।

### उपायुक्त ने की प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप की समीक्षा

**धनबाद**। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने समाहरणालय के सभागार में प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी विद्यालयों के प्राचार्य को एक सप्ताह के अंदर छात्रों की ऑनलाइन प्रविष्टि संपन्न करने, आवेदक छात्र-छात्रा के द्वारा दी गई जानकारी को सत्यापित कर सही प्रविष्टि करने का निर्देश दिया। नई व्यवस्था के तहत कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाएगा। छात्र का बैंक खाता नहीं होने की स्थिति में उनके माता-पिता अथवा अभिभावक के खाते में छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा।

### छात्रों एवं शिक्षकों के बीच रोमांचक फुटबॉल मैच में हुई छात्रों की जीत

**धनबाद**। गुरुवार को बायपास रोड स्थित धनबाद सिटी स्कूल में स्कूल में छात्रों एवं शिक्षकों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के निदेशक डॉ0 आमिर राशिद एवं स्कूल के शिक्षक अजीज फिरोज,अख्तर , उमंग, दीपक,सतीश ,देव , ओम, कल्याण, प्रभकार, सबीर ने भाग लिए एवं कॉमेंटेटर का कार्य सत्येंद्र ने किया। छात्रों की टीम में फैजान, आकिब, अमर कुमार, फरदीन, आसिफ, साहजादा,अमन,जैद, अफ़्फ़न अनवर, सदुल्ला, नूर आलम, उमर एवं जीशान ने भाग लिया। रोमांचक मैच में छात्रों की जीत हुई।

### अजगर निकलने से मचा अफरा तफरी

**झरिया**। पाथरडीह सवार बस्ती निवासी ध्रुव कुमार सिंह के आंगन में 6 फिट का अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। अजगर को यूं खुले में देखकर ग्रामीण भयभीत हो गए। बताया जा रहा है कि एक साल पूर्व में भी अजगर निकला था। वुधवार के देर रात्रि में ध्रुव कुमार सिंह के आंगन में 6 फिट अजगर को देखकर घर के लोगो के होश उड़ गए। कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

### राशन दुकान का शटर तोड़ने के क्रम में एक चोर धराया

**गोमो**। गोमो के खेसमी हनुमान मंदिर के समीप झुनू वर्णवाल की राशन दुकान में चोरी करने के लिए बीती रात लगभग 3 बजे शटर तोडने क्रम में एक युवक को दुकानदारो के सयोग से धर दबोचा गया है। पकडे गये युवक को तोपचाची थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस पडताल में जुटी है।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम सिनीडीह पंचायत भवन में आयोजित

संवाददाता, बाघमारा।

उपायुक्त संदीप सिंह और जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती शारदा सिंह ने सीनीडीह पंचायत भवन में आयोजित "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम मैं बतौर मुख्य अतिथि के रूप मैं उपस्थित होकर संयुक्त रूप से कार्यक्रम शिविर का विधिवत दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। तत्पश्चात धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष ने धनबाद उपायुक्त को बुके देकर स्वागत किया।

साथ ही बाघमारा प्रखंड प्रमुख श्रीमती गीता देवी ने जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती शारदा सिंह को बुके देकर सम्मानित किया। उपायुक्त एवं जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती शारदा सिंह ने कई योजनाओं से आच्छादित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मौके पर विधवा, वृद्धावस्था, निराश्रित एवं निशक्त पेंशन योजना से सुयोग्य लाभुकों को आच्छादित किया गया। स्कूली बालिकाओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से अच्छादित किया गया।

इसके अलावे गोद भराई, ट्राईसाईकिल वितरण, कंबल वितरण, श्रम कार्ड रजिस्ट्रेशन समेत अन्य योजनाओं से लाभुकों को जोड़ा गया। साथ ही धनबाद उपायुक्त और धनबाद जिला परिषद अध्यक्षा ने ग्रामीणों को सरकार की और भी विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक कर, स्टालों पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों को ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ देने व उनकी समस्याओं का निष्पादन करने का निर्देश दिया।



### डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स स्केटिंग में एमकेडीएवी बना उपजेता

**धनबाद**। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में स्केटिंग की क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिता डीएवी कोयला नगर धनबाद में आयोजित थी। इस प्रतियोगिता में एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की बालक वर्ग की टीम ने स्केटिंग प्रतियोगिता में विजेता का खिताब एवं ट्रॉफी अपने नाम कर विद्यालय परिवार एवं पलामू को गौरवान्वित किया।

1000 मीटर की प्रतियोगिता में मन्नत एवं शिवम ने रजत, 300 मीटर में शिवम ने रजत, 500 मीटर में आर्यन ने रजत, 500 मीटर में जयदीप ने कांस्य और शिवम ने रजत पदक प्राप्त किए। ऊंची कूद में परिधि सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

जिसमें शुभम वर्मा ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। सभी विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय की प्रार्थना सभा में दिनांक 10 नवंबर 2022 को विद्यालय के प्राचार्य ने उनके अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित किया।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में 3839 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**धनबाद**। राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में 3839 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। आज कुल 10444 आवेदन प्राप्त हुए।

### प्राप्त आवेदनों की संख्या

गोविंदपुर प्रखंड में 960, तोपचांची 1906, कलियासोल 576, बाघमारा 2237, निरसा 1223, बलियापुर 746, टुंडी 668, एगारकुंड 700, धनबाद 797, चिरकुंडा नगर परिषद 242 व धनबाद नगर निगम में 389 आवेदन प्राप्त हुए।

### प्रखंडवार निष्पादित आवेदनों की संख्या

गोविंदपुर प्रखंड में 68, तोपचांची से 271, कलियासोल 30, बाघमारा 1026, निरसा 655, बलियापुर 376, टुंडी 252, एगारकुंड 319, धनबाद 633, चिरकुंडा नगर परिषद 194 व धनबाद नगर निगम में 15 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन हुआ।

### योजनावार प्राप्त आवेदनों की संख्या

नए ग्रीन राशन कार्ड के 600, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 993, सीएमईजीपी के 8, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के 405, सर्वजन पेंशन योजना के 450, मनरेगा अंतर्गत 5 - 5 योजनाओं के 167, मनरेगा जॉब कार्ड 171, 15वें वित्त आयोग 40, धोती - साड़ी - लूंगी 2061, कंबल 170, किसान क्रेडिट कार्ड 79, भू लगान रसीद के 83, ई-श्रम तथा श्रमाधान पोर्टल पर निबंधन 192, राशन कार्ड को आधार से लिंक करने के 217, धान अधिप्राप्ति 2, फूलो झानो योजना के 104, प्रमाण



पत्रों के लिए 235, बिजली तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं के 67 तथा अन्य 4400 आवेदन प्राप्त हुए।

### योजनावार निष्पादित आवेदनों की संख्या

ग्रीन राशन कार्ड के 196, सावित्रीबाई फुले योजना 15, मुख्यमंत्री पशुधन 16, सर्वजन पेंशन योजना के 167, मनरेगा अंतर्गत 5 - 5 योजनाओं के 29, मनरेगा जॉब कार्ड के 166, 15 वें वित्त 2, धोती - साड़ी - लूंगी के 1776, कंबल 170, केसीसी 1, भू लगान रसीद 2, ई-श्रम एवं श्रमाधान पोर्टल के 172, राशन कार्ड को आधार से लिंक करने के 205, धान अधिप्राप्ति 2, फूलो झानो योजना 41, प्रमाण पत्रों के 163 तथा 716 अन्य मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

## 13 और 14 नवंबर को होगा बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन

संवाददाता, धनबाद।

बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का आयोजन होटल वेडलॉक ग्रीन्स में 13 व 14 नवंबर 2022 को किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर कपड़े, ज्वेलरी, घरेलु सजावट, एस्सेसरीज, फुटवेयर्स, फर्निशिंग सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। इस प्रदर्शनी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदर्शनी के आयोजक व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक संजय अग्रवाल ने बताया कि धनबाद में फैशन और जीवनशैली के बदलते रुझानों का लाभ उठाने के लिए दो दिवसीय प्रदर्शनी में देश के सभी राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, परिधान उपलब्ध होंगे। हमने प्रदर्शनी के इस संस्करण को हमारे आगंतुकों और खरीदारों की मांगों को ध्यान में रखते हुए विशेष




रूप से वेडिंग कलेक्शंस की मांग पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने बताया कि इस बार के प्रदर्शनी में देश भर के बुटिक्स के कपड़े शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में देश भर से 40 स्टॉल्स लगाए जाएंगे।

## ठेकेदारी रंगदारी सहित अन्य मामला को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष



संवाददाता, झरिया।

सुदामडीह थाना क्षेत्र के पाथरडीह मोहन बाजार भाटडी मोड़ के समीप ठेकेदारी रंगदारी सहित अन्य मामला को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष हुआ है। जिसमें एक गुट के द्वारा 5 राउंड की फायरिंग की गई। जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए घायलों का प्राथमिक उपचार मोहन बाजार का स्थानीय निजी नर्सिंग होम में कराया गया।

जहां तीनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए एसएनएमसीएच धनबाद भेज दिया गया था। जिसमें घायल अमर कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई और अन्य 2 घायल सूरज गुप्ता और आजाद चौधरी को पीएमसीएच से भी दूसरे जगह दिखा कर दिया गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा है कुछ लोगों का कहना है कि यहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा हुआ रहता है। आए दिन यहां मारपीट की घटनाएं घटती रहती है। पूर्व में भी यह गोली चलने एवं मारपीट की घटना घट चुकी है और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं जिसके कारण अपराधियों का हौसला बुलंद है। घटना की सूचना पाकर सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार पहुंचे और घटना का मुआयना किया और कहा कि दो गुटों में कल रात्रि को मारपीट की घटना घटी थी। जिसमें गोली चलने की बात सामने आई है। जिसमें तीन युवक घायल हुए हैं उसमें से एक की मौत हो गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही है और अपराधियों की शिनाख्त में लगी हुई है। बहुत जल्द अपराधी पुलिस गिरफ्त में होंगे। वहीं मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## कानूनी सेवा दिवस पर सिविल कोर्ट में लगी प्रदर्शनी, जिला जज बोले- सभी को सामान न्याय दिलाना हमारा उद्देश्य

संवाददाता, धनबाद।

राष्ट्रीय विधिक दिवस के अवसर पर सिविल कोर्ट धनबाद में नालसा के निर्देश पर बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान चार स्टॉल के माध्यम से विभिन्न तरह की कानूनी जानकारी से संबंधित पुस्तकें, पंफ्लेट, चित्र आदि प्रदर्शित किए गए। इनके माध्यम से लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी जा रही है। शिविर का उद्घाटन धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने किया। मौके पर न्यायाधीश ने कहा कि सभी नागरिकों के लिए उचित और निष्पक्ष न्याय प्रक्रिया को सुनिश्चित करने और उस संबंध में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ही हर वर्ष 9 नवंबर को कानूनी सेवा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 1995 में देश में पहली बार भारत के सर्वोच्च न्यायालय की ओर से समाज के गरीब और कमजोर वर्ग की सहायता के लिए कानूनी सेवा दिवस शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि निशुल्क कानूनी सेवा पाने के हकदार लोगों को सभी तरह की मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान की जाती है। कहा कि इस दिन का आयोजन देश के नागरिकों को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत विभिन्न




प्रावधानों और वादियों के अधिकारों से अवगत कराने के लिए किया जाता है। इस दिन प्रत्येक कानूनी क्षेत्र में सहायता शिविर, लोक अदालत और कानूनी सहायता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में धनबाद जेल में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। बुधवार को धनबाद मंडल कारा में निरुद्ध बंदियों के बीच कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित बंदियों को संबोधित करते हुए धनबाद की अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार ने भारतवर्ष के सभी जिलों में निरुद्ध कैदियों के लिए एक नए कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसका नाम हक हमारा भी तो है रखा गया है। इस कार्यक्रम के तहत कैदियों के मुकदमों की स्क्रूटनी की जा रही है। उन्हें उनके मुकदमे से संबंधित सारी जानकारी दी जा रही है। अगर उन्हें अधिवक्ता चाहिए, तो अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत जो कैदी स्वजनों से नहीं मिल पा रहे हैं, उन्हें उनके परिवार के सदस्यों से मिलवाया गया।

## स्टैंड पोस्ट की व्यवसायियों ने कर दी घेराबंदी, पानी को लेकर लोग परेशान

**धनबाद**। कतरास मेन रोड के सामने दुर्गा मार्केट के निकट झमाडा का लगा पानी के स्टैंड पोस्ट को कुछ व्यवसायियों ने घेर दिया है।

किसके आदेश पर व्यपारियो ने स्टैंड पोस्ट को घेरा यह पता नहीं चल पाया है। पता चला है किइस स्टैंड पोस्ट से छाताबाद, केलूडीह सहित सड़क किनारे के दुकानदार गेलेन से पानी भरकर ले जाते थे। लेकिन स्टैंड पोस्ट की घेराबंदी कर दिये जाने से सैकड़ो लोग पानी नहीं ले जा पायेंगे। इससे लोगो मे रोष है। लोगो ने बताया कि यह गलत है। अब लोग कहा से पानी लेंगे। अगर जल्द घेराबंदी नहीं हटाया गया, तो आंदोलन किया जायेगा। नगर निगम कार्यालय व संबंधित विभाग को शिकायत की जायेगी।

## आनंद महतो सड़क दुर्घटना में घायल

**धनबाद**। गुरुवार को मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। सिंदरी - बलियापुर मुख्य मार्ग बी बी एम कॉलेज के समीप राहगीर को बचाने के क्रम में बोलेरो गाड़ी पलट गई। जिसमें आंनद महतो घायल हो गए। त्वरित उनको जालान हॉस्पिटल, धनबाद में भर्ती कराया गया। वहां स्थिति सामान्य हैं, केवल दाहिने जांघ में चोट है। जालान हॉस्पिटल में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, महामंत्री हलधर महतो, हरी प्रसाद पप्पू,मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, श्वेता कुमारी, शीतल दत्ता, भोला चौहान, सुभाष चटर्जी, सुधीर महतो, गणेश महतो, विष्णु महतो, मणिलाल महतो, बादल बाउरी, दिल मोहमद आदि उपस्थित थे।



## दिल्ली से अधिक जहरीली हुई धनबाद की हवा, यही हाल रहा तो सांस लेना भी होगा मुश्किल

संवाददाता, धनबाद।

देश की कोयला राजधानी धनबाद की हवा दिल्ली से भी अधिक जहरीली हो चुकी है। और ना सिर्फ नोएडा, बल्कि धनबाद में प्रदूषण का स्तर दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों के लगभग बराबर हो चुका है। यहां हवा में तेजी से प्रदूषण का जहर घुल रहा है। इसकी भयावहता का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि मंगलवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) की सघनता 234 पर पहुंच गई। पीएम-10 का स्तर औसतन 232.8 और पीएम-2.5 का स्तर 227.7 दर्ज किया गया। स्वास्थ्य के लिहाज से यह स्तर बहुत खतरनाक है। यह राष्ट्रीय मानक 100 माइक्रोग्राम क्यूबिक मीटर (एमजीसीएम) से कहीं अधिक है। बुधवार को धनबाद में एक्यूआइ की सघनता 155 है, जबकि नोएडा के सेक्टर 1 में यह 154 है। अगले कई दिनों तक धनबाद की हवा का यही हाल रहने वाला है।

जानकर हैरानी होगी कि दीपावली के दिन या उसके एक दिन बाद भी धनबाद का एक्यूआइ इतना नहीं रहा। अभी इसके बढ़ने का बड़ा कारण ठंड, हवा में मौजूद धूल कण, गाड़ियों से निकलने वाला धुआं और कोलियरी क्षेत्र में नियमों की अनदेखी कर कोयला ट्रांसपोर्टिंग है। ऐसा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय का मानना है। बोर्ड का कहना है कि ठंड बढ़ने के साथ ही नमी का स्तर एक निश्चित दूरी पर बन जाता है। इसकी वजह से धूल का कण आसमान में बहुत ऊपर नहीं जा पाता है। नतीजतन धूल कण हवा में तैरता रहता है। इसके साथ ही गाड़ियों से धुएं के रूप में निकलने वाला कार्बन डाइऑक्साइड तेजी से बढ़ा है। सिर्फ यही नहीं, कोलियरियों में इधर कोयले की ढुलाई नियमों को ताक पर रख धड़ल्ले से हो रही है। ना तो वाटर स्प्रिंकलर छिड़काव हो रहा है और न ही गाड़ियों को ढंककर ढुलाई की जा रही है।

बोर्ड के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक एक्यूआइ की सघनता यही रहने वाली है। पिछले दो दिनों से धनबाद की हवा प्रदूषित है। मंगलवार को यह स्तर और अधिक बढ़ गया।ऐसे में कोशिश करनी चाहिए कि प्रदूषित वातावरण में न रहें। अपने चेहरे पर फेस मास्क जरूर लगाएं। चेहरे को जरूर कवर करें। बीच-बीच में चेहरे को साफ पानी से धोते रहें। एलर्जी की समस्याएं भी ज्यादा होती है।

हवा में कण का आकार बताता है पीएम- 2.5 व पीएम- 10 । पीएम यानी पार्टिकुलेट मैटर हवा में मौजूद कण और प्रदूषण के स्तर को मापने का एक पैरामीटर है। पीएम-2.5 और पीएम-10 हवा में कण का आकार बताते हैं। आमतौर पर हमारे शरीर के बाल पीएम 50 के आकार के होते हैं। इससे आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पीएम-2.5 कितने बारीक कण होते होंगे। 24 घंटे में हवा में पीएम 2.5 की मात्रा 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। इससे अधिक होने पर स्थिति खतरनाक मानी जाती है। यही कण हवा के साथ हमारे शरीर में प्रवेश कर खून में घुल जाते हैं। इससे शरीर



में कई तरह की बीमारी हो सकती है। पीएम-10 की श्रेणी में हवा में मौजूद सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड,ओजोन, आयरन, मैगनीज, बैरीलियम, निकल जैसे हानिकारक तत्व आते हैं।

## एक नजर

### विदेश में पढ़ाई के अवसर और छात्रवृत्ति पर कार्यशाला

**लखनऊ।** भाषा विश्वविद्यालय में गुरुवार को विदेश में पढ़ाई के लिए करियर के अवसर और छात्रवृत्ति विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन कुलपति प्रो. एनबी सिंह के नेतृत्व में ग्लोबल रीच एजुकेशन के माध्यम से हुआ। संयोजक कौशलेश कुमार शाह एवं डॉ सईद असगर हुसैन रिजवी रहे। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर तृषा मिश्रा एवं प्रतीक गर्ग ने अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा एवं ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के अवसरों और छात्रवृत्ति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विदेश में पढ़ाई के दौरान आने वाली चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। इसके अलावा उन्होंने विदेश में रोजगार के अवसरों की भी विस्तार से जानकारी दी।

### एकेटीयू के 10 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 10 छात्रों का चयन एड्रोसोनिक कन्सल्टिंग कंपनी में बतौर एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर और सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर हुआ है। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र के निर्देशन में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। आठ नवंबर को आयोजित ऑनलाइन टेस्ट में 380 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें से 144 छात्र साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्टेड हुए। कंपनी के सीएमडी मयंक ने टेस्ट में पास छात्रों का ग्रुप डिस्कशन कराया। जिसमें 22 छात्र व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए चुने गये। व्यक्तिगत साक्षात्कार में अंतिम रूप से 10 छात्रों का कंपनी ने चयन किया। अंतिम रूप से चयनित छात्रों को कंपनी चार लाख से छह लाख पचीस हजार रुपये तक के सालाना पैकेज का ऑफर दिया है।

### ग्वालियर-चंबल में पुलिस के लिए सिरदर्द बना डकैत गुड्डा गिरफ्तार

**ग्वालियर/मुरैना।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर-चंबल इलाके मे पुलिस के लिए सिरदर्द बने डकैत गुड्डा गुर्जर को पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। मुठभेड़ के दौरान गुड्डा के पैर में गोली लगी है। गुड्डा ग्वालियर-चंबल इलाके की पुलिस के लिए चुनौती बन गया था और लगातार उसके अपराध बढ़ते जा रहे थे। बीते दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी इस डकैत के सफाए के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए थे, उसी के चलते मुरैना और ग्वालियर की सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई थी। गुड्डा गिरोह के भंवर पुरा घाटीगांव की सीमा पर सक्रिय होने की सूचना मिली थी।

### कर्ज तले दबा परिवार नहीं झेल पाया प्रताडऩा, मजार पर जाकर खा लिया जहर- 5 की मौत

**नवादा।** बिहार के नवादा से सामूहिक आत्महत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आदर्श सोसायटी में एक ही परिवार के 6 लोगों ने जहर खा लिया, जिनमें से 5 लोगों की मौत हो गई। एक लड़की की हालत गंभीर है। मरने वालों में से घर के मुखिया केदार लाल गुप्ता, पत्नी अनिता कुमारी और तीन बच्चे प्रिंस कुमार, शबनम कुमारी और गुडिय़ा कुमारी शामिल हैं, जबकि एक बेटी साक्षी की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे पहले पावापुरी विंस रेफर किया गया था, लेकिन फिर नवादा जिला अस्पताल भेज दिया गया है। वहां भी हालत गंभीर देखते हुए साक्षी को अब पटना रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि परिवार कर्ज में डूबा था और वसूली की प्रताडऩा से परेशान होकर जहर खा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। केदार लाल गुप्ता शहर के विजय बाजार में फल का दुकान चलाते थे और उन पर काफी कर्ज था। मौके पर ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। जहर खाने की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। इस दौरान परिवार के मुखिया केदार लाल गुप्ता की हालत थोड़ी सही थी। उनसे जब पूछा गया कि जहर क्यों खाया तो केदार लाल गुप्ता ने कहा कि परिवार पर 10-12 लाख रुपये का कर्ज था।

## गुजरात में BJP ने 84 MLAs के टिकट काटे

# मोरबी ब्रिज हादसे में पानी में कूदकर लोगों को बचाने वाले को भी टिकट

**एजेंसी, अहमदाबाद।**

गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को पहली लिस्ट जारी की। 180 विधानसभा सीटों में से अभी 160 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल घाटलोढ़िया से चुनाव मैदान में उतरेंगे।

यहां उनके खिलाफ कांग्रेस की एमी यागनिक हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की जगह डॉ. दर्शिता शाह राजकोट पश्चिम से चुनाव लड़ेगीं। वहीं पार्टी ने वर्तमान सरकार में शामिल 5 मंत्रियों का भी टिकट काट दिया है। इनमें राजेंद्र त्रिवेदी और प्रदीप परमार जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं।

### रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा को टिकट

मोरबी में भाजपा ने मौजूदा विधायक बृजेश का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पूर्व विधायक कांतिलाल अमृतिया को टिकट दिया है। मोरबी पुल हादसे के वक्त कांतिलाल लोगों की जान बचाने के लिए मच्छू नदी में कूदे थे। उन्होंने जल्द रेस्क्यू के लिए वीडियो भी पोस्ट किया था। रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा को जामनगर उत्तर से टिकट दिया गया है।

### कांग्रेस से आने वाले इन नेताओं को दिया टिकट

प्रद्युमन सिंह जडेजा (अबडासा), कुवरजी बावड़ियां (जसदन), जवाहर चावडा (मानावदर), हर्षद रिबडीया (विसावदर), भगा बारड ( तालाला), अश्विन कोटवाल (खेडब्रह्मा), जीतू चौधरी (कपराडा) को बीजेपी से टिकट दिया गया है। ये सभी नेता 2017 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे। अब बीजेपी की ओर से मैदान में हैं।

### पहली लिस्ट के अहम चेहरे...

1. घाटलोडिया-CM भूपेंद्र पटेल
2. गांधीधाम-मालतीबेन माहेश्वरी
3. राजकोट पश्चिम-दर्शिता शाह
4. जामनगर उत्तर-रिवाबा जडेजा
5. विरमगाम-हार्दिक पटेल

लिस्ट पर मोदी-शाह-नड्डा की 3 घंटे मीटिंग... 84 का टिकट कटा

टिकटों के बंटवारे को लेकर



दिल्ली में BJP सेंट्रल इलेक्शन कमेटी (CEC) की बुधवार को मीटिंग हुई थी।

करीब 3 घंटे चली मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह शामिल हुए थे।

मीटिंग में गुजरात की 182 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की गई। सूत्रों के मुताबिक भाजपा ने 84 विधायकों का टिकट काट दिया है, जबकि 75 विधायक को फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। स्पीकर डॉ. निमाबेन आचार्य का भी टिकट कट गया है।

राजकोट की चारों सीट पर पार्टी ने नए चेहरे को उम्मीदवार बनाया है।

### मीटिंग से पहले ही दिग्गजों का चुनाव लड़ने से इनकार

दिल्ली में होने वाली मीटिंग से पहले ही गुजरात के पूर्व CM, डिप्टी CM समेत पांच वरिष्ठ मंत्रियों ने विधानसभा चुनाव न लड़ने का ऐलान कर दिया। इन नेताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल को पत्र लिखकर चुनाव न लड़ने की घोषणा की। शुरुआत डिप्टी CM नितिन पटेल ने की।

फिर पूर्व सीएम विजय रूपाणी, पूर्व गृहराज्यमंत्री प्रदीप सिंह जड़ेजा, पूर्व विधि एवं शिक्षा मंत्री भूपेन्द्र सिंह चूडास्मा एवं पूर्व मंत्री, बोटाद से सौरभ पटेल, प्रदेश अध्यक्ष रहे आरसी फलदू ने भी चुनाव न लड़ने के लिए लेटर लिखा।

## आतंकवाद से प्रभावित बच्चों के लिए एमबीबीएस सीटें आरक्षित करने के केंद्र के फैसले का स्वागत

**एजेंसी, श्रीनगर।**

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद प्रभावित परिवारों के बच्चों के लिए केंद्रीय पूल में एमबीबीएस और बीडीएस की चार सीटें आरक्षित करने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया जा रहा है।

कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने सरकार के इस निर्णय की प्रशंसा की है और कहा है कि इससे बच्चों को चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढने व अच्छे कॉलेजों में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। नालंदा मेडिकल कॉलेज (पटना), गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (चंडीगढ़), लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (नई दिल्ली) और एसएमएस मेडिकल कॉलेज (जयपुर) में एक-एक सीट आरक्षित की गई है। जम्मू और कश्मीर व्यावसायिक प्रवेश परीक्षा बोर्ड के अनुसार आतंकवादी हमलों में अपने माता-पिता या अपने घर के एकमात्र कमाने वाले को खो चुके छात्रों को इस कोटा के लिए पात्र माना जाएगा।

इसी तरह यदि माता-पिता या छात्र स्वयं ऐसे हमलों में घायल या विकलांग हो गए हैं, तो उनको भी इसका लाभ मिलेगा। आरक्षण प्राप्त करने के लिए सामन्य छात्र को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों (एससी / एसटी, ओएससी के लिए 40 प्रतिशत, जनरल-पीडब्ल्यूडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 45 प्रतिशत) के साथ भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और अंग्रेजी में उत्तीर्ण होना चाहिए।

### एक स्वीपर के खिलाफ हुई सत्ता, मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो सीजेआई ने लगा दी सरकार की क्लास

**नई दिल्ली।** स्कूल में काम करने वाले सफाई कर्मचारी को नियमित किए जाने के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी डाली थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने सुनवाई के दौरान तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि आखिर इतनी ताकतवर सत्ता एक सफाई कर्मचारी के खिलाफ अदालत क्यों चली आई। दरअसल मद्रास हाई कोर्ट ने एक फैसला दिया था, जिसके तहत 22 साल से एक स्कूल में काम कर रहे सफाई कर्मचारी को नियमित करने का आदेश दिया गया था। इसके खिलाफ तमिलनाडु की सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थी। अर्जी पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, 'एक शख्स ने स्कूल में 22 साल तक नौकरी की। इन 22 सालों के बाद वह शख्स बिना ग्रैच्युटी और पेंशन के घर लौटता है। यह समाज का सबसे निचला वर्ग है। आखिर कैसे सरकार एक स्वीपर के खिलाफ जा सकती है?

## स्टॉफ की कमी है तो नई भर्ती प्रक्रिया शुरु करें मंथनः अरुण कुमार

**एजेंसी, लखनऊ।**

समस्त अधिकारी व कर्मचारी पूर्ण निष्ठा से कार्य करें तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। वन निगम के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के देय लाभों को समय से उपलब्ध कराएं। यह बातें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)ध्अध्यक्ष वन निगम अरुण कुमार सक्सेना ने कही। वे गुरुवार को उत्तर प्रदेश वन निगम के कार्यालय में वन निगम के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान वन मंत्री ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारीध्कर्मचारी ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ...ा [19:52, 11/10/2022] OP: लखनऊ (आरएनएस)। स्वयं सहायता समूह में कार्य करने वाली महिलाओं में संघर्ष का जुनून है, उनके जज्बे को प्रणाम है। योजनाओं के क्रियान्वयन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है, राशन कार्ड महिलाओं के नाम से बन रहे हैं। अगर खतौनी पुरुषों के नाम है तो घरौनी महिलाओं के नाम है। महिलाएं जागृत एवं शिक्षित होकर परिवार चलाने का बीड़ा उठा लें तो उसे कोई रोक नहीं सकता है। उक्त उद्गार सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जेपीएस राठौर ने व्यक्त किए। वह सहकार भारती, उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूह प्रकोष्ठ की ओर से सहकारिता भवन के चैधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित उन्नयन कार्यशाला में बोल रहे थे। कार्यशाला में सहकारिता मंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ही आत्मनिर्भरता एवं स्वावलंबन का स्वप्न साकार होगा। केंद्र एवं प्रदेश सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से इतनी संख्या में माताएं-बहनें जुड़ रही हैं। यह इस बात का संदेश है कि देश को कोई ताकत आत्मनिर्भर बनने से रोक नहीं सकती। निश्चित रूप से सहकारी संस्थाओं और स्वयं सहायता समूहों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। साहूकारों के चंगुल में फंसे किसानों को छुटकारा मिला है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह को बैंकिंग से जोड़ना होगा।

### मप्र में उपभोक्ता विवादों के निपटारे के लिए महा लोक अदालत 12 नवंबर को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उपभोक्ता विवादों को निपटाने के लिए 12 नवंबर को महा उपभोक्ता लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग की रजिस्ट्रार अलका श्रीवास्तव ने बताया कि भोपाल एवं प्रदेश के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में लंबित प्रकरणों की सुनवाई की जायेगी। आयोग की रजिस्ट्रार ने बताया कि इन महा उपभोक्ता लोक अदालत का आयोजन प्रदेश के भोपाल एवं जिला उपभोक्ता आयोग के कार्यालय में किया जायेगा। मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल एवं प्रदेश के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोगों में लम्बित प्रकरणों की संख्या को ²ष्टिगत रखते हुए 12 नवम्बर को महा उपभोक्ता लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

## 35 साल से फरार हत्या का दोषी गिरफ्तार

**एजेंसी, लखनऊ।**

करीब 35 साल तक गिरफ्तारी से बचने के बाद हत्या का एक दोषी आखिरकार पुलिस के जाल में फंस गया। लखनऊ के दौलतगंज इलाके का निवासी 59 वर्षीय प्रकाश शर्मा उसके सहयोगी राजेंद्र ने मार्च 1985 में जयशंकर मिश्रा नामक शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। मिश्रा की पत्नी सुमन ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। 1987 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। जमानत मिलने पर उसने सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की। बाद में



वह फरार हो गया और दिल्ली में पहचान बदलकर रहने लगा। पुलिस ने बताया कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन प्रहारÓ अभियान के तहत पुलिस ने पहले प्रकाश शर्मा के एक दूर के रिश्तेदार को ट्रैक किया। उसने कोई जानकारी होने से इनकार किया, लेकिन पुलिस ने निगरानी जारी रखी और दोषी के नाम पर खातों से किए गए लेनदेन का पता लगाया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि, जब प्रकाश ने दो लेन-देन किए तो पुलिस की एक टीम ने उसके रिश्तेदार से पूछताछ की। इस पूछताछ में प्रकाश के नए स्थान का पता चल गया। ठाकुरगंज थाने की पुलिस और लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के वेस्ट जोन की सर्विलांस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी वेस्ट जोन चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि प्रकाश 1987 से फरार था। वह दिल्ली में फर्जी नाम से सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर उसे पकड़ लिया।

## निजीकरण के खिलाफ रोडवेज संगठन करेगा आंदोलन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में निजीकरण की आहट और निजीकरण के सम्बंध में जारी कुछ निदेर्शों के उपरान्त निगम के कर्मचारी संघ और सदस्यों मे आक्रोश बढ़ रहा है। निजीकरण के विरोध में परिवहन निगम के लगभग समस्त संगठन एक मंच तैयार कर वृहद आन्दोलन करने की ओर बढ़ रहा है।

उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश के सिंह ने इस निजीकरण के खिलाफ एक बड़ी बैठक बुलाई है। 13 नवम्बर को होने वाली इस बैठक में परिवहन निगम के कर्मचारी संगठन यूपी रोडवेज इम्पलाईज यूनियन, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उ.प्र. रोडवेज मजदूर सभा, सेन्ट्रल रीजनल वर्कशाप कर्मचारी संघ और श्रमिक समाज कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं महामंत्री आमंत्रित किए गए है। राकेश सिंह के अनुसार परिवहन निगम के निजीकरण के विरोध में लगभग सभी संगठन एक मत है। सभी संगठन इस मनमाने और कर्मचारी विरोधी प्रयास के खिलाफ सड़क पर उतरने को तैयार है। प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि संघ के अधिवेशन के दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित अन्य मंत्री गणों ने रोडवेज कार्मिकों उत्थान और संरक्षण का पूरा आश्वासन सदन को दिया था। इसके बाद भी निगम प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों की छोटी छोटी समस्याओं का निपटारा करने की जगह ऐसा कुचक्र रचने का प्रयास शुरू कर दिया गया है कि चंद दिनों मे ही परिहवन निगम निजीकरण की चपेट में आ जाएगा।

## अवैध डेयरी के खिलाफ अभियान में पकड़े दर्जनों पशु

**लखनऊ।** राजधानी के अलग-अलग इलाकों से निरंतर मिल रही निराश्रित पशुओं के आतंक की शिकायतों के क्रम में नगर निगम के कैटल कैचिंग विभाग ने मंगलवार से रात्रि में भी सड़क पर विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं को तथा रोड पर घूमने वाले पशुओं जिनको पशु पालकों द्वारा दूध दुह कर आम रास्तों पर छोड़ दिया जाता है उन्हें पकड़ने का विशेष अभियान प्रवर्तन दल तथा कैटल कैचिंग कर्मचारियों के सहयोग से पशु कल्याण अधिकारी डॉ.अभिनव वर्मा के नेतृत्व मे चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को राजधानी के कुर्सी रोड,भूतनाथ मार्केट,जरहरा रोड,मुंशी पुलिया, हरिहरनगर,सेक्टर-14,23 व 25 इंदिरानगर आदि क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 34 पशुओं जिनमें 2 सांड, 4 बछड़े,7 बछिया तथा 21 गाय को पकड़कर नगर निगम द्वारा संचालित राधा उपवन में निरुद्ध किया गया जो नियमानुसार जुमार्ना लगाने के बाद ही छोड़ी जाएंगी।

डॉ.अभिनव वर्मा के अनुसार नगर निगम द्वारा चलायें जा रहे इस रात्रि अभियान में अब तक कुल 69 पशु पकड़े गए। वहीं,उक्त कार्रवाई रात्रि में पशुओं द्वारा हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने,पशु पालकों को पशुओं को दुह कर मुख्य मार्गों पर छोड़ने की प्रवत्ती पर प्रभाव डालने,नगर निगम लखनऊ को स्वच्छ रखने तथा आम नागरिकों को हो रही असुविधा को खत्म करने के मद्देनजर स्वछता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत की जा रही है। इसके अलावा नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर गुरूवार को भी नगर निगम जोन-7 में गाजीपुर थाना अंतर्गत सेक्टर-11, मॉडल स्कूल के पीछे,सेक्टर-25 इंदिरानगर में अवैध डेयरी हटाने का अभियान पुलिस बल, प्रवर्तन दस्ता तथा कैटल कैचिंग कर्मचारियों के सहयोग से पशु कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया जिसमें मौके पर 12 गाय एवं 2 पड़िया पकड़ी गयीं जो नगर निगम द्वारा संचालित पीजीआई स्थिति कांजी हाउस में निरुद्ध किये गए। वहीं अन्य कई पशु पालक मौके पर अपने पशुओं को लेकर भाग गए।

## धान खरीद में तेजी लाये जाने के निर्देश, राइस मिलर्स का पंजीकरण बढ़ाया जाय

**लखनऊ।** प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि धान खरीद में तेजी लायी जाय। उन्होंने कहा कि क्रय एजेन्सियों द्वारा संचालित किये जा रहे समस्त क्रय केन्द्रों का सतत् निरीक्षण कराया जाये और किसानों की खरीद सम्बन्धी समस्याओं का समय से निराकरण कराया जाय। उन्होंने कहा कि राइस मिलर्स का पंजीकरण बढ़ाया जाय एवं राइस फोर्टिफिकेशन हेतु ब्लेण्डर्स की स्थापना सुनिश्चित कराई जाय। यह निर्देश खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने गुरुवार को बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, धान खरीद एवं भुगतान की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उचित दर दुकानों की रिक्तियों एवं निलंबन की प्रक्रिया की समीक्षा कर, लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाय। लंबित प्रार्थना पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित कराया जाय और जो राशन कार्ड विगत छः-सात माहों में अपना सामान प्राप्त न कर रहे हों, उनके संबंध में विस्थापित एवं मृतक राशन कार्ड धारकों के स्थान पर नए पात्रों का चयन सुनिश्चित करते हुए राशन कार्ड जारी करने की कार्यवाही की जाय। उन्होंने वित्त नियंत्रक को निर्देशित किया कि वे नियमित समीक्षा करते हुए उचित दर विक्रेता, परिवहन एवं लाभांश के लंबित बिलों का तत्परता से भुगतान सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू, अपर आयुक्त अनिल कुमार, अपर आयुक्त अनिल दुबे, अपर आयुक्त अरूण सिंह, वित्त नियंत्रक कमलेंद्र के अलावा विभाग के अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पदोन्नत कारापालों एवं नवनियुक्त उप कारापालों को मिली तैनाती

**एजेंसी, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्डस राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि 16 नवनियुक्त उप कारापालों की तैनाती कर दी गयी है। साथ ही विभाग में कार्यरत पांच उप कारापालों को कारापाल के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है। उन्होने बताया कि इन नव नियुक्त कारापालों एवं पदोन्नत कारापालों को पद रिक्तता के आधार पर तैनाती प्रदान की गयी है। इस संबंध में आवश्यक आदेश विशेष सचिव कारागार श्री राजेश कुमार राय की ओर से 07 नवम्बर, 2022 को जारी कर दिया है। धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि इन नव नियुक्त कारापालों एवं उप कारापालों की तैनाती से जेल प्रशासन के कार्यों में सुगमता आयेगी और उप कारागार का अनुशासन भी बेहतर होगा। उन्होने सभी को बधाई देते हुए कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता एवं निष्ठा से करे। जिससे विभाग का मान-सम्मान बढ़े। नवनियुक्त कारापालों में से श्री अमरजीत सिंह को जिला कारागार उन्नाव, सुरेश बहादुर सिंह को जिला कारागार लखनऊ, कमलेश किशोर मिश्रा को जिला कारागार ललितपुर, राम नरेश को जिला कारागार आजमगढ़ एवं जीवन सिहं को जिला कारागार बरेली में तैनाती प्रदान की गयी है। इसी प्रकार नवनियुक्त उप कारापालों गौरव कुमार को जिला कारागार सोनभद्र, ऋषि राज राय को जिला कारागार लखनऊ, अजित कुमार सिहं को जिला कारागार सुल्तानपुर, कार्तिकेय गुप्ता को जिला कारागार देवबन्द, रतन प्रिया को जिला कारागार वाराणसी, निखिल श्रीवास्तव को जिला कारागार अलीगढ़, श्री सौमित्रदेव त्रिपाठी को केन्द्रीय कारागार बरेली, अंकित कुमार को जिला कारागार आजमगढ़, मैत्रीय शर्मा को जिला कारागार उन्नाव, सुमरा अंसारी को जिला कारागार सीतापुर, पूजा मिश्रा को जिला कारागार मेरठ, स्मिता भाटिया को केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़, विशाल मद्धेशिया को केन्द्रीय कारागार आगरा, शिखर को केन्द्रीय कारागार नैनी, श्री प्रवीण सिंह को जिला कारागार मुरादाबाद एवं तेजपाल को जिला कारागार एटा को उप कारापाल के पद पर तैनाती प्रदान की गयी है।

### 1090 चौराहे से चला डेंगू के खिलाफ महाअभियान -डिप्टी सीएम ने फॉगिंग

**लखनऊ।** शहर में डेंगू के बढ़ते प्रकोप के खिलाफ अब अकेले नगर निगम ही नहीं बल्कि उसके साथ स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम भी मिलजुलकर कदमताल करती नजर आ रही है। गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से वूमेन पॉवर लाइन 1090 चौराहे से साफ-सफाई, फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव का महा अभियान शुरू किया गया। उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने फ्लैग ऑफ करके किया अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर महापौर संयुक्ता भाटिया, मण्डलायुक्त डॉ रौशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व मुख्य चिकित्साधिकारी मनोज अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशनों पर चल रहा विशेष स्वच्छता अभियान

**लखनऊ।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार के निर्देश्न में मण्डल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 10 नवम्बर से 24 नवम्बर 2022 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मंडल के विभिन्न छोटे और बड़े स्टेशनों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों व पर्यवेक्षकों को नामित किया गया है।

गुरुवार को मंडल के गोरखपुर जं., लखनऊ जं., गोण्डा जं., बस्ती और ऐशबाग जं. स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशनों के सभी प्लेटफार्मों पर नल, हाइडेज्ण्ट में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, यात्री प्रतीक्षालयों, विश्रामालयों, शौचालयों में जल आपूर्ति की जांच व साफ-सफाई को सुनिश्चित किया जा रहा है। मंडल की ट्रेनों में बायो-टॉयलेट की कार्यप्रणाली, यात्रा के दौरान कोचों की सफाई के लिये यात्रियों की शिकायतों के समाधान के लिए ओबीएचएस कर्मचारियों की तत्परता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

उक्त स्टेशनों पर खान-पान स्टालों पर उपलब्ध खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं सफाई आदि का निरीक्षण किया जा रहा है। रेल कर्मियों व स्टेशनों पर यात्रियों से संवाद करते हुए स्वच्छता का महत्व एवं इसकी आवश्यकता तथा अनिवार्यता के लिये जागरूक किया जा रहा है। डीआरएम के अनुसार मण्डल के स्टेशनों पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम द्वारा स्वच्छता जागरूकता सन्देशों की लगातार उदघोषा भी करायी जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ज्ञानवापी विवाद पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद में 'शिवलिंगÓ होने के दावे के बाद उस क्षेत्र की सुरक्षा से संबंधित अंतरिम आदेश बढ़ाने के मामले पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 'विशेष उल्लेखÓ के दौरान अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की गुहार स्वीकार करते हुए कहा कि इस मामले में शुक्रवार अपराह्न तीन बजे सुनवाई करेगी। पीठ के समक्ष अधिवक्ता श्री जैन ने संबंधित क्षेत्र की सुरक्षा संबंधी अंतरिम आदेश के 12 नवंबर को समाप्त होने की जानकारी का उल्लेख करते हुए इसे आगे बढ़ाने की अर्जी पर सुनवाई करने की गुहार लगाई। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, हमें एक पीठ का गठन करना होगा। हम कल दोपहर 3 बजे सुनवाई के लिए एक पीठ गठित करेंगे।

# भारत की टी-20 वर्ल्ड कप की सबसे शर्मनाक हार:अब तक हुए 16 सेमीफाइनल में पहली बार कोई टीम 10 विकेट से हारी

एजेंसी, नई दिल्ली।

ये भी कोई क्रिकेट मैच था। गिल्ली-डंडा से भी बदतर। भारत के बैटर पस्त, बॉलर बदहवास, फील्डर या तो दिख नहीं रहे थे, और दिखे भी तो बस गेंद से पिछड़ते हुए। रो-हिट, किंग कोहली, मिस्टर 360 डिग्री, कुंगफू पंड्या, स्विंग का किंग... बस कहने के। बल्ला लेकर 8 खिलाड़ी मैदान पर उतरे, 6 लौट आए, टोटल 168 रन बनाकर। वो भी खींचतान कर। इंग्लैंड के दो बल्ले मैदान पर आए और हर ओवर में तकरीबन 10.62 रन पीटते हुए 16 ओवर में खेल खत्म कर दिया। एलेक्स हेल्स का स्ट्राइक रेट 183 था, रन 86, 4 चौके और 7 छक्के। कप्तान जोस बटलर का स्ट्राइक रेट 163 था, रन 80, 9 चौके और 3 छक्के। टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में हुए टोटल 16 सेमीफाइनल में किसी टीम की ये सबसे बड़ी हार, या सबसे बड़ी जीत है। जीत-हार के लिहाज से एक रिकॉर्ड बना है और एक की बराबरी हुई है। इंग्लैंड ने भारत को हराकर सेमीफाइनल में सबसे अधिक 10 विकेट से जीत का रिकॉर्ड बनाया है। साथ ही सबसे कम ओवर में जीत की बराबरी भी की। टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड ने ही 16 ओवर में श्रीलंका को हराया था। 12 साल पहले, यानी 2010 में। ये मैच वेस्टइंडीज में खेला गया था।

### गेंदबाजी में इंडिया की 3 बड़ी गलतियां

1. अर्शदीप को दूसरा ओवर नहीं देना पावर प्ले में अर्शदीप ने एक ओवर में 8 रन दिए। 4 बॉलर्स में सबसे कम इकॉनमी थी। रोहित ने उन्हें दूसरा ओवर नहीं दिया, जबकि वे शुरुआत में विकेट दिलाते हैं। उन्हें दूसरा ओवर नहीं देना कप्तान के तौर पर रोहित की बड़ी गलती रही।

2. भुवी ने स्विंग नहीं कराई, अक्षर लेंथ में कमजोर भुवनेश्वर कुमार जब पहला ओवर लेकर आए तो उन्हें स्विंग मिल रही थी, लेकिन तीसरी ही गेंद पर रोहित ने पंत को आगे से कीपिंग करने को कहा। यानी भुवनेश्वर के आगे गेंद डालकर स्विंग कराने के चांस एकदम खत्म हो गए। अक्षर पटेल ने ज्यादातर छोटी लेंथ की गेंदें फेंकी, जिन्हें बटलर और हेल्स ने बाउंड्री में तब्दील किया।

3. टीम इंडिया ने लड़ाई भी नहीं की पूरे मैच के दौरान इंग्लैंड ही हावी दिखी। इंडिया बल्लेबाजी के दौरान भी प्रेशर में रही और गेंदबाजी के दौरान। गेंदबाज 10वें ओवर के बाद ही हिम्मत हार गए। लड़ाई का जज्बा



दिखाई नहीं दिया।

### बल्लेबाजी में भारत की 3 गलतियां...

1. केएल राहुल जल्दी आउट दूसरे ही ओवर में केएल राहुल ने क्रिस वोक्स को विकेट दिया। बाहर जाती गेंद को उन्होंने कीपर को थमा दिया। यहीं से दबाव बढ़ गया और पावर प्ले में बल्लेबाजी धीमी रही।

2. रोहित ने जमने के बाद विकेट दिया ओपनिंग करने आए रोहित शर्मा 27 रन बनाने के बाद 9वें ओवर में आउट हो गए। तब जरूरत थी कि वे कम से कम 15 ओवर तक बल्लेबाजी करें।

3. सूर्या का गेमप्लान फेल आदिल रशीद ने बढ़िया गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 20 रन दिए। उनके आखिरी ओवर में सूर्या ने आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश की और आउट हुए। इस ओवर के बाद अटैक करते तो रनरेट भी बढ़ता और दबाव भी न पड़ता।

### हार्दिक का पावर प्ले बेकार गया...

इंडिया की ओर से विराट ने फिफ्टी लगाई और आउट हो गए। हार्दिक जमे हुए थे। उन्होंने 33 गेंदों पर 63 रन बनाए। स्ट्राइक रेट 190 रहा। 4 चौके और 5 छक्के मारे। एक वक्त 150 से कम में सिमटती दिखाई दे रही इंडिया को 168 रन तक पहुंचा दिया। लड़ने लायक स्कोर था पर भारत की खराब गेंदबाजी के चलते हार्दिक की ये पारी बेकार चली गई।

1. बटलर-हेल्स का आक्रामक खेल इंग्लिश ओपनर्स बटलर और हेल्स ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया। हर ओवर में 10 रन मारे और पूरे मैच के दौरान ये रनरेट कभी नीचे नहीं आया। इसके चलते भारतीय गेंदबाज दबाव में आ गए।

2. वोक्स ने केएल राहुल को दूसरे ओवर में आउट किया मार्क वुड चोटिल थे तो खेले नहीं। ऐसे में पूरी जिम्मेदारी क्रिस वोक्स पर थी। उन्होंने जल्दी ही सफलता दिलाई। दूसरे ओवर की चौथी बॉल पर उन्होंने केएल राहुल को 5 रन के स्कोर पर आउट कर दिया। इंग्लैंड यहीं से हावी हो गया।

3. लेग स्पिनर्स रशीद-लिविंगस्टोन ने रनरेट बढ़ने नहीं दिया आदिल रशीद और लियाम लिविंग्स्टोन ने रनरेट को बढ़ने नहीं दिया। रशीद ने 4 ओवर में सिर्फ 20 रन दिए यानी हर ओवर में सिर्फ 5 रन। लिविंगस्टोन ने 3 ओवर में 21 रन दिए यानी हर ओवर में 5 रन।

4. फॉर्म में चल रहे सूर्या को आदिल ने फंसाया फॉर्म में चल रहे सूर्या चौका और छक्का लगा चुके थे,

# सीएएस ने इक्वाडोर को फीफा विश्व कप में खेलने की मंजूरी दी

क्विटो, 10 नवंबर।

इक्वाडोर इस साल के फीफा विश्व कप में खेलने के लिए स्वतंत्र होगा। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) ने फैसला सुनाया कि उसने क्वालीफायर राउंड के दौरान किसी अपात्र खिलाड़ी को मैदान में नहीं उतारा। अदालत ने मंगलवार को कहा, लेकिन सीएएस ने इक्वाडोरियन फुटबॉल फेडरेशन (एफईएफ) पर झूठी जानकारी के साथ एक दस्तावेज जमा करने के लिए 1,00,000 स्विस फ्रैंक का जुर्माना लगाया। 2026 विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान की शुरूआत में इक्वाडोर को भी तीन अंक दिए जाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, चिली महासंघ ने आरोप लगाया था कि पूर्ण पीठ वाले बायरन कैस्टिलो कोलंबियाई होने के बावजूद इक्वाडोर के लिए खेले थे, जिसे विश्व फुटबॉल शासी निकाय फीफा ने सितंबर के फैसले में खारिज कर दिया था। कैस ने कहा कि उसने इक्वाडोर के अधिकारियों की गवाही को स्वीकार किया है कि कैस्टिलो इक्वाडोर का नागरिक था। सीएएस ने कहा, जबकि खिलाड़ी का इक्वाडोरियन पासपोर्ट प्रामाणिक था, उसमें प्रदान की गई कुछ जानकारी झूठी थी। विशेष रूप से, पैनल संतुष्ट था कि खिलाड़ी की तारीख और जन्म स्थान गलत था क्योंकि खिलाड़ी का जन्म 25 जून 1995 को कोलंबिया के टुमाको में हुआ था।



# मलान, वुड को सेमीफाइनल में फिट होने के लिए ज्यादा से ज्यादा समय देने की कोशिश

एजेंसी, एडिलेड।

टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने डेविड मलान और मार्क वुड की उपलब्धता पर अपडेट देते हुए कहा कि टीम दोनों को अधिक से अधिक समय देने की कोशिश कर रही है। गुरुवार को एडिलेड ओवल में सेमिफाइनल के लिए खिलाडि़यों को फिट घोषित किया जाना संभव है।

सिडनी में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड के आखिरी ग्रुप 1 मैच में एक गेंद का पीछा करते हुए बाएं हाथ के बल्लेबाज मलान 15वें ओवर में मैदान से बाहर हो गए। उन्हें इस दौरान शरीर में कुछ खिंचाव महसूस हुआ। दूसरी ओर, वुड ने मंगलवार को अभ्यास में जॉगिंग की, जिससे यह लग रहा है कि वुड को कोई खास चोट नहीं लगी। बटलर ने आगे कहा, हम देखेंगे कि वे कैसे कर पाएंगे। हम उन्हें और समय देने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। जाहिर है, डेविड दूसरे दिन एक छोटी सी चोट के साथ मैदान से बाहर हो गए, वुड में थोड़ी स्टिफनेस है। हमें मेडिकल टीम पर भरोसा है हम उन दो खिलाडि़यों पर भी भरोसा करते हैं। हम उन्हें फिट रहने के लिए जितना हो सके उतना समय देंगे। यह जोड़ी चोट की चिंता के रूप में उभर रही है। साथ ही यह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टायमल मिल्स, तेज ऑलराउंडर क्रिस जॉर्डन और डेविड विली और दाएं हाथ के बल्लेबाज फिल साल्ट जैसे खिलाडि़यों के लिए प्लेइंग इलेवन में आने का रास्ता बना रही है। मैच में भाग लेने के लिए फिट खिलाडि़यों की आवश्यकता है। सभी मैचों में खिलाड़ी हमेशा सौ प्रतिशत नहीं खेलते हैं, लेकिन निश्चित रूप से आपको टीम में अपनी भूमिका को पूरा करने में सक्षम होना चाहिए। टीम में 15 लोग खेलने की तैयारी कर रहे हैं। बटलर ने कहा, पूरे टूर्नामेंट में कठिन चयन हुए हैं। हमारे पास कुछ अच्छे खिलाड़ी हैं, जो अभी तक टूर्नामेंट में नहीं खेले हैं और अगर मौका दिया जाए तो वे अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब हैं। गुरुवार को पहली बार भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 विश्व कप नॉकआउट मैच भी होगा। हम सभी मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह एक शानदार अवसर होने जा रहा है और यही वह समय है, जब आप टीम में एक खिलाड़ी के रूप में शामिल होना चाहते हैं।

# नहीं पता किस टीम के साथ फाइनल खेलेंगे : बाबर

एजेंसी, मेलबर्न।

पाकिस्तान के सुपर 12 में एलिमिनेशन के कगार से वापस लौटने और न्यूजीलैंड को हराकर टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने के बीच कप्तान बाबर आजम ने कहा कि, पता नहीं हम किस टीम के साथ फाइनल मैच खेलेंगे। साथ ही पीसीबी के प्रमुख रमीज राजा ने टीम के विरोधियों पर कटाक्ष किया। भारत गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिडऩे के लिए तैयार है, बाबर से फाइनल में कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच संभावित संघर्ष के बारे में पूछा गया था। दो पूर्व चैंपियन 2007 में उद्घाटन टी20 विश्व कप के एक यादगार फाइनल में भिड़े, थे जिसमें भारत पांच रन से विजयी हुआ था। फाइनल में दोनों पक्षों के बीच फिर से मैच के बारे में पूछे जाने पर, बाबर ने कहा कि उनकी टीम निडर क्रिकेट खेलेगी, चाहे जो भी प्रतिद्वंद्वी शिखर संघर्ष में हो। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत को अभी भी फाइनल में पहुंचने के लिए इंग्लैंड को हराना है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि किस प्रतिद्वंद्वी से टीम का मुकाबला होगा, लेकिन हम 100 प्रतिशत देने की कोशिश करेंगे। जब आप फाइनल में पहुंचते हैं तो आप निडर क्रिकेट खेलने की कोशिश करते हैं। हमने पिछले 3-4 मैचों में जिस तरह की क्रिकेट खेली है, हम उसे जारी रखना चाहेंगे। सेमीफाइनल में बाबर ने 53 रन बनाए, उनके सलामी जोड़ीदार मोहम्मद रिजवान ने 57 रनों की पारी खेली, जब शाहीन आफरीदी ने 4 ओवरों में 24 रन पर 2 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड को मामूली कुल तक सीमित रखने में मदद मिली।

# नेशन्स कप में सविता करेंगी भारतीय महिलाओं की कप्तानी

एजेंसी, बेंगलुरू।

हॉकी इंडिया ने 2022 में पहली बार होने वाले एफआईएच महिला नेशन्स कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा बुधवार को की। एफआईएच महिला राष्ट्र कप अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण आयोजन है क्योंकि यह टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग के 2023-2024 सीजऩ में पदोन्नत किया जाएगा।

भारत को कनाडा, जापान और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल-बी में रखा गया है, जबकि आयरलैंड, इटली, कोरिया और स्पेन पूल-ए में हैं। गोलकीपर सविता पूनिया भारतीय महिलाओं की कप्तानी करेंगी जबकि दीप ग्रेस एक्का उपकप्तान होंगी। युवा फॉरवर्ड ब्यूटी डुंगडुंग इस टूर्नामेंट में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगी। साथ ही अनुभवी मिडफील्डर नवजोत कौर कोविड-19 के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 से चूकने के बाद टीम में लौट आई हैं। सविता के साथ बिछू देवी खरीबम को बतौर गोलकीपर स्क्वाड में शामिल किया गया है, जबकि दीप ग्रेस के साथ गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता और इशिका चौधरी भारतीय डिफेंस का हिस्सा होंगी। मिडफील्ड पर निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, मोनीका, नेहा, सोनिका, ज्योति और नवजोत कौर मोर्चा संभालेंगी। फॉरवर्ड लाइन में डुंगडुंग को वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, नवनीत कौर और संगीता कुमारी का अनुभव मिलेगा। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिलाओं ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 में पदार्पण करते हुए अर्जेंटीना और नीदरलैंड के बाद तीसरा स्थान हासिल किया था। सविता की अगुवाई में टीम नेशन्स कप जीतकर प्रो लीग 2023-24 में जगह बनाने का प्रयास करेगी। भारतीय टीम की कोच जैनेक शॉपमैन ने टीम चयन पर कहा, मैं इस समूह के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। हमारा स्तर बढ़ता जा रहा है। इनमें से 20 खिलाडि़यों को चुनना बहुत मुश्किल था लेकिन मेरा मानना है कि इस टीम के पास अच्छा प्रदर्शन करने का और यह दिखाने का अवसर है कि हम इतने समय से क्या तैयारी कर रहे हैं।

## व्यापार

### एक नजर

#### टोयोटा ने किया सीएनजी सेगमेंट में प्रवेश

**नयी दिल्ली**। यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज सीएनजी सेगमेंट में प्रवेश करने की घोषणा करते हुये टोयोटा ग्लैंजा और अर्बन क्रूजर हाइराइडर के सीएनजी मॉडल उतारे हैं। ई सीएनजी प्रौद्योगिकी के साथ टोयोटा ग्लैंजा की प्रतिस्पर्धी कीमत 843,000 रुपए और ग्रेड जी व एस की कीमत 946,000 रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि टोयोटा ग्लैंजा इस साल के शुरू में लॉन्च किया गया था। अब मैनुअल ट्रांसमिशन में एस एंड जी ग्रेड में सीएनजी रूपांतर के साथ मैनुल ट्रांसमिशन पावरट्रेन के साथ उपलब्ध होगी। इस सेगमेंट में अपनी तरह का पहला अर्बन क्रूजर हाइराइडर भी अब एस एंड जी दोनों ग्रेड में फैक्ट्री फिटेड सीएनजी किट के साथ उपलब्ध होगा। दोनों ग्रेड में मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) पावरट्रेन से युक्त, सीएनजी रूपांतर सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक के साथ-साथ नियो ड्राइव रूपांतर के अतिरिक्त होगा, जो पहले से ही बाजार में उपलब्ध हैं और हैं जिन्हें ग्राहकों से बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। टोयोटा के दोनों मॉडलों में सीएनजी ग्रेड की शुरूआत टीकेएम को टिकाऊ वाहन प्रौद्योगिकी पेशकशों की अपनी सीमा को बढ़ाने के साथ-साथ ग्राहकों के चुनने के लिए पर्यावरण के अनुकूल और किफायती विकल्प प्रदान करने में सक्षम बनाएगी।

#### भारत पेट्रोलियम को दूसरी तिमाही में 304.17 करोड़ रुपये का घाटा

**नयी दिल्ली**। देश की प्रमुख तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में परिचालन से एकल आधार पर 25.95 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,28,332.68 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया जबकि एक वर्ष पूर्व समान तिमाही में यह राशि 1,01,889.19 करोड़ रुपये था। बीपीसीएल ने कहा कि आलोच्य तिमाही में उसे 304.17 करोड़ रुपए का घाटा हुआ जबकि कंपनी ने जुलाई-सितंबर 2021 तिमाही में 2,840.73 करोड़ रुपए का लाभ प्राप्त किया था। वित्त वर्ष 2022-23 की जुलाई-सितंबर तिमाही में परिचालन लाभ घटकर 1,991 करोड़ रुपये दर्ज किया गया जो एक वर्ष पूर्व समान तिमाही में 5,655 करोड़ रुपये था।

#### रुपया 45 पैसे मजबूत

**मुंबई**। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में नरमी की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 45 पैसे मजबूत होकर 81.47 रुपये प्रति डॉलर हो गया। इसी तरह पिछले कारोबारी दिवस रुपया 43 पैसे की तेजी लेकर 81.92 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया था। शुरुआती कारोबार में रुपया 41 पैसे की बढ़त लेकर 81.43 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली की बदौलत 81.23 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि घरेलू शेयर बाजार में आई गिरावट और लिवाली के दबाव में यह 81.62 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक उतर गया। अंत में पिछले दिवस के 81.92 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में यह 45 पैसे मजबूत होकर 81.47 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

# केन्स टेक्नोलॉजी इंडिया लिमिटेड का आईपीओ आज खुला

एजेंसी, अहमदाबाद।

इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) सेवाएं प्रदान करने वाली केन्स टेक्नोलॉजी इंडिया लिमिटेड 10 नवंबर को अपने सार्वजनिक शेयर निर्गम (आईपीओ) को जारी करेगी। केन्स टेक्नोलॉजी इंडिया लिमिटेड (केन्स टेक्नोलॉजी या कंपनी) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि आईपीओ में प्रति शेयर मूल्य 559-587 रुपये के बीच तय किया गया है। जिसके लिए 10-14 नवंबर के बीच आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ में न्यूनतम 25 इक्विटी शेयरों और इसके गुणक में शेयरों के लिए आवेदन किया जा सकता है। कंपनी एक एंड-टू-एंड आईओटी समधान आधारित इंटीग्रेटेड इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनी है जो ईएसडीएम सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी के वर्तमान प्रवर्तक और शेयरधारक ने प्रति इक्विटी 10 रुपये के फेस मूल्य वाला इश्यू 530 करोड़ ( द फ्रेश इश्यू) मूल्य के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू है और बिक्री के लिए 5,584,664 इक्विटी शेयर बिक्री के लिए रखे हैं जिसमें रमेश कुन्हिकन्नन (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर) के 2,084,664 इक्विटी शेयर और फ्रैनी फिरोज ईरानी (इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर और प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर, द सेलिंग शेयरहोल्डर) के 3,500,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। (बिक्री




करने वाले शेयरधारक द्वारा बिक्री के लिए ऑफर, 'ऑफर फोर सेलó फ्रेस इश्यू द ऑफर के साथ है)। रमेश कुन्हिकन्नन एक टेक्नोक्रेट ने 1989 में एकमात्र स्वामित्व के रूप में केन्स टेक्नोलॉजी की स्थापना की थी। उन्हें इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सर्विस उद्योग में 33 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वह कंपनी के प्रमोटर और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। केन्स टेक्नोलॉजीज अपनी परिपच् एम्बेडेड डिजाइन क्षमताओं का उपयोग करके मूल उपकरण निर्माताओं ('ओईएमएसó) को डिजाइन-आधारित इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण प्रदान करने वाली पहली कंपनियों में एक थी। लिस्टेड स्पेस में केन्स टेक्नोलॉजी डिक्शन टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड, सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी लिमिटेड और एम्बर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड के साथ प्रतिस्पर्धा करती है।

# बैंक ऑफ इंडिया के होम लोन की ब्याज दर घटी

एजेंसी, कोलकाता।

बैंक आफ इंडिया का स्टार होम लोन अब 8.30 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वश्रेष्ठ प्रतिस्पर्धी ब्याज दर में शामिल हो चुका है, जिसकी सबसे सस्ती ईएमआई 7.55 लाख रूपये से शुरू होती है। बैंक द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ग्राहक अन्य बैंकों या वित्तीय संस्थानों से अपने वर्तमान होम लोन का स्थानांतरण बैंक ऑफ इंडिया में कर सकते हैं। होम लोन आवेदनकर्ता को एक ओवरड्राफ्ट सुविधा भी मिलता है और वे कम ब्याज दर, आसान नगदी और कर लाभ जैसे तीन व्यक्तिगत लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ जमीन खरीदने या घर बनाने, पुराने या नए फ्लैट खरीदने या मौजूदा फ्लैट/घर की मरम्मत या सुधार करने के लिए उठाया जा सकता है। बैंक ऑफ इंडिया का स्टार होम लोन 30 वर्षों तक लोन चुकाने का समय देता है। यह ग्राहक को ऋण अवधि के दौरान लोन चुकाने के लिए विभिन्न अवधियों में विविध ईएमआई का विकल्प भी प्रदान करता है। इसके लिए कोई पूर्व भुगतान या आंशिक भुगतान शुल्क नहीं लिया जाता है और उधारकर्ताओं को चुकाए गए ब्याज और किस्तों पर कर छूट भी प्रदान की जाती है। ग्राहक को कम ब्याज राशि का भुगतान करना पड़े इसके लिए ब्याज की गणना दैनिक आधार पर की जाती है। बैंक ऑफ इंडिया टॉप-अप और फर्नीचर लोन भी देता है। यह सुविधा बैंक ऑफ इंडिया के सभी शाखाओं में उपलब्ध है और एक आसान और समय पर अनुमोदित प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान की जाती है।

### 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ बिजली संयंत्रों में 25.6 मिलियन टन कोयला

**नई दिल्ली**। समुचित कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये कोयला, बिजली और रेल मंत्रालय करीबी तालमेल के साथ काम कर रहे हैं।

केंद्र सरकार के कोयला मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बिजली और रेल मंत्रालय के सहयोग से बिजली क्षेत्र को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये उसकी नियमित निगरानी की जा रही है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप 31 अक्टूबर के अनुसार स्वदेशी कोयला-आधारित बिजली संयंत्रों में कोयला का अंतिम भंडारण 25.6 मिलियन टन दर्ज किया गया।

# सीतारमण ने सार्वभौमिक हरित बौंड फ्रेमवर्क को किया अनुमोदित

एजेंसी, नयी दिल्ली।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हरित परियोजनाओं के लिए वित्त जुटाने के उद्देश्य से आज देश के सार्वभौमिक हरित बौंड फ्रेमवर्क को अनुमोदित कर दिया। वित्त मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि इस अनुमोदन से भारत के नेशनली डिटरमाइंड कट्रीब्यूशन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में किये गये वादे को पूरा करने में मदद मिलेगी। भारत ने पेरिस संधि के तहत यह वादा किया हुआ है। इस अनुमोदन से हरित परियोजनाओं के लिए वैश्विक और घरेलू निवेश आकर्षित की जा सकेगी। इस तरह के बौंड जारी किये जाने से अर्थव्यवस्था में कार्बन उत्सर्जन को कम करने वाली सरकारी परियोजनाओं के लिए धन जुटाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लासगो में नवंबर 2021 में कोप 26 के दौरान पंचामृत के तहत कदम उठाये जाने के वादे किये थे और यह अनुमोदन भी उसी का हिस्सा है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने चालू वित्त वर्ष के आज बजट में भी इसकी घोषणा की थी। हरित बौंड वित्तीय उपाय है जो पर्यावरण एव जलवायु के अनुकूल वाली परियोजनाओं में निवेश को गति देगा।

### अडानी पोर्ट्स ने इंडियन ऑयल टैंकिंग की 49.38 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**विशाखापतनम**। ट्रांसपोर्ट्र यूटिलिटी कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड ने 1050 करोड़ रुपये में इंडियन ऑयल टैंकिंग लिमिटेड में ऑयल टैंकिंग इंडिया जीएमबीएच की 49.38 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के लिए करार किया है। एपीएसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अडानी ने कहा, इस अधिग्रहण के साथ एपीएचईजेड की तेल भंडारण क्षमता 200 प्रतिशत बढ़कर 36 लाख किलो लीटर हो गई। इससे यह देश की सबसे बड़ी थर्ड पार्टी तरल भंडारण कंपनी बन गई है।

# तंबाकू कंपनी वीएसटी ने दूसरी तिमाही में 22 फीसदी बिक्री वृद्धि

एजेंसी, हैदराबाद।

तंबाकू और सिगरेट निर्माता वीएसटी इंडस्ट्रीज ने 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही में बिक्री में 22 प्रतिशत की वृद्धि और शुद्ध लाभ में 15.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। मुद्रास्फीति के दबाव के बावजूद कंपनी का परिचालन मार्जिन 21.1 प्रतिशत पर रहा, जिससे कुल खर्च में काफी वृद्धि हुई। समीक्षाधीन तिमाही के लिए प्रति शेयर आय (ईपीएस) 59.7 रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 51.7 रुपये थी, जो 15.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। वीएसटी इंडस्ट्रीज ने क्रमिक आधार पर भी अपने कारोबार में सुधार किया। क्यू2 एफवाई23 में, क्यू1 एफवाई23 में 401 करोड़ रुपये के मुकाबले कुल कारोबार 439 करोड़ रुपये था। यह प्रदर्शन दर्शाता है कि पिछली तिमाही में सृजित रिकवरी गति बनी हुई है और अगली तिमाही में इसमें तेजी आने की संभावना है। वीएसटी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आदित्य देब ने कहा- वीएसटी इंडस्ट्रीज ने कमजोर तिमाही में टॉप-लाइन के साथ-साथ बॉटम-लाइन में वृद्धि दर्ज की है।

# चिरंजीवी की वाल्टेयर वीरैया में उर्वशी रौतेला करेंगी एक विशेष गीत



निर्देशक बॉबी कोल्ली की आगामी एक्शन एंटरटेनर वाल्टर वीरैया, जिसमें मेगास्टार चिरंजीवी और रवि तेजा मुख्य भूमिका में हैं, में बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी एक विशेष गीत में नजर आएंगी।
सूत्रों ने पहले खुलासा किया था कि, फिल्म में चिरंजीवी और रवि तेजा दोनों पर एक बड़ी संख्या होगी, जिसे हाल ही में हैदराबाद में शूट किया गया था। अब, सूत्रों का कहना है कि फिल्म में मेगास्टार चिरंजीवी और ग्लैमरस दिवा उर्वशी रौतेला पर एक विशेष गीत भी शूट किया जाएगा।
रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने फुट-टैपिंग नंबर बनाया है जिसका उच्च प्रतिधारण मूल्य होगा। टॉप कोरियोग्राफर शेखर मास्टर ने इस धमाकेदार गाने को कोरियोग्राफ किया है। मेस्त्री मूवीज मेकर्स इस फिल्म को बड़े पैमाने पर प्रोड्यूस कर रहे हैं।
फिल्म में श्रुति हासन चिरंजीवी के साथ नायिका की भूमिका निभा रही हैं। सभी व्यावसायिक सामग्रियों के साथ एक बड़े पैमाने पर एक्शन एंटरटेनर होने के लिए बिल किया गया, यह फिल्म नवीन यरनेनी और वाई रविशंकर द्वारा बड़े पैमाने पर निर्मित की गई है, जबकि जी.के. मोहन सह-निर्माता हैं। आर्थर ए. विल्सन कैमरा क्रैंक करते हैं, जबकि निरंजन देवरामन संपादक हैं और ए.एस. प्रकाश प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। सुष्मिता कोनिडेला कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं। जहां कहानी और संवाद बॉबी ने खुद लिखे हैं, वहीं कोना वेंकट और के. चक्रवर्ती रेड्डी ने पटकथा लिखी है। लेखन विभाग में हरि मोहन कृष्ण और विनीत पोटलुरी भी शामिल हैं।

# साई पल्लवी ने तमिल नृत्य आधारित वेब सीरीज 5678 का ट्रेलर किया जारी

अभिनेत्री साई पल्लवी, जो अपने नृत्य कौशल के लिए उतनी ही जानी जाती हैं, जितनी अभिनय के लिए, ने आगामी वेब श्रृंखला 5678 का एक आकर्षक और अपरंपरागत ट्रेलर जारी किया है, जो नृत्य पर आधारित है। ट्रेलर जारी करते हुए, साई पल्लवी ने कहा, हर बार जब मैं फाइव सिक्स सेवन आठ की गिनती सुनती हूं, तो जुनून, डर और पागलपन का मिश्रण होता है जो मुझे अंधा कर देता है! यह ट्रेलर यादें वापस ले आया! सीरीज में सभी नर्तकियों के लिए मेरा प्यार। मेरे विजय सर, प्रसन्ना जेके, मृधुला और संगीत निर्देशक सैम सी.एस. को। ए.एल. विजय, प्रसन्ना जेके और मृधुला श्रीधरन द्वारा निर्देशित यह वेब सीरीज इस साल 18 नवंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगी। एएल अलगप्पन, हितेश ठाकुर द्वारा निर्मित, यह श्रृंखला प्रतिभाशाली किशोरों के एक समूह की कहानी कहती है। ट्रेलर में बच्चों का एक झुंड दिखाया गया है, जो गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं, लेकिन उन्हें डांस करना पसंद है। वे किसी भी पेशेवर प्रशिक्षण द्वारा समर्थित नहीं हैं। गेटेड कम्युनिटी से बच्चों को अपने कौशल को निखारते हुए देखना, युवा कलाकारों को अपने सपनों का पीछा करते देखना और बाधाओं के खिलाफ लडऩा उनके सपनों को पंख तब मिलते हैं, जब गेटेड कम्युनिटी का एक नया सदस्य केशव उनके साथ जुड़ जाता है। इसको लेकर निर्देशक विजय ने कहा, यह परियोजना मेरे दिल के बहुत करीब है और मेरे लिए खास है क्योंकि मैंने इस पर कुछ अद्भुत लोगों के साथ काम किया है। प्रसन्ना जेके और मृधुला श्रीधरन के साथ काम करना विचारों का एक बड़ा आदान-प्रदान था और 5678 एक संयुक्त उत्पाद है।



# संजय दत्त ने दीपक मुकुट के साथ पहली फिल्म द वर्जिन ट्री के लिए मिलाया हाथ

अभिनेता संजय दत्त ने निर्माता दीपक मुकुट की सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के साथ अपनी अगली फिल्म द वर्जिन ट्री के लिए हाथ मिलाया है। फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है जिसमें सनी सिंह, मौनी रॉय, पलक तिवारी, आसिफ खान और नवोदित बेयॉनिक के लिए लॉन्च वाहन भी शामिल हैं। यह सिद्धांत सचदेव द्वारा निर्देशित और वानुक्ष अरोड़ा और सिद्धांत सचदेव द्वारा लिखित है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, संजय दत्त कहते हैं, मैं उस फिल्म का समर्थन करने के लिए खुश हूं, जिसकी मुझे तलाश थी। यह फिल्म कॉमेडी और हॉरर का सही मिश्रण है, जिसमें ठंड और रोमांच का सही संतुलन है। मैं हमेशा उद्योग में युवा नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना चाहता था और इस फिल्म के साथ हम एक नए निर्देशक को लॉन्च करते हैं। मैं उनके अच्छे समय और आगे की शानदार शूटिंग की कामना करता हूं।अभिनेता-निर्माता की प्रशंसा करते हुए दीपक मुकुट कहते हैं, संजय दत्त सिनेमा की विरासत हैं। उनके रूप में, मुझे कोई ऐसा मिला है जो मेरी अपनी रचनात्मक ²ष्टि पर मेरे साथ संरेखित है।निर्देशक सिद्धांत सचदेव कहते हैं, यह मेरे लिए एक स्वप्निल अवसर है।मैं संजय सर का मुझ पर विश्वास करने के लिए और मेरे ²ष्टिकोण का समर्थन करने के लिए दीपक मुकुट सर का बहुत आभारी हूं। द वर्जिन ट्री, सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्च र्स प्रोडक्शन का निर्माण दीपक मुकुट और संजय दत्त द्वारा किया जा रहा है, जो सिद्धांत सचदेव द्वारा निर्देशित है, जो हुनर मुकुट द्वारा सह-निर्मित है। यह सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट है।



# एक्शन फिल्म में काम करेंगे अहान शेट्टी



बॉलीवुड के माचो हीरो सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी एक्शन फिल्म में काम करते नजर आयेंगे। अहान शेट्टी ने मिलन लुथारिया के निर्देशन में बनी फिल्म 'तड़प से अपने करियर की शुरूआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ तारा सुतारिया नजर आई थीं। अहान शेट्टी अपनी दूसरी फिल्म को लेकर तैयार हैं। उन्होंने दूसरी फिल्म को साइन कर लिया है और अगले साल 2023 की शुरूआत में फिल्म की शूटिंग करने के लिए पूरी तरह हैं। बताया जा रहा है कि यह एक एक्शन फिल्म है और इसे साउथ के फिल्ममेकर द्वारा निर्देशित किया जाएगा। इस फिल्म की शूटिंग पूरे भारत में की जाएगी और एक इंटरनेशनल शेड्यूल भी होगा। इस फिल्म में अहान शेट्टी का किरदार 'द ग्रे मैनÓ के रयान गोसलिंग पर आधारित है। उनकी यह फिल्म साल 2023 के लास्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# ब्रिटिश अभिनेत्री क्रिस्टिना, गुंजन सिंह और अर्शिया स्टारर भोजपुरी फिल्म 'पैक अप' की शूटिंग पूरी



यशी फिल्म्स-अभय सिन्हा प्रस्तुत और पॉल कॉमर्स निर्मित भोजपुरी फिल्म 'पैक अप' की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म की शूटिंग लंदन की हसीन वादियों में हुई है। फिल्म में लंदन का लोकेशन और कहानी भोजपुरी का सामंजस्य दर्शकों को मनोरंजन का नया अनुभव देने वाला होगा। इस फिल्म के निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। निर्देशक प्रेमांशु सिंह ने बताया कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद भी आने वाली है, क्यूँकि इसका कॉन्सेप्ट अलग और नया है। फिल्म की कहानी भोजपुरी के साथ ग्लोबल दर्शकों को भी भाने वाली है। लंदन में शूट होने के बावजूद भी इस फिल्म की आत्मा में भोजपुरी है। कहानी के साथ इस फिल्म का आकर्षण ब्रिटिश अभिनेत्री क्रिस्टीना भी होंगी। यह पहली बार होगा, जब भोजपुरी स्क्रीन पर किसी विदेशी अभिनेत्री की एंट्री हो रही है। वहीं, फिल्म को लेकर गुंजन सिंह का कहना है कि यह फ़िल्म काफी रोचक है और इसकी शूटिंग में हमें खूब मजा आया। क्रिस्टिना प्रतिभाशाली और स्टनिंग एक्ट्रेस हैं। हम लोग सेट को खूब एंजॉय कर रहे हैं। उम्मीद है हमारी केमेस्ट्री और यह फ़िल्म लोगों को खूब पसंद आने वाली है। इस फ़िल्म में गुंजन सिंह,क्रिस्टिना,अर्शिया के अलावा अयाज खान,आदित्या ओझा,अंशुमान सिंह,सूर्या त्रिवेदी,हर्षिता कश्यप,निकिता जायसवाल,करिश्मा सैनी,कोमल सोनी भी मुख्य भूमिका निभा रहे है। फ़िल्म के निर्देशक प्रेमांशु सिंह,डीओपी बासु हैं। पीआरओ रंजन सिन्हा हैं।

# अभिषेक बच्चन, फरहान अख्तर, मनीष पॉल अगले साल करेंगे आईफा की मेजबानी

आईफा के नाम से मशहूर अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी अपने 23वें संस्करण के साथ लौट रहा है और फरवरी 2023 में अबू धाबी में आयोजित की जाएगी। इसकी मेजबानी बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन, मल्टी-हाइफनेट फरहान अख्तर और टेलीविजन स्टार मनीष पॉल करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए, अभिषेक बच्चन ने कहा, मैं वाईएएस द्वीप, अबू धाबी में आईफा के 23 वें संस्करण की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हूं। आईफा मेरे लिए परिवार की तरह है। मैं मनोरंजन करने, प्रशंसकों से मिलने और उनके साथ विश्व स्तर पर जुडऩे के लिए उत्सुक हूं। आगामी संस्करण में सलमान खान, वरुण धवन, करण जौहर, कृति सनोन जैसे बड़े सितारे और कई अन्य लोग भी उपस्थित होंगे। सह-मेजबान फरहान अख्तर ने एक बयान में कहा, आईफा एकमात्र वैश्विक मंच है जिसने दुनिया की यात्रा की है। इसने दुनिया भर से सिनेमा प्रेमियों को करीब से खरीदा है। हमेशा की तरह, मैं आईफा सप्ताहांत के अगले संस्करण की प्रतीक्षा कर रहा हूं और पुरस्कार और इसकी सह-मेजबानी करने के लिए उत्साहित हूं।आईफा 2023 का आयोजन संस्कृति और पर्यटन विभाग - अबू धाबी और मिरल के सहयोग से 9 फरवरी से 11 फरवरी, 2023 तक अबू धाबी के यस द्वीप के एतिहाद एरिना में किया जाएगा। अभिषेक और फरहान के साथ शो की सह-मेजबानी करने वाले मनीष पॉल ने कहा, आईफा के 23वें संस्करण की मेजबानी के लिए एक बार फिर मंच पर आने के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह हमेशा मजेदार होता है और लाइव दर्शकों से हमें जो प्रतिक्रिया मिलती है वह असली है।



# ब्रालेट पहन जब नम्रता मल्ला ने दिखाया अपना कर्वी फिगर



भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस पर बिजलियां गिराने वाली एक्ट्रेस नम्रता मल्ला की लेटेस्ट तस्वीरें धमाल मचाए हुए हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाती है। बोल्ड और सेक्सी अंदाज के लिए जानी जाने वाली नम्रता मल्ला की फोटोज देखकर फैंस बेकाबू हो रहे हैं। नम्रता मल्ला अपनी बोल्ड अदाओं से फैंस को घायल कर दिया है। ग्लैमरस और सेक्सी तस्वीरों को देखकर सोशल मीडिया का पारा हाई है। नम्रता मल्ला ने स्पोर्ट्र्स ब्रा और व्हाइट शॉर्ट्स में काफी अट्रैक्टिव पोज दिए। एक्ट्रेस अपनी हॉटनेस और बोल्ड अंदाज से बड़ी बड़ी एक्ट्रेस को कड़ी टक्कर देती हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म जग्गू की लालटेन में आइटम डांस किया है। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने डीपनेक ब्रा में अपनी क्लीवेज फ्लॉन्ट की। साथ ही नम्रता मल्ला इस आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला की इन तस्वीरों पर फैंस अपना प्यार बरसा रहे हैं। साथ ही तरह तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक्ट्रेस अपनी फिटनेस के वीडियो यूट्यूब पर भी शेयर करती रहती हैं। नम्रता मल्ला के इंस्टाग्राम पर 1.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

# प्रभास और दीपिका की प्रोजेक्ट के ईद पर सलमान की फिल्म से टकराएगी!





साउथ सुपरस्टार प्रभास और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण फिल्म प्रोजेक्ट के पर काम कर रहे हैं। साउथ निर्देशक नाग अश्विन इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसी बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मेकर्स इस फिल्म को 2024 में ईद के मौके पर रिलीज करेंगे, जिसके चलते इसकी टक्कर सलमान खान की फिल्म से होगी। सलमान अभिनीत अली अब्बास जफर की फिल्म भी 2024 में ईद को सिनेमाघरों में आ सकती है।
रिपोर्ट के अनुसार, प्रोजेक्ट के की संभावित रिलीज डेट 10 अप्रैल, 2024 तय की गई है। अगर रिलीज की यह तारीख पक्की नहीं होती है, तो इसे अप्रैल के अंतिम सप्ताह में दर्शकों के बीच लाने का विचार किया गया है। सूत्र ने कहा, आइडिया फिल्म को ईद 2024 के वीकेंड के दौरान लाने का है। यह छुट्टियों से भरा सप्ताह है। इसमें ईद, अम्बेडकर जयंती, तमिल नव वर्ष और राम नवमी सात दिनों के अंतराल में मनाई जाएगी। खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत या अगले साल की शुरुआत तक खत्म हो जाएगी। इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन काम शुरू किया जाएगा। यह वीएफएक्स से भरी फिल्म है, इसलिए इसके पोस्ट-प्रोडक्शन में लगभग एक साल का समय लग सकता है। टीम ने फिल्म में तीसरे विश्व युद्ध का एक काल्पनिक प्लॉट भी शामिल किया है। यही वजह है कि इस प्रोजेक्ट में मेकर्स को अधिक समय लगेगा। अली अब्बास जफर की फिल्म को लेकर सलमान पिछले कुछ समय से चर्चा बटोर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने 2017 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म टाइगर जिंदा है के लिए हाथ मिलाया था। सलमान ने फिल्म के लिए मौखिक तौर पर हामी भर दी है। मेकर्स अगले साल जून में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म को ईद के मौके पर 2024 में रिलीज करने की बात चल रही है।
सलमान की टाइगर 3 अगले साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यशराज फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण किया गया है। इसमें एक बार फिर कैटरीना कैफ उनके साथ नजर आएंगी।
प्रोजेक्ट के एक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसमें एक्शन का भरपूर डोज शामिल होगा। इसमें अमिताभ बच्चन और दिशा पाटनी जैसे सितारे नजर आएंगे। फिल्म में पहली बार दीपिका और प्रभास की जोड़ी दिखेगी। इसका लेखन निर्देशक नाग ने ही किया है। वैजयंती मूवीज फिल्म का निर्माण कर रही है। इस तेलुगु फिल्म को ना सिर्फ हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में, बल्कि अंग्रेजी भाषा में भी बनाए जाने की तैयारी है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक - संजय कुमार सिंह द्वारा, 103 हेमप्लाजा फ्रेजर रोड, पटना-800001 से प्रकाशित एवं अजीमाबाद प्रिंटर्स हाऊस नं: S-47, वाचसपति नगर रोड, कुम्हरार गुमटी, संदलपुर पटना-800006 द्वारा मुद्रित. संपादक : संजय कुमार सिंह,
ई मेल- jagrititimes@gmail.com, mob:-9431202522, ph No:-0612-3261643